शर्मा हार्डवेयर
SHARMA HARDWARE
Sharma Gali, SJ Road
Athgaon, Guwahati-01
98648-02947
70025-06581



E-Paper : www.goodluckpublications.com, • www.vbslive.in
हिंदी दैनिक
गुवाहाटी, नई दिल्ली, शिमला और जम्मू से एकसाथ प्रकाशित


# विकसित भारत समाचार


राष्ट्र निर्माण में प्रयत्नशील

वर्ष : 09 | अंक : 291 | गुवाहाटी | शुक्रवार, 19 मई, 2023 | मूल्य : 10 रुपए | पृष्ठ : 12 | VIKSIT BHARAT SAMACHAR | Regd. RNI No. ASSHIN/2014/



नावों में समुद्री इंजन लगाने के कार्यों का मंत्री परिमल शुक्लबैद्य ने किया अवलोकन पेज 3
रोजगार के लिए युवाओं को तकनीकी प्रशिक्षण जरूरी : नड्डा पेज 4
नगर निकाय चुनाव में भाजपा में सरकारी मशीनरी का दुरूपयोग किया : मायावती पेज 5
राष्ट्रीय सचिव अमृता धवन के आने से पहले गहलोत-पायलट गुट भिड़े पेज 8



পূৰ্বাঞ্চল কেশৰী
(অসমীয়া দৈনিক)
PURVANCHAL KESARI
(ASSAMESE DAILY)
GOOD LUCK PUBLICATIONS
House No. 30, D. Neog Path,
ABC, Guwahati - 781005
Mob: 94350 14771, 97070 14771

Door graph Premium Quality Hinges
S.S. Traders
Suppliers in : All kinds of Door Fittings Modular Kitchen & Accessories, etc.
D. Neog Path, Near Dona Planet ABC, G.S. Road, Guwahati - 05
97079-99344


**सुप्रभात**

*संकट में बुद्धि भी काम नहीं आती है।*

- आचार्य चाणक्य

# रिजिजू से कानून लिया मेघवाल को दिया




**नई दिल्ली ( हि.स. )।** केंद्रीय मंत्री किरेन रिजिजू के स्थान पर अर्जुन राम मेघवाल को कानून मंत्रालय का कार्यभार सौंपा गया है। जबकि किरेन रिजिजू को पृथ्वी विज्ञान मंत्रालय की जिम्मेदारी सौंपी गई। राष्ट्रपति के प्रेस सचिव की ओर से गुरुवार को इस बाबत जानकारी दी गई। प्रेस सचिव अजय कुमार सिंह ने कहा कि राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सलाह पर मंत्रालयों में फेरबदल की अनुमति दी है। राष्ट्रपति भवन की ओर से साझा की गई जानकारी के अनुसार पृथ्वी विज्ञान मंत्रालय का कार्यभार किरेन रिजिजू को सौंपा गया है। जबकि अर्जुन राम मेघवाल को कानून और न्याय मंत्रालय में राज्य मंत्री के रूप में स्वतंत्र प्रभार सौंपा गया। उल्लेखनीय है कि हाल के दिनों में केंद्रीय मंत्री किरण रिजिजू के कई ऐसे बयान थे, जिसमें उन्होंने न्यायपालिका के कामकाज पर प्रश्नचिन्ह लगाए थे। उधर केंद्रीय मंत्रिपरिषद में फेरबदल करते हुए गुरुवार को किरेन रिजिजू की जगह संसदीय कार्य राज्यमंत्री अर्जुन राम मेघवाल को कानून मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) बनाया गया। रिजिजू अब पृथ्वी विज्ञान मंत्रालय का प्रभार संभालेंगे। वहीं कानू मंत्रालय छिने जाने के बाद रिजिजू का पहला रिएक्शन सामने आया है। रिजिजू ने कहा कि कानून मंत्री के रूप में काम करना सम्मान की बात, पृथ्वी विज्ञान मंत्रालय में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सपने को पूरा करने के लिए काम करने को लेकर आशान्वित हूं। रिजिजू ने चीफ जस्टिस डी वाई चंद्रचूड़, अन्य न्यायाधीशों और विधि अधिकारियों को उनके -शेष पृष्ठ दो पर

## किरेन रिजिजू नाकाम मंत्री : विपक्ष

**नई दिल्ली।** कांग्रेस समेत विपक्षी दलों ने गुरुवार को किरेन रिजिजू पर निशाना साधते हुए उन्हें *नाकाम मंत्री* करार दिया जिन्हें गुरुवार को कानून मंत्रालय से हटाकर पृथ्वी विज्ञान मंत्रालय की जिम्मेदारी दी गई है। रिजिजू को कानून मंत्री के पद से हटा दिया गया है और अर्जुन राम मेघवाल को यह जिम्मेदारी दी गयी है। कांग्रेस सांसद मणिकम टैगोर ने रिजिजू को नाकाम मंत्री कहा, वहीं राज्यसभा सदस्य कपिल सिब्बल ने चुटकी लेते हुए कहा कि कानूनों के पीछे के विज्ञान को समझना आसान नहीं है। न्यायिक नियुक्तियों की कॉलेजियम प्रणाली के मुखर आलोचक रहे रिजिजू को आड़े हाथ लेते हुए टैगोर ने ट्वीट किया कि नाकाम कानून मंत्री चले गये। पृथ्वी विज्ञान मंत्रालय में वह क्या कर सकते हैं? उम्मीद है कि अर्जुन राम मेघवाल कानून मंत्री के रूप में गरिमापूर्ण तरीके से काम करेंगे। पूर्व कानून मंत्री सिब्बल ने कहा कि अब -शेष पृष्ठ दो पर

## कोलकाता से पुरी साढ़े छह घंटे में

### पीएम मोदी ने बंदे भारत को दिखाई हरी झंडी



**कटक।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने गुरुवार को ओडिशा में 8,000 करोड़ रुपए से अधिक की रेलवे परियोजनाओं की शुरुआत की और राज्य की पहली वंदे भारत एक्सप्रेस को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। यह ट्रेन पुरी को पश्चिम बंगाल के हावड़ा से जोड़ेगी। इस अवसर पर प्रधानमंत्री मोदी ने वीडियो कांफ्रेंस के माध्यम से लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि वंदे भारत एक्सप्रेस आधुनिक भारत और आकांक्षी -शेष पृष्ठ दो पर

## चलती कार में दुष्कर्म, चार आरोपी गिरफ्तार

**कोकराझार।** असम के कोकराझाड़ जिले में चलती कार में चार युवकों ने 13 साल की एक लड़की से कथित तौर पर दुष्कर्म किया। इस घटना की जानकारी पुलिस ने गुरुवार को दी। एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने कहा कि यह घटना मंगलवार शाम को हुई जब चार युवकों ने लड़की को जबरन एक वाहन में ले लिया और राष्ट्रीय राजमार्ग 31सी पर गाड़ी चलाते समय उसके साथ दुष्कर्म किया। अधिकारी ने बताया कि चारों आरोपियों को गिरफ्तार कर -शेष पृष्ठ दो पर

## कुकी लोग बना रहे हमें निशाना : मैतई समाज



**इंफाल।** मणिपुर में मैतई और कुकी समुदाय के बीच हुई हिंसा के बाद से हालात अभी शांत नजर आ रहे हैं। लेकिन लोग आगे आकर अपनी परेशानियों को बता रहे हैं। मैतई समुदाय के लोगों ने एक प्रेस कांफ्रेंस कर अपना दुख बयां किया है। मणिपुर के मैतई समुदाय का कहना है कि लोग हमें मणिपुरी बोलते हैं। हम लोग इसी देश के रहने वाले हैं। लेकिन कुकी इस देश में -शेष पृष्ठ दो पर

## न्यूज गैलरी

### सेना की तत्परता से टला हादसा आईईडी बरामद

**इंफाल।** मणिपुर में हिंसा के बीच भारतीय सेना को आईडी बरामद हुआ आईईडी बरामद हुआ है। तुरंत कार्रवाई करते हुए बड़े खतरे को टाल दिया है। सेना सूत्रों से मिली जानकारी के मुताबिक इस विस्फोटक की जानकारी सेना की पेट्रोल टीम को मिली। यह विस्फोटक इंफाल ईस्ट जिले के विल बंगबल खुल्लेन गांव में मिला। इसमें आईईडी और रिमोट सिस्टम बरामद किया। 3 किलो टीएनटी, 15 इलेक्ट्रिक डेटोनेटर, 4 सर्किट और रिमोट फायरिंग डिवाइस बरामद हुआ। सेना ने तुरंत कार्रवाई करते हुए बड़ी वारदात अंजाम देने से पहले विफल कर दिया।

### सिक्किम में स्कूल बस दुर्घटनाग्रस्त, 26 घायल 12 की हालत गंभीर

**गंगटोक।** सिक्किम में एक स्कूल बस के दर्घटनाग्रस्त हो जाने के बाद करीब 26 लोगों के घायल होने की खबर है। हादसे को लेकर पुलिस की ओर से दी गई जानकारी के मुताबिक यह दर्घटना ईस्ट सिक्किम जिले में हुई है। कुल घायलों में करीब 23 छात्र हैं और तीन अन्य लोग शामिल हैं। पुलिस के मुताबिक हादसा राज्य की राजधानी गंगटोक से लगभग 40 किमी. -शेष पृष्ठ दो पर

## अगर दलित उपमुख्यमंत्री नहीं बना तो करेंगे विरोध : जी परमेश्वर



**बेंगलुरु।** वरिष्ठ कांग्रेस नेता जी परमेश्वर ने गुरुवार को पार्टी के केंद्रीय नेतृत्व को आगाह किया कि यदि उपमुख्यमंत्री पद किसी दलित को नहीं दिया गया तो उसकी प्रतिकूल प्रतिक्रिया होगी और पार्टी के लिए मुश्किल खड़ी होगी। एच डी कुमारस्वामी की अगुवाई वाली कांग्रेस-जनता दल (एस) गठबंधन सरकार के दौरान परमेश्वर (71) उपमुख्यमंत्री थे और वह दलित समुदाय से आते हैं। वह सबसे लंबे समय (आठ साल तक) तक प्रदेश कांग्रेस के प्रमुख भी रहे हैं। उनकी परोक्ष चेतावनी ऐसे समय आई है जब महज कुछ घंटे पहले कांग्रेस ने घोषणा की कि सिद्धरमैया कर्नाटक के मुख्यमंत्री और डी के शिवकुमार उपमुख्यमंत्री होंगे। जब परमेश्वर से यह सवाल किया -शेष पृष्ठ दो पर

## सिद्धारमैया को कर्नाटक की कमान



**नई दिल्ली ( हि.स. )।** सिद्धारमैया को कांग्रेस ने कर्नाटक की कमान सौंप दी है। जबकि डीके शिवकुमार को उपमुख्यमंत्री बनाया गया है। इस बाबत कांग्रेस मुख्यालय में पार्टी महासचिव केसी वेणुगोपाल ने गुरुवार को प्रेसवार्ता कर जानकारी दी। वेणुगोपाल ने कहा कि हमारे दोनों नेताओं सिद्धारमैया और शिवकुमार में प्रदेश को चलाने की क्षमता हैं। दोनों ने कर्नाटक चुनाव में बहुत मेहनत की है। ऐसे में पार्टी ने सिद्धारमैया को मुख्यमंत्री और डीके शिवकुमार कर्नाटक के उपमुख्यमंत्री होंगे। इस संदर्भ में वेणुगोपाल ने आगे कहा कि डीके शिवकुमार -शेष पृष्ठ दो पर

## कुकी विधायकों का बातचीत से इनकार, अलग राज्य की मांग बरकरार



**इंफाल।** मणिपुर में कुकी जनजाति के आठ विधायकों और अन्य नागरिक संगठनों ने तय किया है कि वह राज्य की एन बीरेन सिंह सरकार से कोई बातचीत नहीं करेंगे। कुकी जनजाति के विधायक उनके लिए अलग राज्य देने की मांग कर रहे हैं लेकिन बातचीत के लिए तैयार हैं। बता दें कि कुकी जनजाति के राज्य में हिंसा के बाद कुकी जनजाति के लोगों के लिए अलग राज्य के गठन की मांग की थी। जिसे मुख्यमंत्री एन बीरेन -शेष पृष्ठ दो पर

## बिहार में फिलहाल जाति आधारित गणना नहीं : सुप्रीम कोर्ट



**पटना/नई दिल्ली।** बिहार में जातीय गणना मामले में नीतीश सरकार को गुरुवार को सुप्रीम कोर्ट से फिर झटका लगा है। सुप्रीम कोर्ट ने जाति आधारित गणना से संबंधित याचिका पर सुनवाई करते हुए पटना हाईकोर्ट के फैसले को बरकरार रखा है। अब इस मामले पर सुप्रीम कोर्ट में 14 जुलाई को सुनवाई होगी। जस्टिस अभय एस ओक और जस्टिस राजेश बिंदल की कोर्ट ने गुरुवार को जातीय गणना को लेकर पटना हाईकोर्ट के आदेश को चुनौती देने वाली याचिका पर सुनवाई की। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि यह जांच का विषय है कि कहीं जाति गणना की आड़ में जनगणना तो नहीं हो रही है। पटना हाईकोर्ट ने जातीय गणना को असंवैधानिक मानते हुए अंतरिम रोक लगाई है। इस मामले में बेहतर होगा कि पहले पटना हाईकोर्ट में ही सुनवाई हो। कोर्ट ने कहा कि 3 जुलाई, 2023 को पटना हाईकोर्ट -शेष पृष्ठ दो पर

## रूस ने यूक्रेन पर 30 क्रूज मिसाइलें दागीं



**कीव।** रूस ने यूक्रेन की राजधानी कीव और ओडेसा क्षेत्र पर गुरुवार को तड़के 30 क्रूज मिसाइलें दागीं, जिनमें से 29 को यूक्रेन के वायु रक्षा बलों ने मार गिराने का दावा किया है। ओडेसा के सैन्य प्रशासन के प्रवक्ता सरहेई ब्रैतचक ने एक टेलीग्राम पोस्ट में बताया कि एक रूसी मिसाइल, क्षेत्र के दक्षिणी हिस्से में स्थित एक औद्योगिक प्रतिष्ठान से जा टकराई, जिससे एक व्यक्ति की मौत हो गई तथा दो अन्य घायल हो गए। ब्रैतचक ने कहा कि वायु रक्षा बलों ने दुश्मन की ज्यादातर मिसाइलों को समुद्र के ऊपर मार गिराया। दुर्भाग्य से एक औद्योगिक प्रतिष्ठान मिसाइल की चपेट में आ गया, जिससे एक व्यक्ति की मौत हो गई और दो अन्य घायल हो गए। वहीं, कीव में अधिकारियों ने बताया कि रूस ने इस महीने नौवीं बार यूक्रेनी राजधानी को निशाना बनाया। कैस्पियन क्षेत्र के रणनीतिक बमवर्षकों ने संभवत: क्रूज मिसाइलों से इन हमलों को अंजाम दिया। हमलों के बाद रूस के टोही विमानों ने यूक्रेनी राजधानी के ऊपर उड़ान भी भरी। कीव के सैन्य प्राधिकरण के प्रवक्ता सरहेई पोपको ने एक टेलीग्राम पोस्ट में बताया कि कीव में धमाकों की तेज आवाज सुनाई दी और विस्फोट के बाद गिरे मलबे से एक गैराज परिसर में आग लग गई। हालांकि, हमले में हताहत लोगों की संख्या के बारे में फिलहाल कोई जानकारी नहीं है। अधिकारियों के मुताबिक, यूक्रेन के वायु रक्षा बलों ने रूस की क्रूज मिसाइलों के अलावा उसके -शेष पृष्ठ दो पर

## छह विधायकों को ठगने वाले महाठग ने बेचा मंत्री बनाने का ख्वाब



**नई दिल्ली।** जल्द ही महाराष्ट्र की शिंदे सरकार अपने मंत्रिमंडल का विस्तार करने वाली है। कई विधायकों को मंत्रिमंडल मिलने की उम्मीद है और कइयों को चाह भी है। बस इसी का फायदा महाराष्ट्र के एक महाठग ने उठाने का प्लान बनाया। महाराष्ट्र में एकनाथ शिंदे के नेतृत्व वाली सरकार में कैबिनेट बर्थ के लिए भाजपा प्रमुख जेपी नड्डा के निजी सहायक के रूप में एक व्यक्ति ने पार्टी विधायकों से पैसे की मांग की। गुजरात के मोरबी के रहने वाले नीरज सिंह राठौड़ को नागपुर पुलिस ने बीजेपी के कई विधायकों को ठगने की कोशिश के आरोप में गिरफ्तार किया था। पुलिस ने कहा कि उसने चार भाजपा विधायकों - विकास कुंभारे, टेकचंद सावरकर, तानाजी मुटकुले और नारायण कुचे से संपर्क किया और उन्हें महाराष्ट्र सरकार में कैबिनेट पदों की पेशकश की और जेपी -शेष पृष्ठ दो पर

## इमरान के आवास को पुलिस ने घेरा

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान की पंजाब पुलिस लाहौर में पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान के आवास पर कथित रूप से छिपे *आतंकवादियों* को गिरफ्तार करने के लिए गुरुवार को अभियान शुरू कर सकती है। पंजाब प्रांत की अंतरिम सरकार ने पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई) पार्टी के प्रमुख खान को लाहौर स्थित उनके आवास पर छिपे 30-40 आतंकवादियों को सौंपने के लिए 24 घंटे का समय दिया था और यह अवधि अब समाप्त हो गई है। जमान पार्क की ओर जाने वाली सभी सड़कों को बंद कर दिया गया है और इलाके में बड़ी संख्या में सुरक्षाकर्मियों -शेष पृष्ठ दो पर

## दामाद को दिल दे बैठी सास, पकड़ में आने पर लात-घूंसों से पिटाई



**जमुई।** जमुई से एक अजब-गजब प्रेम कहानी सामने आई है। ऑनलाइन लूडो खेलते-खेलते एक सास अपने दामाद को दिल दे बैठी। दामाद अपनी प्रेमिका यानी सास से मिलने बुधवार देर रात उसके घर पहुंचा पर ग्रामीणों ने दामाद की जमकर पिटाई की। मामला बरहट थाना क्षेत्र के एक गांव का है। ग्रामीणों ने बुधवार की देर रात सास से मिलने आए प्रेमी की लात-घूंसों से पिटाई कर दी। इसके बाद पुलिस के हवाले कर दिया। पिटाई के बाद घायल हुए युवक को इलाज के लिए सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया। घायल युवक की पहचान बांका जिले के ढोरैया निवासी ब्रह्मचारी गोस्वामी के पुत्र चंदन गोस्वामी के रूप में हुई है। बताया जाता है कि सात साल पहले युवक की शादी जमुई के एक गांव में हुई थी। इस दौरान उसे दो बेटे भी हुए। फिर मोबाइल पर लूडो खेलने के दौरान युवक का चचेरी सास -शेष पृष्ठ दो पर

**CLASSIFIED**

For all kinds of classified advertisements please contact

**97070-14771**
**86382-00107**

**MURTI AVAILABLE**

Available all kinds of Marble & White Metal Murties, Ganesh Laxmi, Radha Krishna, Bishnu-Laxmi, Hanuman, Maa Durga, Saraswati, Shivling, Nandi etc. **ARTCLE WORLD,** S-29, 2nd Floor, Shoppers Point, Fancy Bazar, Guwahati-01, **Ph. : 94350-48866, 94018-06952**

# हिंद महासागर में डूबा चीनी जहाज भारत ने मदद के लिए भेजा एयरक्राफ्ट

**नई दिल्ली।** दो दिन पहले चीन का एक मछली पकड़ने वाला जहाज हिंद महासागर में डूब गया था। इस जहाज में करीब 39 लोग सवार थे। इसके डूबने के बाद चीन ने भारत सहित कई अन्य देशों से मदद की गुहार लगाई। चीन की गुहार पर भारत ने दरियादिली दिखाते हुए जहाज और उस पर सवार 39 लोगों को खोजने की प्रक्रिया शुरू कर दी। भारत इस ऑपरेशन के लिए अपने पी8आई एयरक्राफ्ट को भेजा।




चीन का यह जहाज लू पेंग युआन यू 028 मंगलवार को हिंद महासागर के सेंट्रल रिजन में डूब गया था। इस पर सवार 39 लोगों में से 17 चीनी, 17 इंडोनेशियाई और 5 फिलीपींस के थे। इंडियन नेवी ने बताया कि चीन के रिक्वेस्ट पर भारत ने 17 मई को हिंदुस्तान से करीब 900 समुद्री मील दूर हिंद महासागर में पी8आई एयरक्राफ्ट को तैनात किया। रेस्क्यू ऑपरेशन के दौरान जहाज से संबंधित कई चीजों का पता लगाया गया। चीनी स्टेट मीडिया ने बताया कि गुरुवार को चीनी जहाज पर से दो शवों को बरामद किया गया। समाचार एजेंसी सिन्हुआ की रिपोर्ट के मुताबिक चीनी जहाज डूबने के बाद चल रहे रेस्क्यू ऑपरेशन में दो पीड़ितों के अवशेष मिले। हालांकि, शवों के बारे में कोई जानकारी नहीं दी गई है कि वे कहां के थे चीन, इंडोनेशिया या फिर फिलीपींस। वैसे तो चीन और भारत एक दूसरे को फूटी आंख न सुहाते। मगर एक जिम्मेदार भागीदार और समुद्र सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए भारत ने चीन की मदद की। पूर्वी लद्दाख में दोनों देशों के बीच तनाव जारी है।

# अहमदाबाद में तेली साहू मोदी राठौर घांची का महा सम्मेलन

**अहमदाबाद।** गुजरात के अहमदाबाद में 20 मई को राष्ट्रीय अध्यक्ष जयदत्त क्षीरसागर, महाराष्ट्र सरकार के पूर्व मंत्री की अध्यक्षता में अखिल भारतीय तैलिक साहू महासभा के नेशनल एक्जीक्यूटिव काउंसिल की बैठक हो रही है जिसमें भारतवर्ष के सभी प्रांतों के पदाधिकारी शामिल होंगे। सबसे महत्वपूर्ण बैठक 21 मई 2023 को होगी जो भारत के सभी तेली जिनमें साहू, मोदी, गांधी, घांची, गुप्ता, राठौर, मोढ, बणिक, गंडला, तेलीकुला, वनियार, चेट्टियार, शेट्टी आदि समूहों का राष्ट्रीय महासम्मेलन होगा जिसमें एक लाख से अधिक लोगों के जुटने की संभावना है। इस महासम्मेलन को संबोधित करेंगे भारत सरकार के केंद्रीय गृह मंत्री माननीय अमित शाह और सम्माननीय प्रधानमंत्री के भाई आदरणीय सोमाभाई मोदी। इसमें भाग लेने वाले संगठनों में अखिल भारतीय तैलिक साहू महासभा, समस्त गुजराती मोढ़ मोदी समाज, सुरती मोड बनिक समस्त पंच, भारतीय तैलिक साहू राठौर महासभा, अखिल भारतीय साहू वैश्य महासभा, राष्ट्रीय तेली साहू महासंगठन और अखिल भारतीय राठौर क्षत्रिय महासभा प्रमुख हैं। इस महासम्मेलन के मुख्य अतिथिगण होंगे अखिल भारतीय तैलिक साहू महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री जयदत्त क्षीरसागर, अखिल भारतीय तैलिक साहू राठौर महासभा के संस्थापक अध्यक्ष रामनारायण साहू, अखिल भारतीय साहू वैश्य महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष रमेश साहू, राष्ट्रीय तेली साहू महासंगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष मुरारी गुप्ता, भारतीय तैलिक साहू राठौर महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष उमेश साहू, अखिल भारतीय राठौर क्षत्रिय महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष देवीलाल राठौर, अशोक राठौर, सुरती मोढ़ बनिक समस्त पंच के अध्यक्ष श्रीवासभाई घीवाला, भारत सरकार में कैबिनेट मंत्री रामेश्वर तेली, झारखंड राज्य के पूर्व मुख्यमंत्री रघुबर दास, महाराष्ट्र प्रदेश भाजपा के अध्यक्ष चंद्रशेखर बावनकुले और उत्तर प्रदेश सरकार में मंत्री राकेश राठौर।

# धुबड़ी : खून से लथपथ मिला युवती का शव

**धुबड़ी (हिंस)।** डुमरदाह में गुरुवार सुबह राष्ट्रीय राजमार्ग-17 पर खून से लथपथ अवस्था में एक युवती का शव मिलने से इलाके में सनसनी फैल गई। मृतक की शिलाख्त बिहार की तमन्ना परवीन के रूप में हुई है। गुरुवार को राष्ट्रीय राजमार्ग पर खून से लथपथ युवती का शव देखने के बाद स्थानीय लोगों ने बालाजान पुलिस थाने को सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने जांच पड़ताल के बाद शव को पोस्टमार्टम भेज दिया है। मृतक के सिर में चोट से काफी खून का रिसाव हुआ। उसके शरीर के विभिन्न हिस्सों पर कटने-फटने के निशान थे। माना जा रहा है कि किसी चलती हुई गाड़ी से उसे सड़क पर फेंका गया है या वह दुर्घटनावश गिर गई होगी। युवती के कंधे पर एक बैग टंगा था।

## बदरपुर में नकदी के साथ एक गिरफ्तार

**करीमगंज (हिंस)।** करीमगंज जिले में जीआरपी ने बदरपुर रेलवे स्टेशन पर मादक पदार्थ और प्रतिबंधित सामग्रियों के अलावा 14 लाख रुपए नकदी के साथ एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया है। जानकारी के अनुसार जीआरपी को एक गुप्त सूचना मिली थी कि करीमगंज जिले के सरिशा इलाके के रहने वाला 48 वर्षीय शंकू देब को त्रिपुरा सुंदरी ट्रेन में नकदी ले जा रहा है।

# गौहाटी हाई कोर्ट जस्टिस रॉबिन फुकन ने ली शपथ

**गुवाहाटी (हिंस)।** गौहाटी हाई कोर्ट के अतिरिक्त न्यायाधीश रॉबिन फुकन ने गुरुवार को गौहाटी हाई कोर्ट के न्यायाधीश के रूप में पद एवं गोपनीयता की शपथ ली। गौहाटी हाई कोर्ट के मुख्य न्यायाधीश संदीप मेहता ने कोर्ट नंबर-1 में आयोजित शपथ ग्रहण समारोह में स्थायी नवनियुक्त हुए न्यायमूर्ति रॉबिन फुकन को पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई। इस मौके पर अन्य कई न्यायाधीश एवं अधिवक्ता मौजूद थे।



# नदी में डूबने से ओएनजीसी अधिकारी की मौत

**जोरहाट (हिंस)।** जोरहाट जिला टियक में आज तड़के हुए एक सड़क हादसे में ओएनजीसी में काम करने वाले एक अधिकारी की मौत हो गई। मृतक की पहचान भास्कर ज्योति बर्मन के रूप में की गई है। मृतक भास्कर ज्योति बर्मन गुवाहाटी के बामुनी मैदाम के रहने वाले थे। हादसा टियक में राष्ट्रीय राजमार्ग-37 पर हुआ। यह दुर्घटना उस समय हुई जब वह जोरहाट जा रहे थे। स्थानीय लोगों ने आरोप लगाया है कि जिस जगह पर फोर लेन सड़क विस्तार का काम चल रहा था, वहां कोई साइनबोर्ड नहीं होने की वजह से यह हादसा हुआ। पुलिस ने बताया है कि भास्कर ज्योति बर्मन टोयोटा एटिका कार (एएस-06पी-9587) से जा रहे थे, इसी बीच कार अनियंत्रित होकर नदी में पलट गई। नतीजतन, बर्मन मौत हो गई।

**Short Quotation Notice**

It is for general information to all concerned, that quotation will be received on 03.06.2023 upto 2.00 PM in the office of the DFO, Dhubri for various items of work / activities under Non plan scheme.

*-- Janasanyog / C/3042/23*

Divisional Forest Officer
Dhubri Division

**E-Tender Notice**

The Superintending Engineer, PWD Jorhat Building Circle invites bid on behalf of the Governor of Assam for the following works with a validity of 180 (One Hundred Eighty) days from registered APWD(Bldg) Contractor/ Firm Class-I (A, B & C) category registered under Jorhat Building Circle.

The Details of the bid and Detail Notice Inviting Tender may be seen at the P.W.D. portal www.assamtenders.gov.in. The bidders must registered with the E-Tendering system (ETS) of the Govt. of Assam. (website http//assamtenders.gov.in).

| Name of Work | Approx value of work (Rs. In Lakh) | Time of completion for work | Bid security(2% for general and 1% for Reserved Category) to be drawn in favour of | Cost of Bid |
|---|---|---|---|---|
| Construction of Audio & Video studio at Khumtai LAC, Golaghat | Rs. 1,18,77,080.00 | 12 Months | 1.Internet Banking of State Bank or any other bank Multi Option Payment System (SBMOPS)/ on http.assamtenders. gov.in 2. NEFT/ RTGS in case of offline payment from any bank | Rs. 2375.00 |

Note:- 1. NIT value may be changed during uploading of tender in the website, which may be seen in details NIT of the bid documents.

*-- Janasanyog /C/2981/23*

Sd/-
Superintending Engineer PWD.
Jorhat Building Circle, Jorhat

# पृष्ठ एक का शेष

## रिजिजू से कानून ...

सहयोग के लिए धन्यवाद दिया। बता दें कि न्यायिक नियुक्तियों को लेकर सुप्रीम कोर्ट के साथ लगातार टकराव का सामना करने वाले रिजिजू 7 जुलाई, 2021 को कानून मंत्री बने थे। उस समय खेल मंत्री और अल्पसंख्यक मामलों के राज्यमंत्री रिजिजू को भाजपा के वरिष्ठ नेता रविशंकर प्रसाद के इस्तीफे के बाद यह प्रतिष्ठित जिम्मेदारी मिली थी। रिजिजू ने पिछले साल नवंबर में कहा था कि शीर्ष अदालत और उच्च न्यायालयों में नियुक्तियां करने की कॉलेजियम प्रणाली भारत के संविधान से अलग है और देश के लोगों द्वारा समर्थित नहीं है। जनवरी में, उन्होंने कॉलेजियम प्रणाली में सरकार के नामित लोगों को शामिल करने के लिए चीफ जस्टिस डी वाई चंद्रचूड़ को पत्र भी लिखा था। राष्ट्रपति भवन की ओर से जारी एक विज्ञप्ति में कहा गया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सलाह पर राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने केंद्रीय मंत्रिपरिषद के मंत्रियों के बीच विभागों का बंटवारा किया है। बयान में कहा गया है कि पृथ्वी विज्ञान मंत्रालय का प्रभार किरेन रिजिजू को सौंपा गया है। केंद्रीय मंत्री जितेंद्र सिंह पृथ्वी विज्ञान मंत्रालय का प्रभार संभाल रहे थे। मेघवाल वर्तमान में संसदीय कार्य राज्यमंत्री और संस्कृति राज्यमंत्री हैं। बयान के अनुसार, मेघवाल को उनके मौजूदा विभागों के अतिरिक्त कानून और न्याय मंत्रालय में राज्य मंत्री के रूप में स्वतंत्र प्रभार सौंपा गया है।

## किरेन रिजिजू नाकाम...

कानून नहीं, पृथ्वी विज्ञान मंत्री। कानूनों के पीछे का विज्ञान समझना सरल नहीं है। अब वह विज्ञान के कानूनों का सामना करेंगे। शुभकामना मेरे दोस्त। उद्धव ठाकरे नीत शिवसेना की नेता और राज्यसभा सदस्य प्रियंका चतुर्वेदी ने रिजिजू को कानून मंत्री पद से हटाकर पृथ्वी विज्ञान मंत्रालय में भेजे जाने के संभावित कारणों का जिक्र करते हुए कहा कि क्या महाराष्ट्र के मुद्दे पर उच्चतम न्यायालय का हालिया फैसला तो वजह नहीं था? उन्होंने ट्वीट किया कि क्या महाराष्ट्र पर आए फैसले से असहज स्थिति बनी?

## कोलकाता से पुरी ...

भारतीय दोनों का प्रतीक बन रही हैं और जब वह एक स्थान से दूसरे स्थान पर जाती है तो उसमें भारत की गति और प्रगति भी दिखाई देती है। उन्होंने कहा कि आज बंगाल और ओडिशा में वंदे भारत की गति और प्रगति दस्तक देने जा रही है और इससे रेल यात्रा का अनुभव भी बदलेगा। उन्होंने कहा कि अब कोलकाता से दर्शन के लिए पुरी जाना हो या पुरी से किसी काम के लिए कोलकाता जाना हो तो यह यात्रा केवल 6.30 घंटे में पूरी होगी। प्रधानमंत्री ने कहा कि आज देश के अलग-अलग राज्यों में 15 वंदे भारत ट्रेन चल रही है और यह आधुनिक ट्रेन देश की व्यवस्था को भी रफ्तार दे रही हैं। उन्होंने कहा कि कठिन से कठिन वैश्विक हालातों में भी भारत ने अपने विकास की गति को बनाए रखा और इसके पीछे एक बड़ा कारण है कि इस विकास में हर राज्य की भागीदारी है। पीएम मोदी ने कहा कि देश राज्य को साथ लेकर आगे बढ़ रहा है। एक समय था जब कोई नई प्रौद्योगिकी आती थी या सुविधा बनती थी तो दिल्ली या बड़े शहरों तक ही वह सीमित रह जाती थी। लेकिन आज का भारत इस पुरानी सोच को पीछे छोड़कर आगे बढ़ रहा है। आज का नया भारत प्रौद्योगिकी भी खुद बना रहा है और नई सुविधाओं को तेजी से देश के कोने कोने तक पहुंचा रहा है। उन्होंने कहा कि भारत ने वंदे भारत ट्रेन, 5जी प्रौद्योगिकी और कोरोना महामारी के समय स्वदेशी वैक्सीन तैयार करके दुनिया को चौंका दिया। उन्होंने कहा कि यह सारी सुविधाएं किसी एक शहर या राज्य तक सीमित नहीं रही। बल्कि सब के पास पहुंचीं और तेजी से पहुंचीं। हमारी यह वंदे भारत ट्रेन अब उत्तर से लेकर दक्षिण तक, पूरब से लेकर पश्चिम तक, देश के हर किनारे को स्पर्श करती है। सबका साथ, सबका विकास की नीति का उल्लेख करते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि इसका सबसे बड़ा लाभ देश के उन राज्यों को हो रहा है जो विकास की दौड़ में पीछे छूट गए थे। पुरी-हावड़ा वंदे भारत एक्सप्रेस लगभग साढ़े छह घंटे में 500 किलोमीटर की दूरी तय करने वाली इस मार्ग की सबसे तेज ट्रेन होगी। इस अवसर पर प्रधानमंत्री ने पुरी और कटक रेलवे स्टेशनों के पुनर्विकास की आधारशिला भी रखी। उन्होंने ओडिशा में रेल नेटवर्क के 100 प्रतिशत विद्युतीकरण को भी राष्ट्र को समर्पित किया। प्रधानमंत्री ने इस दौरान संबलपुर-टिटलागढ़ रेल लाइन के दोहरीकरण, अंगुल और सुकिंदा के बीच एक नयी ब्रॉड गेज रेल लाइन, मनोहरपुर-राउरकेला-झारसुगुडा-जमगा को जोड़ने वाली तीसरी लाइन और बिछुपाली और झरतरभा के बीच एक नई ब्रॉड-गेज लाइन का भी उद्घाटन किया। रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव और शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान पुरी स्टेशन पर कार्यक्रम में शामिल हुए। ओडिशा के राज्यपाल गणेशी लाल और मुख्यमंत्री नवीन पटनायक भी इस कार्यक्रम में मौजूद थे। हावड़ा स्टेशन पर भी वंदे भारत एक्सप्रेस को हरी झंडी दिखाने के लिए एक सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किया गया। अधिकारियों ने कहा कि 22895/22896 हावड़ा-पुरी-हावड़ा वंदे भारत एक्सप्रेस का नियमित संचालन 20 मई से शुरू होगा। हफ्ते में छह दिन चलने वाली ट्रेन हावड़ा से सुबह 6 बजकर 10 मिनट पर खुलेगी और दोपहर 12 बजकर 35 मिनट पर पुरी पहुंचेगी। वापसी में यह पुरी से दोपहर एक बजकर 50 मिनट पर रवाना होगी और रात साढ़े आठ बजे हावड़ा पहुंचेगी। सोलह कोच वाली यह ट्रेन खड़गपुर, बालासोर, भद्रक, जाजपुर क्योंझर रोड, कटक, भुवनेश्वर और खुर्दा रोड स्टेशनों पर रुकेगी।

## कुकी लोग बना...

शरणार्थी हैं। उन लोगों ने हमारे घरों को जला दिया। मैतई एक हिंदू समाज है। हम लोग घाटी में रहते हैं। अभी जैसे हालात हैं, वैसे में हमें सुरक्षा मिलनी चाहिए। मैतई समदुाय के लोगों ने बताया कि कुकी म्यांमार से आए हुए लोग हैं। 1951 में ये लोग मणिपुर में घुस आए और तभी से हमारे देश में घुसकर रह रहे हैं। मैतई समुदाय के लोगों ने मांग की कि हमें सरकार की तरफ से जल्द से जल्द सुरक्षा दी जाए। साथ ही मैतई को जनजातीय का दर्जा भी मिले। कुकी बाहर से आए लोग हैं, जिन्होंने म्यांमार से भारत में घुसपैठ की। सबसे पहले इन्होंने नागा समुदाय पर हमला बोला। उन्हें दबाया गया और अब मैतई समाज पर हमला किया जा रहा है। प्रेस कांफ्रेंस में मैतई समुदाय ने बताया कि जनजातीय दर्जा देने की मांग काफी लंबे समय से की जा रही है। पिछले कई सालों से सरकार से गुजारिश की गई कि वे हमें जनजातीय समुदाय का दर्जा दें। जब कांग्रेस की सरकार मणिपुर में थी, तो भी हमने इसकी मांग की थी। मगर कुछ भी नहीं हुआ। अब बीजेपी की सरकार राज्य में है। हमें उम्मीद थी कि ये सरकार कुछ करेगी, लेकिन उन्होंने अभी तक कुछ नहीं किया है। हम लोग काफी परेशान हैं। समुदाय का कहना है कि मणिपुर में कई दशक पुराने समुदायों को भी कुकी लोगों ने नहीं बख्शा है। पुराने समुदायों को म्यांमार से आए इन कुकी लोगों ने निशाना बनाया है। अगर इसी तरह चलता रहा, तो वो दिन दूर नहीं, जब मणिपुर से असली हिंदू मैतई समाज खत्म हो जाएगा। कुकी समुदाय के लोग विदेशी ताकतों के साथ हाथ मिलाए हुए हैं। विदेशी ताकतों के जरिए ही मिलकर मणिपुर में हथियारों और ड्रग्स की तस्करी की जा रही है। कुकी मणिपुर में मिलिटेंसी बढ़ा रहे हैं। इससे देश को खतरा है। देश के खतरे को देखते हुए कार्रवाई की जानी चाहिए।

## कुकी विधायकों का...

सिंह ने ठुकरा दिया था और कहा था कि वह राज्य की एकता से कोई समझौता नहीं करेंगे। बुधवार को मिजोरम की राजधानी आइजवाल में चिन-कुकी-जोमी-हमार जनजातियों के नागरिक संगठनों और विधायकों की बैठक हुई। इस बैठक में भाजपा के विधायक भी शामिल थे। इस बैठक के बाद जारी बयान में कहा गया कि बैठक में तय हुआ है कि वह मौजूदा संकट का एकजुट होकर सामना करेंगे और मणिपुर सरकार से कोई बातचीत नहीं करेंगे। बयान में कहा गया है कि वह विचार विमर्श कर रहे हैं ताकि अन्य संगठनों के साथ एक राजनीतिक एजेंडे पर सहमति बन सके। बैठक में मौजूद रहे एक प्रतिनिधि ने बताया कि बैठक में कुकी जनजाति के लिए अलग केंद्र शासित राज्य या कुकी जनजाति के लिए राजनीतिक संरक्षण के लिए कदम उठाने जैसे मुद्दों पर भी विस्तार से चर्चा हुई। बता दें कि 12 मई को कुकी जनजाति के विधायकों की एक बैठक हुई, जिसमें 7 भाजपा विधायक भी शामिल थे, जिसमें चिन-कुकी-मिजो-जोमी-हमार जनजाति के लोगों के लिए अलग राज्य की मांग उठाई गई थी। हालांकि मुख्यमंत्री एन बीरेन सिंह ने उस मांग को ठुकरा दिया था और कहा था कि राज्य की क्षेत्रीय अखंडता की किसी भी कीमत पर रक्षा की जाएगी। उल्लेखनीय है कि मणिपुर में मैती समुदाय के लोग जनजातीय आरक्षण देने की मांग कर रहे हैं। जिसके विरोध में बीती 3 मई को ट्राइबल सोलिडैरिटी मार्च निकाला गया था। जिसके बाद राज्य में हिंसा भड़क गई थी। हिंसा में 70 के करीब लोगों की मौत हुई है। मणिपुर में बड़ी संख्या में सेना के जवानों की तैनाती की गई है। साथ ही मणिपुर से करीब छह हजार लोग पलायन करके मिजोरम पहुंच गए हैं।

## अगर दलित उपमुख्यमंत्री ...

गया कि शिवकुमार ने नेतृत्व के सामने कथित रूप से शर्त रखी है कि केवल वही उपमुख्यमंत्री होंगे, तब उन्होंने कहा कि शिवकुमार ने जो कुछ कहा है, हो सकता है कि वह उनकी राय में ठीक हो, लेकिन आलाकमान का दृष्टिकोण भिन्न होना चाहिए। आलाकमान को निर्णय लेना है, हमें आशा है कि वह...। जब उनसे यह कहा गया कि क्या दलित समुदाय को उपमुख्यमंत्री का पद नहीं देकर उसके साथ अन्याय किया गया है, तब उन्होंने कहा कि लोगों, खासकर दलितों को काफी उम्मीदें हैं। परमेश्वर ने कहा कि इन आकांक्षाओं को समझते हुए हमारे नेतृत्व को निर्णय लेना होगा। यदि ऐसा नहीं होता है तो निश्चित ही उसकी प्रतिक्रिया होगी। मुझे यह कहने की जरूरत नहीं है। बाद में इसे अहसास करने के बजाय, यदि वे अभी सुधार कर लें तो बेहतर होगा। अन्यथा, पार्टी के लिए मुश्किल खड़ी हो सकती है। मैं उनसे कहना चाहूंगा कि वे बातों को समझें। परमेश्वर ने संवाददाताओं से कहा कि मैं मुख्यमंत्री एवं उपमुख्यमंत्री दोनों ही पदों का आकांक्षी था लेकिन अब हमें आलाकमान के फैसले का पालन करना है, इसलिए यह देखना है कि वे आने वाले दिनों में क्या करेंगे। फिलहाल उन्होंने दो के लिए घोषणा की है और हमें यह देखना एवं इंतजार करना होगा कि वे कैसे मंत्रिमंडल विस्तार के दौरान न्याय करेंगे। उन्होंने कहा कि आलाकमान ने मुख्यमंत्री एवं उपमुख्यमंत्री की घोषणा की है। सिद्धरमैया हमारी पार्टी से दूसरी बार मुख्यमंत्री बनने जा रहे हैं, हम उनसे अच्छा प्रशासन देने की उम्मीद करते हैं। हमारे घोषणापत्र में अच्छे प्रशासन के वादे के कारण लोगों की हमसे उम्मीदें काफी हैं। मैं निर्णय का स्वागत करता हूं और आशा करता हूं कि अच्छा प्रशासन देने में वे हम सभी को विश्वास में लेंगे। तुमुकुरू जिले में कोराटागेरे का प्रतिनिधित्व करने वाले परमेश्वर 2013 का विधानसभा चुनाव हार गये थे, तब वह प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष थे। वह तब मुख्यमंत्री पद के दावेदार थे, चूंकि वह चुनाव हार गये थे इसलिए उन्हें विधान परिषद का सदस्य बनाकर सिद्धरमैया सरकार (2013-18) में मंत्री नियुक्त किया गया। जब परमेश्वर से कहा गया कि (दलितों में से) किसी ने भी मजबूत स्वर में उपमुख्यमंत्री पद की मांग नहीं की, तब उन्होंने कहा कि मजबूत स्वर का मतलब मांग के लिए शोर करना नहीं होता है।

## सिद्धारमैया को कर्नाटक ...

संसदीय चुनाव के अंत तक कर्नाटक प्रदेश कांग्रेस कमेटी (पीसीसी) के अध्यक्ष के रूप में बने रहेंगे। उन्होंने कहा कि 20 मई को शपथ ग्रहण समारोह होगा, जिसमें मुख्यमंत्री और उपमुख्यमंत्री के साथ मंत्रियों का एक समूह भी शपथ लेगा।

## बिहार में फिलहाल...

में सुनवाई होनी है। अगर हाईकोर्ट किसी कारण इस मामले पर सुनवाई नहीं करता है तो 14 जुलाई को आप सुप्रीम कोर्ट में इसकी जानकारी दीजिए। इसके बाद यहां बिहार सरकार की दलीलों को सुना जाएगा। बता दें कि नीतीश सरकार की ओर से जाति आधारित गणना पर रोक लगाने के पटना हाई कोर्ट के 4 मई 2023 के आदेश को सुप्रीम कोर्ट में चुनौती दी गई है, जिस पर बुधवार को सुनवाई होनी थी, लेकिन सुप्रीम कोर्ट के न्यायाधीश संजय करोल ने बुधवार को बिहार में जाति आधारित गणना से संबंधित याचिका पर सुनवाई से खुद को अलग कर लिया। इस कारण बुधवार को याचिका पर सुनवाई नहीं हो सकी थी। न्यायमूर्ति करोल को 6 फरवरी 2023 को सुप्रीम कोर्ट के न्यायाधीश के रूप में पदोन्नत किया गया था।

## रूस ने यूक्रेन पर...

दो बमवर्षक ड्रोन और दो टोही ड्रोन को भी मार गिराया। अधिकारियों ने बताया कि पश्चिमी देशों द्वारा उपलब्ध कराए गए अत्याधुनिक हथियारों से और मजबूत हुई यूक्रेन की वायु रक्षा प्रणाली ने इस हफ्ते की शुरुआत में रूस की ओर से कीव पर बड़े पैमाने पर किए गए हवाई हमलों को नाकाम करते हुए उसकी ज्यादातर मिसाइलों को मार गिराया था। यूक्रेनी वायुसेना के प्रवक्ता यूरी इनहात ने कहा कि रूस ने इस हफ्ते की शुरुआत में किए गए हमलों के लिए छह किंझल एयरो-बैलिस्टिक हाइपरसोनिक मिसाइल का इस्तेमाल किया था। उन्होंने बताया कि गुरुवार को किए गए हमलों के लिए मॉस्को ने संभवतः सोवियत काल में निर्मित एक्स-101 और एक्स-55 क्रूज मिसाइलों का उपयोग किया। यूक्रेन के कमांडर-इन-चीफ जनरल वैलेरी जालुजिह्नी ने एक टेलीग्राम पोस्ट में बताया कि रूस ने बुधवार रात नौ बजे से गुरुवार तड़के साढ़े पांच बजे के बीच यूक्रेन में समुद्र, हवा और जमीन से कई मिलाइलें दागीं।

## छह विधायकों को...

नड्डा का पीए बनकर लाखों रुपये की मांग की। राज्य में अगले कैबिनेट विस्तार में इन विधायकों को मंत्री पद देने का वादा किया गया था। इतना ही नहीं आरोपी नीरज सिंह ने इन विधायकों की एक ऐसे शख्स से भी बात कराई, जिसकी आवाज बीजेपी अध्यक्ष जेपी नड्डा से मिलती-जुलती थी। पुलिस ने कहा कि भाजपा विधायक विकास कुंभारे द्वारा नीरज राठौड़ के खिलाफ पुलिस शिकायत दर्ज करने के बाद धोखाधड़ी का पता चला, जिन्होंने उनसे कम से कम चार बार संपर्क किया और उन्हें महाराष्ट्र कैबिनेट में शहरी विकास मंत्री के पद की पेशकश की। एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी विनोद पाटिल ने बताया कि हमें विधायक विकास कुंभारे के पीए द्वारा एक लिखित शिकायत मिली है जिसमें कहा गया है कि नीरज सिंह राठौड़ ने विधायक को 5-6 बार फोन किया, गुजरात में एक बड़ा कार्यक्रम आयोजित करने के लिए धन का अनुरोध किया।

## इमरान के आवास ...

को तैनात किया गया है। सूत्रों के हवाले से खबर में कहा गया है कि पंजाब पुलिस के महानिरीक्षक और राजधानी शहर के पुलिस अधिकारी ने पुलिस को *सतर्क* रहने के लिए कहा है। पूर्व प्रधानमंत्री खान ने पिछले सप्ताह उनकी गिरफ्तारी के बाद सरकारी एवं सैन्य प्रतिष्ठानों पर हुए हमले से खुद को और अपनी पार्टी को अलग करते हुए इस हिंसा की बुधवार को स्वतंत्र जांच कराने की मांग की थी। खान ने यहां जमान पार्क निवास से वीडियो लिंक से अपनी पार्टी पीटीआई के कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए यह मांग रखी थी। खान ने पंजाब सरकार के इस दावे को खारिज कर दिया था कि उनके लाहौर स्थित घर में लगभग 40 आतंकवादी छिपे हुए हैं। उन्होंने कहा था कि आप कहते है कि आतंकवादी मेरे घर पर छिपे हैं और इसके बहाने वे मेरे घर पर धावा बोलना चाहते हैं। आपको वारंट लाना चाहिए और शालीन तरीके से तलाशी लेनी चाहिए। पुलिस खान को गिरफ्तार करने के लिए मार्च में उनके जमान पार्क निवास में घुसी थी लेकिन उनके पार्टी कार्यकर्ताओं ने वह योजना विफल कर दी थी।

## दामाद को दिल दे...

से संपर्क हो गया। इसके बाद दोनों का प्रेम परवान चढ़ गया। इसकी भनक दोनों के परिजनों को भी हुई। युवक अक्सर सास से मिलने जमुई आता था। युवक के मुताबिक उसका सास से तीन साल से प्रेम-प्रसंग चल रहा था। इस बीच उनकी पत्नी भी उसे छोड़कर मायके चली गई। सास ने बुधवार की रात फोन कर उसे बुलाया था, जब युवक सास के घर पर पहुंचा तो लोगों ने उसकी पिटाई कर दी। इधर, पुलिस युवक से पूछताछ कर रही है और घटना की जांच में जुटी है। इधर, दोनों का प्रेम-प्रसंग गांव में चर्चा का विषय बन गया है।

## सिक्किम में स्कूल बस ...

दूर ईस्ट सिक्किम जिले के माखा के बाहरी इलाके सिंगबेल में हुआ है। हादसे में घायल 26 लोगों में 23 छात्र, एक ड्राइवर और दो अन्य व्यक्ति शामिल हैं। वो स्कूल के कर्मचारी बताए जा रहे हैं। पुलिस ने बताया कि घायलों को तुरंत इलाज मुहैया कराया गया। गंभीर रूप से घायल 12 लोगों को गंगटोक के एसटीएनएम मल्टीस्पेशियलिटी अस्पताल ले जाया गया। जहां उनका इलाज जारी है। वहीं अन्य घायलों का सिंगतम अस्पताल में इलाज चल रहा है।

## चलती कार में ...

लिया गया है। यह क्षेत्र डोटमा शहर के पास पड़ता है। सूचना मिलने के बाद पुलिस ने छापेमारी शुरू की और बुधवार शाम को चारों दोषियों को गिरफ्तार कर लिया गया। डोटमा पुलिस स्टेशन में भारतीय दंड संहिता की विभिन्न धाराओं और यौन अपराधों से बच्चों का संरक्षण अधिनियम, 2012 (पॉस्को) के तहत मामला दर्ज किया गया है। अधिकारी ने कहा कि आरोपियों को कोकराझाड़ की एक अदालत में पेश किया गया है और उन्हें 3 दिन के पुलिस रिमांड पर भेज दिया गया है।

## स्वर्वेद भाष्य




**चतुर्थ मंडल** **द्वादश अध्याय**

**(चार प्रकार के भक्त)**

**(अर्थार्थी)**

**बीत हेम धन धान्य मय, मणि माणिक सुख साज।**
**हे प्रभु हमको चाहिए, आपन देश स्वराज॥ 21॥**

**शब्दार्थ :** (वित्त) धन (हेम) स्वर्ण (धन) जीवन रक्षा का साधन (धान्य) अन्न, धान (माणिक) माणिक्य।

**भाष्य :** हे प्रभो ! स्वर्ण, धन-धान्य, मणिमाणिक एवं सुखों से परिपूर्ण अपने देश का मुझे स्वराज्य चाहिए। हम अपने देश की स्वाधीनता और उसकी रक्षा करके ही अपने साम्राज्य को सुखशाली और समृद्धिपूर्ण बना सकते हैं।

**सूर्य्य रूप परमातमा, तेज प्रचण्ड प्रताप।**
**तन मन आतम तपित हो, शत्रु विनाशक ताप॥ 22॥**

**शब्दार्थ :** (तेज) तीक्ष्ण प्रभाव (प्रचण्ड) उग्र, तीक्ष्ण (तपित) तप्त, जलना।

**भाष्य :** हे प्रचण्ड, प्रताप,तेज से युक्त सूर्यरूप शत्रु-विनाशक परमात्मन आप अपनी सूर्य के समान तप्त शक्ति को प्रदान करें, जिसके ताप से शत्रु का तन-मन और आत्मा विदग्ध हो जावे।

# नावों में समुद्री इंजन लगाने के कार्यों का मंत्री परिमल शुक्लबैद्य ने किया अवलोकन

**गुवाहाटी (हिंस)।** ब्रह्मपुत्र नद के विभिन्न घाटों पर जल परिवहन की सेवा उपलब्ध है। आम लोग इंजन युक्त नावों (भुटभुटी) से यात्रा करते हैं। इन नावों में घटिया इंजन का इस्तेमाल होता है, जिससे यात्रियों को कई बार दुर्घटनाओं का सामना करना पड़ता है। इसके अलावा नाव द्वारा नदी में डूबने से कई लोगों की जान चली गई। इसको देखते हुए असम सरकार ने असम अंतरदेशीय जल परिवहन विभाग और विश्व बैंक की वित्तीय सहायता से *जीवन डिंगा* नामक एक परियोजना शुरू की। इस परियोजना के माध्यम से, पुरानी नावों का नवीनीकरण और अत्याधुनिक इंजनों से सुसज्जित किया जा रहा है। इस कड़ी में आज (गुरुवार) गुवाहाटी के पांडू बंदरगाह पर आयोजित एक बैठक में असम सरकार के परिवहन और मत्स्य मंत्री परिमल शुक्लबैद्य ने भाग लिया। कार्यक्रम में हिस्सा लेते हुए उन्होंने कहा कि *जीवन डिंगा* परियोजना के माध्यम से पुरानी नावों (भुटभुटी) को आधुनिक इंजनों से लैस किया जाएगा और नए




रूप में बुनियादी ढांचे की व्यवस्था की जाएगी। पहले चरण में नलबाड़ी, बरपेटा, दरंग, दक्षिण सालमारा-मानकचार, ग्वालपाड़ा, बंगाईगांव, शोणितपुर, जोरहाट, माजुली, डिब्रूगढ़, तिनसुकिया जिलों के 368 नावों में आधुनिक इंजन लगाए गए हैं। मंत्री शुक्लबैद्य ने पांडू पोर्ट में नाव पर चढ़कर नाव के आधारभूत ढांचे का निरीक्षण किया और नाव में इंजन लगाने के कार्य का अवलोकन किया। उन्होंने कहा कि अन्य 378 नावों में आधुनिक इंजन लगाए जाएंगे। प्रत्येक नाव चालकों को वित्तीय प्रशिक्षण और तकनीकी सहायता तथा बीमा प्रदान किया जाएगा। उन्होंने विभाग के सभी कर्मचारियों, जहाज मालिकों, चालक, सह-चालक और यात्रियों से बोर्ड (लैंडिंग) के दौरान लाइव जैकेट पहनने का अनुरोध किया। लाइफ जैकेट पहनने से हादसों के दौरान कीमती जान बचाई जा सकती है। मंत्री शुक्लाबैद्य ने कहा कि 22 मई से सभी नाव चालकों को प्रशिक्षण दिया जाएगा। उन्होंने जल परिवहन के मालिकों एवं कर्मचारियों को सख्त हिदायत दी कि यात्रियों की सुरक्षा में कोई चूक नहीं होनी चाहिए। उन्होंने नाविकों के ठेकेदारों को कहा कि वे नाव पर अधिक यात्रियों को न ले जाएं। उन्होंने सभी नाव चालकों से अनुरोध किया कि जिन्होंने अब तक पंजीकरण नहीं कराया है, वे जल्द से जल्द सरकारी तौर पर अपना पंजीकरण करा लें। बिना पंजीयन के नाविकों को नाव चलाने की अनुमति नहीं मिलेगी। इस बैठक में आईडब्ल्यूएआई के निदेशक ए सिल्वा कुमार, एआईडब्ल्यू के अतिरिक्त राज्य परियोजना निदेशक राहुल चंद्र दास, निदेशक डीआईडब्ल्यूटी के पार्थ पेगू और अन्य विभागीय कर्मचारी उपस्थित थे।

## भाजपा की प्रदेश कार्यकारिणी की बैठक गुवाहाटी में

**गुराहाटी (हिंस)।** भारतीय जनता पार्टी (भाजपा), असम प्रदेश कार्यकारिणी की बैठक आगामी 20 मई को गुवाहाटी के श्रीमंत शंकरदेव कलाक्षेत्र के सभागार में आयोजित की जाएगी। 19 मई को प्रदेश भाजपा अध्यक्ष भवेश कलिता की अध्यक्षता में असम प्रदेश भाजपा के मुख्यालय अटल बिहारी वाजपेयी भवन में प्रदेश पदाधिकारियों की बैठक और कई अन्य संगठनात्मक बैठकें होंगी। इन बैठकों में प्रदेश भाजपा पदाधिकारियों के साथ-साथ असम के 39 संगठनात्मक जिलों के अध्यक्ष, जिला प्रभारी और सह-प्रभारी भी शामिल होंगे। दूसरी ओर कार्यकारिणी की बैठक का कार्यक्रम 20 मई की सुबह 8.30 बजे प्रतिनिधियों के पंजीकरण और सुबह 9 बजे प्रदेश भाजपा अध्यक्ष भवेश कलिता द्वारा पार्टी का झंडा फहराने के साथ शुरू होगा। बैठक में असम के मुख्यमंत्री डॉ. हिमंत विश्व शर्मा और राज्य सरकार के कई मंत्री शामिल होंगे। उल्लेखनीय है कि इस साल प्रदेश भाजपा की दूसरी कार्यकारिणी की बैठक में पार्टी के आगामी एजेंडे के संबंध में कुछ महत्वपूर्ण निर्णय लिए जाएंगे।

## गुवाहाटी ने कोलकाता के रास्ते बेंगलुरू जोड़ने के लिए शुरू की नई कनेक्टिविटी




**गुवाहाटी।** गुवाहाटी में यात्रियों की संख्या और हवाई यातायात में तेजी से वृद्धि हो रही है। उड़ानों के संदर्भ में, नवीनतम परिवर्धनों में से एक आकाशा एयरलाइन है। हाल ही में एयरलाइन ने सप्ताह के सभी दिनों में कोलकाता के माध्यम से गुवाहाटी से बेंगलुरू तक एक नई कनेक्टिविटी शुरू की है। इस समर शेड्यूल के दौरान गुवाहाटी के लोकप्रिय गोपीनाथ बोरदोलोई अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे पर कनेक्टिविटी के नवीनतम परिवर्धनों में से एक है। गुवाहाटी से बेंगलुरू जाने वाले यात्रियों ने कोलकाता के रास्ते बेंगलुरू से जुड़ने वाली उड़ानों में वृद्धि पर संतोष व्यक्त किया। आकाशा इकोनॉमी क्लास में 189 सीटों की पेशकश करने वाले सिंगल क्लास कॉन्फिगरेशन के साथ एक नैरो-बॉडी बोइंग विमान तैनात कर रहा है। इसे सप्ताह के सभी दिनों में संचालित किया जाएगा। आवक सेक्टर फ्लाइट क्यूपी 1541 शाम को 19॰45 बजे गुवाहाटी से कोलकाता के लिए उड़ान भरगी और रात में 0.15 बजे बेंगलुरू पहुंचेगी। दूसरी ओर, क्यूपी 1377 बेंगलुरू से 14.30 बजे कोलकाता के लिए प्रस्थान करेगी और शाम को 19.05 बजे गुवाहाटी पहुंचेगी। हालांकि, आकाशा ने 18 मई से प्रभावी मार्ग संचालित करने का फैसला किया और 28 अक्तूबर 2023 तक चालू रहेगा।

## रिश्वत लेते महिला समेत दो लोक सेवक गिरफ्तार

**गुवाहाटी (हिंस)।** सतर्कता और भ्रष्टाचार-निरोधी निदेशालय, असम की अलग-अलग टीमों ने आज दर्ज कराई गई शिकायत के आधार पर जाल बिछाकर अभियान चलाते हुए एक महिला समेत दो लोक सेवकों को रंगे हाथों गिरफ्तार किया। दोनों के विरुद्ध एसीबी थाने में प्राथमिकी दर्ज कर आगे की कार्रवाई की जा रही है। पुलिस सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार कामरूप (मेट्रो) जिला मुख्यालय शहर गुवाहाटी स्थित राज्य जीएसटी आयुक्त कार्यालय की राज्य कर सहायक आयुक्त (महिला) मिनाक्षी काकती कलिता को आठ हजार रुपए की रिश्वत लेते सतर्कता और भ्रष्टाचार-निरोधी निदेशालय, असम की टीम ने रंगे हाथों गिरफ्तार किया गया। उन्होंने शिकायतकर्ता से जीएसटी ऑनलाइन कार्यों को फिर से सक्रिय करने के लिए 10 हजार रुपए की रिश्वत की मांग की थी।

## बाघबर के बाघमारा चर में समाज कल्याण परिषद का द्विवार्षिक सत्र संपन्न



**नगरबेड़ा (विभास)।** बरपेटा जिले के बाघबर निर्वाचन क्षेत्र के अंतर्गत बाघमारा चर में तीन दिवसीय द्विवार्षिक सत्र संपन्न हुआ। आयोजित इस तीन दिवसीय सत्र में रंगारंग कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। जिसमें 80 खुली बिहू नृत्य प्रतियोगिताएं, पुरस्कार वितरण आदि कार्यक्रम शामिल हैं। इस मौके पर बागबर विधानसभा के विधायक शेरमान अली अहमद की अध्यक्षता में खुली बैठक आयोजित की गई। बैठक में आमंत्रित अतिथियों में बाघमारा चर सीनियर सेकेंडरी माध्यमिक विद्यालय के प्रधानाचार्य ताइजुद्दीन सरकार, बाघमारा चर ग्राम पंचायत के प्रमुख आकलीमा खातून, धर्मपुर भटनापैती ग्राम पंचायत के अध्यक्ष बशीर उद्दीन अहमद, आलोपति माजर चर ग्राम पंचायत के अध्यक्ष शिराजुल हक सहित कई अन्य गणमान्य लोग उपस्थित थे। कार्यक्रम के अंतिम दिन बेबी साहा की सांस्कृतिक संध्या मंच का विधिवत उद्घाटन समाजसेवी अब्दुल गफूर मंडल ने किया।

## ट्रक ने ऑटो को मारी टक्कर महिला समेत दो की मौत

**कछार (हिंस)।** कछार जिला अंतर्गत लखीपुर में हुए भीषण सड़क हादसे में दो लोगों की मौत हो गई। हादसा ट्रक और ऑटो की टक्कर के कारण हुआ। हादसे में एक महिला समेत एक अन्य व्यक्ति की मौत हो गई। पुलिस ने बताया कि सड़क हादसे में एक महिला समेत दो लोगों की मौत होने के साथ ही अन्य दो लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों को सिलचर मेडिकल कालेज एंड अस्पताल में इलाज के लिए भर्ती कराया गया है। मृतक की पहचान बिजली बर्मन और व्यक्ति की पहचान अमित राजबंशी के रूप में हुई है। यह दुर्घटना जुजांग पहाड़ी के पास राष्ट्रीय राजमार्ग-37 पर हुई। दोनों मृतक कछार के जिरीघाट थाना क्षेत्र के लखीनगर के रहने वाले थे। पुलिस ने इस संबंध में एक प्राथमिकी दर्ज कर लिया है।

## सिटी सेंटर में ओप्पो एफ23 5जी मोबाइल लांच

**गुवाहाटी (विभास)।** अग्रणी स्मार्टफोन निर्माता कंपनी ओप्पो ने असम सहित पूर्वोत्तर के बाजार में ओप्पो एफ23 5जी मोबाइल को लांच किया। इस मौके पर विशिष्ट अतिथि जानी मानी अभिनेत्री क्वीन शिवम नाथ ने जीएस रोड के सिटी सेंटर में तीसरे तल्ले स्थित ओप्पो के एक्सक्लूसिव शोरूम में ओप्पो एफ 23 5जी मोबाइल को लांच किया। इस दौरान कंपनी के जोनल सेल्स मैनेजर अनीशुज जमान, शोरूम और एलएफआर हेड संदीप चौधरी सहित ओप्पो शोरूम की पुरी टीम उपस्थिति थी। लांच के अवसर पर अभिनेत्री क्वीन शिवम नाथ ने कहा कि ओप्पो हमेशा स्मार्ट फोन और आईओटी उत्पादों में सबसे पसंदीदा, अभिनव और स्टाइलिश ब्रांड में से एक रहा है। इसके अलावा ओप्पो आफ्टर सेल सर्विस नंबर 1 है। ओप्पो एफ23 5जी मोबाइल बोल्ड गोल्ड और कूल ब्लैक रंगो में आता है। इसमें उत्कृष्ट विशेषताएं हैं, 67डब्ल सुपर वूक, 120एचजेड सिल्की स्मूथ लार्ज डिस्प्ले, 64 एमपी एआई कैमरा, 40एक्स माइक्रोलेंस। ऐसे में ओप्पो का यह नया फोन युवाओं और महिलाओं को खुब पसंद आएगा। इस अवसर पर जोनल सेल्स मैनेजर अनिशुज जमान ने कहा की ओप्पो एफ23 5जी उन सभी मूल्यों का प्रतीक है, जो एफ सीरीज वादा करती है और ओप्पो ने आपको अधिक महत्व देने के लिए बेहतर डिजाइन व तकनीक के साथ सभी पड़ावों को पार कर लिया है। ओप्पो एफ 23 5जी विशेष रूप से फर्स्ट चार्जिंग तकनीक, 67डब्लू सुपरवुक, अपटु 16जीबी रैम +256जीबी रोम, 6.72 एफएचडी+ लार्ज डिस्प्ले के साथ सभी रिटेल स्टोर और एक्सक्लूसिव शोरूम में 24999/- रुपए में




उपलब्ध है। शोरूम और एलएफआर प्रमुख संदीप चौधरी ने कहा की ओप्पो एफ23 5जी की खरीदारी पर ग्राहक अग्रणी आईसीआईसीआई, कोटक, एसबीआई कार्ड्स से 10त्न तक का कैशबैक और कई अन्य आकर्षक ऑफर प्राप्त कर सकते हैं। इसके अलावा 6 महीने तक नो कॉस्ट ईएमआई और लो डाउन पेमेंट फाइनेंस ऑफर पा सकते हैं।

## बिहू कृष्टि परिषद, असम की पहली द्वि-वार्षिक कार्यकारिणी बैठक

**रंगिया (विभास)।** रंगिया के सेप्टी स्थित सिंचाई विभाग के बंगले में बिहू कृष्टि परिषद एवं स्वागत समिति की एक विशेष बैठक आयोजित की गई। स्वागत समिति के मुख्य अध्यक्ष तथा रंगिया के विधायक भवेश कलिता की अध्यक्षता में तथा बिहु कृष्टि परिषद एवं स्वागत समिति के पदाधिकारियों की उपस्थिति में आयोजित इस बैठक में संघ के द्विवार्षिक अधिवेशन की तैयारियों और बजट पर चर्चा की गई। बैठक में कार्यकारी अध्यक्ष मोहन माधव बर्मन, प्रचार अध्यक्ष प्रकाश डेका, स्मृति ग्रंथ अध्यक्ष डॉ. रुनूमी डेका दत्त, सचिव पंकज पल्लव शर्मा, खाद्य विभाग अध्यक्ष मनोरंजन शर्मा, स्वागत विभाग की सचिव रीना देवी, कनिका बुजर बरुवा, सलाहकार नरेंद्र शर्मा सहित बहुत से लोगों ने अपने विचार प्रकट किए।

## इंटरनेशनल एक्टिव तकनीक से तैयार नई डीजल स्टेशन लांच

**रंगिया (विभास)।** रंगिया के मोरानजना स्थित जिओ-बीपी मोबिलिटी स्टेशन में बुधवार को मेगा कस्टमर मीट - 2023 के आयोजन के साथ इंटरनेशनल एक्टिव तकनीक से तैयार एक नया डीजल स्टेशन लांच किया गया। राष्ट्रीय राजमार्ग नं 27 के पास स्थित रंगिया के युवा व्यवसायी राज पहाड़िया द्वारा संचालित इस जिओ मोबिलिटी स्टेशन में आयोजित एक्टिव डीजल लांचिंग समारोह में नार्थ ईस्ट जिओ मोबिलिटी स्टेशन के राज्य प्रमुख राजा दास सहित ऑपेरशन प्रबंधक सुभोजित रॉय, एसबीडीएम सुरोजित आचार्य उपस्थित थे। जिन्होंने इस नए एक्टिव डीजल की विशेषता और इसके उपयोग से होने वाले लाभ के बारे में बताया। उन्होंने बताया कि हाई परफॉरमेंस वाला यह नया एक्टिव डीजल वाहन की माइलेज बेहतर करता है और 4.3 प्रतिशत तक ईंधन की बचत करता है। उन्होंने दावा किया कि इस डीजल के उपयोग से वाहन मालिकों को 1.1 लाख रुपए तक की वार्षिक बचत होगी। बताया गया कि शुरुआती ऑफर के तहत दो महीने तक इसे 1 रु. प्रति लीटर सस्ता बेचा जाएगा। साथ ही कंपनी का दावा है कि एक्टिव टेक्नोलॉजी वाला यह डीजल, वाहन के इंजन में गंदगी को जमने नहीं देता बल्कि यह इंजन में जमी गंदगी को भी लगातार साफ करता रहता है। इससे इंजन की ताकत बनी रहती है और वाहन बिना किसी रुकावट के




लंबी दूरी तय कर सकते है। उन्होंने जानकारी दी कि फ्लीट मैनेजमेंट प्रोग्राम ट्रांसकनेक्ट में पंजीकृत ग्राहक को 2.00 रुपए से 2.50 रुपए प्रति लीटर तक का अतिरिक्त लाभ मिलेगा।इसके अलावा बड़े ग्राहकों जिसकी प्रतिमाह 5 हजार लीटर खपत है उनके लिए यह 5 से 6 रुपए तक की राहत देगा। कार्यक्रम में विद्या भारती प्रमुख नीरव गिलानी, एएसटीसी उपाध्यक्ष प्रणब ज्योति लहकर, रंगिया के महकमाधिपति दीपन बर्मन, रंगिया महकमा पुलिस अधिकारी सिजल अग्रवाल, एबीवीपी के राष्ट्रीय सचिव राकेश दास, भाजपा उत्तर कामरूप जिला अध्यक्ष सुबल पाल, रंगिया पौरसभा अध्यक्ष अमरेंद्र लहकर, उपाध्यक्ष विद्युत डेका, पार्षद गुंजन दास, बहुत से गणमान्य लोगों सहित कई ग्राहक, कर्मचारी और स्थानीय लोग उपस्थित रहे।


## बाढ़ व आपदा प्रबंधन तैयारी में कामरूप दूसरे स्थान पर

**रंगिया/अमीनगांव (विभास)।** बाढ़ की तैयारी और आपदा प्रबंधन के क्षेत्र में उत्कृष्ट प्रदर्शन दिखाने के लिए कामरूप जिले को इसवर्ष बाढ़ की तैयारी और आपदा प्रबंधन की दिशा में असम के भीतर दूसरा सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाला जिला पुरस्कार प्राप्त किया है। 15 मई से 17 मई तक तिनसुकिया में आयोजित पांचवें उपायुक्तों के सम्मेलन के समापन पर मुख्यमंत्री डॉ. हिमंत विश्व शर्मा ने कामरूप जिले की उपायुक्त कीर्ति जल्ली को औपचारिक रूप से यह पुरस्कार प्रदान किया गया। उल्लेखनीय है कि पिछले वर्ष कामरूप जिला इस मामले में राज्यभर में 16वें स्थान पर था। कामरूप जिले को बाढ़ की तैयारी और आपदा प्रबंधन क्षेत्र में सर्वोत्तम उपायों को अपनाने और विभिन्न मानदंडों को लागू करने के लिए तिनसुकिया और शोणितपुर जिलों द्वारा जीते गए संयुक्त प्रथम स्थान के बाद दूसरे सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले जिले से सम्मानित किया गया है। जोखिम विश्लेषण और निगरानी, तैयारी और प्रतिक्रिया के लिए उपयुक्त योजना, बुनियादी ढांचे की तैयारी, सेवा निरंतरता की तैयारी, प्रतिक्रिया, प्रशिक्षण का समन्वय, जीआर और वित्तीय सहायता, राहत शिविर प्रबंधन, प्रतिवेदन और उचित क्षति मूल्यांकन, जोखिम संचार और सामूहिक भागीदारी, जवाबदेही और

### सीएम ने जिला उपायुक्त को पुरस्कार देकर किया सम्मानित



शिकायत समाधान जिले को इन कसौटियों पर उपलब्धियों के लिए दूसरा सर्वश्रेष्ठ पुरस्कार मिला है। कामरूप जिले की उपायुक्त कीर्ति जल्ली ने इस सफलता को हासिल करने के लिए बाढ़ की तैयारी और आपदा प्रबंधन में शामिल सभी लोगों को बधाई दी है। उन्होंने कहा कि जिले को सामूहिक जिम्मेदारी के साथ कड़ी मेहनत के लिए पुरस्कार मिला है। उपायुक्त ने सभी चक्र अधिकारियों और संबंधित विभागों के अधिकारियों और कर्मचारियों के निरंतर योगदान की सराहना करते हुए कहा कि यह पुरस्कार आने वाले दिनों में पूरी टीम को समर्पित होकर काम करने के लिए प्रेरित करेगा।



# रोजगार के लिए युवाओं को तकनीकी प्रशिक्षण जरूरी : नड्डा



**मुंबई, (हि. स.)।** भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा ने कहा कि औद्योगिक क्षेत्र में हो रहे बदलाव के अनुसार शिक्षण प्राप्त करना समय की जरुरत है। रोजगार प्राप्त करने के लिए तकनीकी प्रशिक्षण आवश्यक है। औद्योगिक क्षेत्र में होने वाले नवीन परिवर्तनों और मांग के बारे में पता रोजगार प्राप्त करने वाले को होना चाहिए। इससे रोजगार का मार्ग और भी सरल हो जाएगा। भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष नड्डा गुरुवार को मुंबई में रविंद्र नाट्यमंदिर में राज्य सरकार की ओर से आयोजित छत्रपति शाहू महाराज युवाशक्ति करियर मार्गदर्शन शिविर कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। जेपी नड्डा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने 10 लाख नौकरियां देने का ऐलान किया है। प्रधानमंत्री ने 2 लाख से ज्यादा उम्मीदवारों को नियुक्ति पत्र सौंप चुके हैं। 13 लाख से ज्यादा लोगों को ट्रेनिंग दी जा चुकी है। देश में कौशल्य विकास की आवश्यकता को समझते हुए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कौशल्य विकास मंत्रालय की स्थापना की है। नड्डा ने कहा कि प्रधानमंत्री ने स्किल इंडिया मिशन की शुरूआत की, जिससे युवा पीढ़ी को प्रशिक्षित किया जा रहा है, इसके फिर से प्रशिक्षण जरूरी है। दोबारा ट्रेनिंग के बाद फिर से अपग्रेड करने की जरूरत है। प्रधानमंत्री कौशल विकास योजना के तहत 1 करोड़ से अधिक उम्मीदवारों को प्रशिक्षित किया गया, प्रशिक्षित उम्मीदवारों में 66 प्रतिशत महिलाएं थीं। यह बहुत अच्छी बात है कि महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने कौशल विकास को प्राथमिकता देने के लिए एक कार्यक्रम लागू किया है। स्टार्ट-अप में महाराष्ट्र अग्रणी है। कार्यक्रम में मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने कहा कि युवा पीढ़ी के बल पर देश एक महाशक्ति की ओर बढ़ रहा है, इसलिए देश का नाम पूरे विश्व में सम्मान से लिया जाता है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने देश की अर्थव्यवस्था को 11वें स्थान से पांचवें स्थान पर लाने का काम किया। इस समय देश में जी-20 की बैठकें चल रही हैं। यह देश के लिए गर्व की बात है कि जी-20 की अध्यक्षता भारत के पास है। देश का भविष्य युवा पीढ़ी के हाथ में है, इसलिए युवा पीढ़ी को दिशा देने का काम किया जा रहा है। नई पीढ़ी को समय के कदमों को पहचानते हुए परम्परागत शिक्षा के साथ-साथ नवीन शिक्षा को अपनाना आवश्यक है। युवा संवाद कार्यक्रम के माध्यम से हम युवाओं को उनके करियर में मार्गदर्शन करने और सरकार की विभिन्न योजनाओं को तक उन तक पहुंचाने का प्रयास करते हैं। मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने कहा कि इस शिविर में विद्यार्थियों को आवश्यक शिक्षा के साथ-साथ शिक्षा, छात्रवृत्ति और रोजगार के विभिन्न अवसरों के लिए दी जाने वाली वित्तीय सहायता, माता-पिता की काउंसलिंग की जाएगी। राज्य में 75 हजार नौकरियां देने का लक्ष्य है । सारथी और महाज्योति के माध्यम से शिक्षा के अवसर प्रदान किए जा रहे हैं। इस अवसर पर सांसद मनोज कोटक, विधायक आशीष शेलार, विधायक मनीषा कायंडे, कौशल विकास विभाग की प्रधान सचिव मनीषा वर्मा, कौशल विकास विभाग के आयुक्त एन. रामास्वामी, व्यवसाय शिक्षा एवं प्रशिक्षण निदेशालय के निदेशक दिगंबर दलवी, कौशल विकास विभाग के डॉ. अपूर्वा पालकर आदि उपस्थित थे।


# राष्ट्रपति व उपराष्ट्रपति ने रतनलाल कटारिया के निधन पर जताया दुख



**नई दिल्ली, (हि.स.)।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू और उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने भारतीय जनता पार्टी के सांसद व पूर्व मंत्री रतनलाल कटारिया के निधन पर गहरा दुख व्यक्त किया है। राष्ट्रपति मुर्मू ने ट्वीट कर कहा कि पूर्व केंद्रीय मंत्री और लोकसभा सांसद रतन लाल कटारिया के निधन का समाचार अत्यंत दुखद है। कटारिया की छवि एक लोकप्रिय जनसेवक की थी जो हरियाणा के विकास के लिए प्रयत्नशील रहे। उनके परिवार जनों व समर्थकों के प्रति मेरी गहन शोक-संवेदनाएं हैं। उपराष्ट्रपति धनखड़ ने ट्वीट कर कहा कि पूर्व केंद्रीय मंत्री रतन लाल कटारिया के निधन से स्तब्ध हूं। लोगों के कल्याण के लिए उनकी अटूट प्रतिबद्धता को हमेशा याद किया जाएगा। दुख की इस घड़ी में मेरी संवेदनाएं उनके शोक संतप्त परिवार के साथ हैं। उल्लेखनीय है कि हरियाणा के अंबाला से तीन बार के भाजपा सांसद और पूर्व केंद्रीय मंत्री रतन लाल कटारिया का गुरुवार को पीजीआई अस्पताल में निधन हो गया। वे 72 वर्ष के थे। कटारिया पांच दशक से भी अधिक समय से राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) से जुड़े रहे। परिवार में उनकी पत्नी, दो बेटे और एक बेटी है।

# नए रंग-रूप में पर्यटकों को आकर्षित करेगा सलीमगढ़ किला

**आशीष वर्मा**




**नई दिल्ली।** लाल किला परिसर में स्थित सलीमगढ़ किला जल्द ही नए रंग रूप में देशी-विदेशी पर्यटकों को आकर्षित करेगा। खासतौर पर वह हिस्सा जहां आजाद हिंद फौज के सेनानियों को कैद में रखा गया था। स्वतंत्रता सेनानियों की कहानियों से लोगों को रूबरू करवाया जाएगा। भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण (एएसआई) सलीमगढ़ किले को संरक्षित करने का काम कर रहा है। भारतीय पुरातत्व विभाग के मुताबिक जी20 शिखर सम्मेलन को देखते हुए इसका काम एक महीने के भीतर पूरा कर लेने की उम्मीद है। दरअसल आजाद हिंद फौज के मेजर जनरल शाह नवाज खान कर्नल गुरबख्श सिंह ढिल्लों कर्नल प्रेम कुमार समेत दूसरे कई स्वतंत्रता सेनानियों को अंग्रेजों ने द्वितीय विश्व युद्ध के बाद कैद किया था। बारिश व बिजली गिरने से कई जगहों से सलीमगढ़ की अर्द्ध गुंबद खराब हो गई थी। इसको सुधारने का काम एएसआई कर रहा है। किले के अंदर बनी जेल में 20 बैरकों में से एक-दूसरे से जुड़ी आठ बैरक में दर्शकों को स्वतंत्रता संघर्ष की कहानियां दर्शाई गई हैं। रंग-रोगन के साथ यहां सूचना बोर्ड भी लाए जाएंगे। जेल के दरवाजे व अर्द्ध गुंबद को संरक्षित किया जा रहा है। यहां संरक्षण कार्य राजस्थान के धौलपुर से करीब 35 कारीगर कर रहे हैं। बहादुर शाह जफर के शासन काल में बनाया गया धनुषाकार पुल इस किले को लाल किले से जोड़ता है। सलीमगढ़ किले का मुख्य प्रवेशद्वार एक सादी संरचना है जिसमें थोड़ा-बहुत लाल बलुआ पत्थर लगा हुआ है और उसे आम तौर पर बहादुर शाह जफर द्वार के रूप में भी जाना जाता है।

# सुप्रीम कोर्ट में सत्येंद्र जैन की जमानत याचिका पर सुनवाई, ईडी को नोटिस जारी

**अजय कुमार**



**नई दिल्ली।** मनी लॉन्ड्रिंग मामले में जेल में बंद दिल्ली सरकार के पूर्व मंत्री सत्येंद्र जैन की जमानत याचिका पर सुनवाई करते हुए सुप्रीम कोर्ट ने ईडी को नोटिस जारी किया है। जैन की ओर से पेश वकील अभिषेक मनु सिंघवी ने जैन के खराब स्वास्थ्य का हवाला दिया और कहा कि जेल में जैन का वजन 35 किग्रा कम हो गया है। दिल्ली हाई कोर्ट ने 6 अप्रैल को सत्येंद्र जैन की जमानत याचिका खारिज कर दी थी। हाई कोर्ट ने कहा था कि सत्येंद्र जैन एक प्रभावशाली व्यक्ति हैं और वो गवाहों को प्रभावित करने की क्षमता रखते हैं। ईडी ने जमानत याचिका का दिल्ली हाई कोर्ट में विरोध करते हुए कहा था कि अगर जैन को जमानत दी जाती है तो मामले के गवाहों की जान को खतरा हो सकता है।

ईडी ने कहा था कि सत्येंद्र जैन प्रभावशाली व्यक्ति हैं और बड़े राजनीतिक पद पर रह चुके हैं। वह गवाहों को प्रभावित कर सकते हैं। ईडी ने कहा था कि जैन को जमानत के लिए तय ट्रिपल टेस्ट को भी पास करना होगा। 17 नवंबर, 2022 को राऊज एवेन्यू कोर्ट ने सत्येंद्र जैन, वैभव जैन और अंकुश जैन की जमानत याचिका खारिज कर दी थी। ईडी ने सत्येंद्र जैन को 30 मई, 2022 में गिरफ्तार किया था।

# नौकरी के बदले जमीन घोटाला मामले में ईडी के सामने पेश हुई राबड़ी देवी



**नई दिल्ली, (हि.स.)।** बिहार की पूर्व मुख्यमंत्री राबड़ी देवी राजधानी स्थित प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) के दफ्तर में पेश हुईं। ईडी ने नौकरी के बदले जमीन घोटाला से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग मामले की जांच के सिलसिले में उन्हें पूछताछ के लिए बुलाया है। आधिकारिक सूत्रों ने गुरुवार को बताया कि बिहार की पूर्व मुख्यमंत्री राबड़ी देवी नौकरी के बदले जमीन घोटाला से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग मामले में आगे की पूछताछ के लिए ईडी दफ्तर पहुंची हैं। उनसे इस मामले से जुड़े अहम पहलुओं पर पूछताछ किए जाने की संभावना है। उल्लेखनीय है कि पूर्व मुख्यमंत्री राबड़ी देवी बुधवार को ही पति और राष्ट्रीय जनता दल सुप्रीमो लालू प्रसाद यादव के साथ दिल्ली पहुंची थीं।

# दिल्ली मेट्रो की तरह रैपिड रेल में भी महिलाओं के लिए रिजर्व होगा 1 कोच

**नई दिल्ली (ईएमएस)।** दिल्ली मेरठ गाजियाबाद के लिए बहुत जल्द रैपिड रेल की शुरूआत की जा रही है उसको लेकर यात्रियों के बैठने के साथ-साथ सभी सुविधाओं का खास ख्याल रखा जा रहा है। अब इस कड़ी में एनसीआरटीसी द्वारा महिलाओं के सुरक्षित और आरामदायक सफर के लिए एक नई पहल की है जिसमें रैपिड रेल में उनके लिए एक कोच रिजर्व रहेगा। दिल्ली मेट्रो में भी आपने देखा होगा कि शुरू के कोच महिलाओं के लिए रिजर्व होते हैं ठीक वैसे ही हमें रैपिड रेल में भी देखने को मिलेगा। दिल्ली मेरठ गाजियाबाद के लिए रैपिड रेल की शुरूआत की जा रही है जिसमें पहले प्रीमियम कोच के बाद दूसरा कुछ महिलाओं के लिए पूरी तरह रिजर्व रहेगा इसके अलावा प्रत्येक कोच में 10 - 10 सीटें महिलाओं के लिए रिजर्व की जाएगी । बेहद आरामदायक और सुरक्षित यात्रा के लिए एनसीआरटीसी द्वारा खास जोर दिया जा रहा है। इसके अलावा स्टेशन हो या रैपिड ट्रेन के दरवाजे कुछ इंडिकेशन के माध्यम से महिलाओं को अपनी सीट संबंधित विषय के बारे में पूरी जानकारी मिल सकेगी।



# कर्नाटक की प्रगति के लिये टीम कांग्रेस प्रतिबद्ध : खड़गे



**नई दिल्ली, (हि.स.)।** कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने गुरुवार को कर्नाटक के मुख्यमंत्री पद को लेकर अंतिम निर्णय लेने के बाद डीके. शिवकुमार और सिद्धारमैया के साथ मुलाकात की तस्वीर साझा की है। तस्वीर में तीनों प्रसन्न मुद्रा में दिखाई दे रहे हैं। सिद्धारमैया कर्नाटक के नये मुख्यमंत्री होंगे। कांग्रेस अध्यक्ष खड़गे ने ट्वीट कर कहा कि 6.5 करोड़ कर्नाटक के लोगों से किये गए 5 गारंटी को लागू करेंगे। टीम कांग्रेस कर्नाटक के लोगों की प्रगति, कल्याण और सामाजिक न्याय के लिए प्रतिबद्ध है। खड़गे ने ट्वीटर पर कर्नाटक के मुख्यमंत्री पद के दोनों उम्मीदवारों डिके. शिवकुमार और सिद्धारमैया के साथ एक फोटो साझा किया है। इस फोटो में सिद्धारमैया और डीके. शिवकुमार पार्टी अध्यक्ष खड़गे के साथ खड़े हैं और मुस्कुरा रहे हैं। उल्लेखनीय है कि शिवकुमार और सिद्धारमैया के बीच मुख्यमंत्री पद को लेकर जो विवाद चल रहा था, उसे कांग्रेस आलाकमान ने सुलझा लिया है। अब सिद्धारमैया कर्नाटक के नये मुख्यमंत्री होंगे। जबकि शिवकुमार को उपमुख्यमंत्री बनाया जा रहा है।

# जल्लीकट्टू खेल तमिलनाडु की संस्कृति व विरासत का हिस्सा : सुप्रीम कोर्ट

**-शीर्ष अदालत ने महाराष्ट्र व कर्नाटक में बैल या भैंसों की रेस को भी दी मंजूरी**




**नई दिल्ली (ईएमएस)।** तमिलनाडु में जल्लीकट्टू खेल की परंपरा पर रोक लगाने से सुप्रीम कोर्ट ने इनकार कर दिया है। शीर्ष अदालत की संवैधानिक बेंच ने कहा कि यह तमिलनाडु की संस्कृति और विरासत का हिस्सा है। इसमें कुछ भी गलत नहीं है। इसके साथ ही अदालत ने राज्य सरकार की ओर से इसे मंजूरी देने वाले कानून पर रोक लगाने से भी इनकार कर दिया। गौरतलब है कि जल्लीकट्टू खेल के तहत बैलों की फाइट कराई जाती है और इसकी तमिलनाडु में बहुत लोकप्रियता रही है। यही नहीं कोर्ट ने महाराष्ट्र और कर्नाटक में भी होने वाले इस तरह के परंपरागत खेलों पर रोक लगाने से अदालत ने इनकार किया है। जस्टिस केएम जोसेफ की अध्यक्षता वाली संवैधानिक बेंच ने महाराष्ट्र और कर्नाटक में बैल या फिर भैंसों की रेस कराने को भी अनुमति दी। इन दोनों पर सुप्रीम कोर्ट के ही 2014 के एक फैसले के चलते रोक लगी हुई थी। अदालत ने तब कहा था कि ये खेल पशुओं के खिलाफ क्रूरता वाले हैं। इस बेंच में जस्टिस अजय रस्तोगी, जस्टिस अनिरुद्ध बोस, ऋषिकेश रॉय और सीटी रविकुमार शामिल थे। अदालत ने कहा कि राज्य सरकारों ने संविधान की तीसरी सूची के तहत इन खेलों को अनुमति देने वाले जो कानून बनाए हैं, वे सही हैं। बेंच की तरफ से फैसला पढ़ते हुए जस्टिस अनिरुद्ध बोस ने कहा कि तमिलनाडु में जल्लीकट्टू को मान्यता देना सिर्फ विधानसभा से बनाए एक कानून की बात नहीं है। यह किसी भी तरह से संविधान का उल्लंघन नहीं करता। उन्होंने कहा कि यह तो संस्कृति का मसला है और यह खेल तमिलनाडु की संस्कृति का हिस्सा रहे हैं। उन्होंने कहा कि इसी सिद्धांत के आधार पर हम महाराष्ट्र और कर्नाटक की परंपराओं को भी मंजूरी देते हैं। शीर्ष अदालत ने पिछले साल दिसंबर में सांडों को काबू करने वाले खेल जल्लीकट्टू और बैलगाड़ी दौड़ की अनुमति देने वाले तमिलनाडु और महाराष्ट्र के कानूनों को चुनौती देने वाली याचिकाओं पर अपना फैसला सुरक्षित रख लिया था। तमिलनाडु सरकार ने एक लिखित जवाब में कहा था कि जल्लीकट्टू केवल मनोरंजन नहीं है, बल्कि महान ऐतिहासिक और सांस्कृतिक विरासत है। जल्लीकट्टू को अनुमति देने के लिए केंद्रीय कानून, द प्रिवेंशन ऑफ क्रुएल्टी टू एनिमल्स एक्ट, 1960 में तमिलनाडु ने संशोधन किया।

# दिल्ली को मिलेंगे नए चीफ सेक्रेटरी, नरेश कुमार की जगह पीके गुप्ता को मिल सकती है कमान

**नई दिल्ली (ईएमएस)।** दिल्ली को जल्द ही नए मुख्य सचिव मिल सकते हैं। इसको लेकर राजधानी के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने उपराज्यपाल के माध्यम से केंद्र सरकार से सहमति मांगी है। जिसके बाद अब नरेश कुमार की जगह पीके गुप्ता दिल्ली के नए मुख्य सचिव हो सकते हैं। पीके गुप्ता 1989 बैच के आईएएस अधिकारी हैं। राजधानी में वर्तमान में मौजूद मुख्य सचिव नरेश कुमार 1987 बैच केआईएएस अधिकारी हैं। नरेश कुमार इससे पहले अरुणाचल प्रदेश के मुख्य सचिव थे। सिविल सर्विस बोर्ड की बैठक में सेवा विभाग के सचिव पद से आशीष मोरे को हटा दिया गया है। जिसके बाद एके सिंह को सेवा विभाग का सचिव बनाने का प्रस्ताव एलजी को भेज दिया है। अनिल कुमार सिंह 1995 बैच के आईएएस अधिकारी हैं। वो दिल्ली जल बोर्ड के सीईओ भी रह चुके हैं। दरअसल सुप्रीम कोर्ट के दिल्ली सरकार के पक्ष में फैसला देने के बाद अब उपराज्यपाल सरकार की सलाह मानने के लिए बाध्य हैं। लंबे समय से प्रशासनिक सेवा को लेकर एलजी और दिल्ली सरकार के बीच खटपट चल रही थी। जिसको लेकर 11 मई को कोर्ट ने अपने फैसले में कहा कि जनता ने दिल्ली सरकार को चुना है ऐसे में चुनी हुई सरकार के पास ही ट्रांसफर और पोस्टिंग का अधिकार होगा।

# जंतर मंतर पर धरना दे रही बेटियों की बात नहीं सुन रही है सरकार : सुरजेवाला

**अजय त्यागी**



**नई दिल्ली।** कांग्रेस के वरिष्ठ नेता रणदीप सिंह सुरजेवाला ने कहा कि हक की लड़ाई के लिए जंतर मंतर पर धरना दे रहे खिलाड़ियों की करुण पुकार सुनने के लिये मोदी सरकार तैयार नहीं है। इससे पता चलता है कि मोदी सरकार की प्राथमिकता में बेटियां और खिलाड़ी नहीं हैं। सुरजेवाल ने गुरुवार को ट्वीट कर सवालिया लहजे में कहा कि मोदी सरकार को देश की बेटियों की चीत्कार और न्याय की गुहार क्यों नहीं सुनाई देती? पिछले 26 दिनों से अपने साथ हुई ज्यादतियों के लिए न्याय मांगने के लिए दिल्ली के जंतर मंतर पर धरना दे रही हैं। आगे सुरजेवाला ने कहा कि उन्होंने देश की बेटियों व नामी पहलवानों के बीच पहुंचकर अपना पूर्ण समर्थन दिया। दुनिया में अपनी ताकत का लोहा मनवाने वाली इन बेटियों के संघर्ष में हम मन-वचन-कर्म से साथ हैं। उन्होंने कहा कि मोदी सरकार आरोपित के खिलाफ कार्रवाई के मामले में चुप्पी क्यों साध हुए है? उल्लेखनीय है कि कुश्ती महासंघ के अध्यक्ष बृजभूषण शरण सिंह पर कुछ महिला पहलवानों ने यौन शोषण का आरोप लगाया है। ऐसे में सिंह को सभी पदों से हटाने के लिए खिलाड़ी बीते कुछ दिनों से जंतर मंतर पर प्रदर्शन कर रहे हैं।

# राष्ट्रपति- प्रधानमंत्री चखेंगे शाही लीची का स्वाद, 1000 पेटी दिल्ली भेजने की तैयारी



**मुजफ्फरपुर (ईएमएस)।** बिहार के मुजफ्फरपुर की मशहूर शाही लीची का स्वाद इस बार राष्ट्रपति, प्रधानमंत्री सहित कई वरिष्ठ लोग चखेंगे। जून के पहले हफ्ते में मुजफ्फरपुर की शाही लीची दिल्ली भेजने को लेकर तैयारी शुरू कर दी गई है। बताया जाता है कि मुजफ्फरपुर के कांटी, मीनापुर, मुसहरी और बोचहां प्रखंड क्षेत्र के लीची बगानों से तैयार रसीली शाही लीची की तलाश शुरू कर दी गई है। इस साल करीब एक हजार पेटी लीची दिल्ली भेजने की योजना बनाई गई है। अधिकारियों के मुताबिक, मुजफ्फरपुर से लीची पहले दिल्ली स्थित बिहार भवन भेजा जाएगा, जहां से माननीयों के घरों तक लीची पहुंचाई जाएगी। इसे लेकर मंगलवार को मुजफ्फरपुर लीची टास्क फोर्स की बैठक की गई। बैठक में एक टीम का गठन किया गया है। इसमें उद्यान पदाधिकारी, कृषि पदाधिकारी और अन्य कई अधिकारियों को शामिल किया गया है।

मुजफ्फरपुर के उप विकास आयुक्त आशुतोष द्विवेदी ने बताया कि जिले के विभिन्न क्षेत्रों से संबंधित लोगों की एक कमेटी बनाई गई है। अच्छी बागवानी, जिसमें अच्छे फल लगे होंगे, उनकी पहचान कर तोड़ा जाएगा। उसके बाद करीब 1000 पेटी लीची दिल्ली स्थित बिहार भवन भेजा जाएगा। उन्होंने बताया कि जून के पहले सप्ताह में लीची दिल्ली के बिहार भवन पहुंच जाएगी। वहां से देश के राष्ट्रपति, प्रधानमंत्री और अन्य दिग्गजों को पहुंचाया जाएगा। उन्होंने कहा कि प्रत्येक साल शाही लीची राष्ट्रपति और प्रधानमंत्री को भेजी जाती है। इस बार भी इसकी तैयारी शुरू कर दी गई है।

# शिवलिंग के साइंटिफिक सर्वे पर सुनवाई के लिए सुप्रीम कोर्ट राजी

**नई दिल्ली (ईएमएस)।** वाराणसी के ज्ञानवापी परिसर में मिले कथित शिवलिंग के साइंटिफिक सर्वे से जुड़ी याचिका पर उच्चतम न्यायालय सुनवाई के लिए तैयार हो गया है। इलाहाबाद हाईकोर्ट के फैसले को चुनौती देते हुए मस्जिद इंतजामिया कमेटी ने सुप्रीम कोर्ट का रुख किया था। सुप्रीम कोर्ट ने गुरुवार को याचिका स्वीकार करते हुए कहा कि वह 19 मई को मामले की सुनवाई करेगा। दरअसल, इलाहाबाद उच्च न्यायालय ने काशी विश्वनाथ ज्ञानवापी मस्जिद विवाद मामले में वाराणसी के जिला न्यायाधीश का आदेश 12 मई को दरकिनार करते हुए आधुनिक पद्धति के आधार पर कथित शिवलिंग का काल निर्धारित करने की प्रक्रिया आगे बढ़ाने का आदेश दिया था। न्यायमूर्ति अरविंद कुमार मिश्रा ने वाराणसी के जिला जज द्वारा 14 अक्टूबर, 2022 को पारित आदेश को चुनौती देने वाली एक पुनरीक्षण याचिका पर यह आदेश पारित किया था। यह याचिका लक्ष्मी देवी और तीन अन्य लोगों द्वारा दायर की गई थी। उच्च न्यायालय ने अपने आदेश में कहा कि शिवलिंग को क्षति पहुंचाए बगैर आधुनिक पद्धति के आधार पर काल निर्धारण की प्रक्रिया आगे बढ़ाई जाए। इससे पहले, वाराणसी की अदालत ने 16 मई, 2022 को ज्ञानवापी मस्जिद परिसर के सर्वेक्षण के दौरान मिले ढांचे की कार्बन डेटिंग सहित वैज्ञानिक जांच की याचिका ठुकरा दी थी।

# सुप्रीम कोर्ट ने पश्चिम बंगाल में 'द केरल स्टोरी' पर लगी रोक हटाई, तमिलनाडु में सिनेमाघरों को सुरक्षा देने का निर्देश




**नई दिल्ली, (हि.स.)।** सुप्रीम कोर्ट ने पश्चिम बंगाल सरकार की तरफ से 'द केरल स्टोरी' पर लगी रोक हटा दी है। चीफ जस्टिस डीवाई चंद्रचूड़ की अध्यक्षता वाली बेंच ने तमिलनाडु सरकार से कहा कि फिल्म दिखाने वाले सिनेमा हॉल को सुरक्षा प्रदान की जाए। सिनेमाघर मालिकों पर कोई दबाव न बनाया जाए। कोर्ट ने कहा कि निमार्ता भी डिस्क्लेमर लगाएं कि 32 हजार लड़कियों के गायब होने का आंकड़ा पुख्ता नहीं है। सुनवाई के दौरान पश्चिम बंगाल सरकार ने कहा था कि इस फिल्म में हेट स्पीच के अलावा तथ्यों के साथ हेरफेर किया गया है। इसकी वजह से राज्य में सांप्रदायिक वैमनस्य और कानून व्यवस्था का मुद्दा खड़ा हो सकता है। इसकी जानकारी राज्य के खुफिया तंत्र ने दी है। फिल्म पर प्रतिबंध खुफिया सूचनाओं के आधार पर लिया गया एक नीतिगत फैसला है। इसके प्रतिबंध से याचिकाकताओं के मौलिक अधिकारों का उल्लंघन नहीं हुआ है। याचिकाकर्ता द्वारा वित्तीय नुकसान को मौलिक अधिकारों के उल्लंघन के रूप में नहीं बताया जा सकता। तमिलनाडु सरकार ने कहा था कि द केरल स्टोरी की रिलीज पर राज्य सरकार ने कोई रोक नहीं लगाई है। राज्य में फिल्म दिखाने जाने पर रोक जैसे हालात की फिल्म निमार्ता द्वारा दी गई दलील गलत है। 05 मई को यह फिल्म 19 मल्टीप्लेक्स में रिलीज हुई। दर्शकों की संख्या में कमी के चलते सिनेमाघर मालिकों ने खुद ही फिल्म की स्क्रीनिंग को बंद करने का फैसला लिया है। राज्य में फिल्म की स्क्रीनिंग करने वाले सभी सिनेमाघरों के लिए पर्याप्त सुरक्षा व्यवस्था की गई है। पुलिस महानिदेशक ने सभी पुलिस आयुक्तों और जिला पुलिस अधीक्षकों को फिल्म दिखाने वाले सभी सिनेमा हॉल और फिल्म देखने आने वालों को पर्याप्त सुरक्षा प्रदान करने के निर्देश दिए थे। द केरल स्टोरी पर पश्चिम बंगाल और तमिलनाडु में रोक के खिलाफ फिल्म निमार्ता ने भी सुप्रीम कोर्ट में याचिका दायर की थी। 12 मई को इस याचिका पर सुनवाई करते हुए सुप्रीम कोर्ट ने पश्चिम बंगाल और तमिलनाडु सरकार को नोटिस जारी किया था। सुनवाई के दौरान कोर्ट ने पश्चिम बंगाल और तमिलनाडु सरकार से पूछा था कि जब पूरे देश में फिल्म चल रही है तो आपके राज्य में क्यों रोका जा रहा है।

# सपा उम्मीदवारों ने दाखिल किए नामांकन, अखिलेश यादव रहे नदारद



**लखनऊ, (हि.स.)।** उत्तर प्रदेश में विधान परिषद (एमएलसी) की दो सीटों पर उपचुनाव होना है। दोनों सीटों पर हो रहे उपचुनाव में गुरुवार को समाजवादी पार्टी (सपा) के विधान परिषद के उम्मीदवार पूर्व एमएलसी रामजतन राजभर और रामकरण निर्मल ने नामांकन दाखिल किया। दोनों उम्मीदवारों ने सपा नेता और कार्यकताओं की मौजूदगी में नामांकन पत्र दाखिल किए। इस दौरान पूर्व मुख्यमंत्री एवं राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव नदारद रहे। सपा ने मऊ के रहने पूर्व एमएलसी रामजतन राजभर को उम्मीदवार बनाकर पूर्वांचल की अति पिछड़े वर्ग में शामिल राजभर जाति के वोट बैंक को साधने की कोशिश की है। अखिलेश ने कौशाम्बी जिले के रहने वाले और लोहिया वाहिनी के निवर्तमान अध्यक्ष रामकरन निर्मल को एमएलसी चुनाव में उतारा है। वह धोबी बिरादरी से हैं। निर्मल के जरिए सपा नेतृत्व ने युवाओं को खुद से जोड़े रखने की रणनीति अपनाई है। उल्लेखनीय है कि उत्तर प्रदेश में विधान परिषद (एमएलसी) की दो सीटों पर उपचुनाव होना है।

संख्या बल न होने के बावजूद भी सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव ने इस चुनाव में पार्टी के उम्मीदवार उतारे हैं। समाजवादी पार्टी की रणनीति है कि भाजपा उम्मीदवारों को निर्विरोध निर्वाचित ना होने दिया जाए, इस नाते अड़ंगा लगाने का काम किया है। मालूम हो कि भाजपा ने पदमसेन चौधरी और मानवेंद्र सिंह को एमएलसी उम्मीदवार बनाया है। दोनों ही उम्मीदवारों ने गुरुवार की सुबह ही विधानभवन पहुंचकर अपना नामांकन दाखिल किया। इस दौरान मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, दोनों उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य, ब्रजेश पाठक सहित पार्टी के कई बड़े नेता व कार्यकर्ता मौजूद थे।

# नगर निकाय चुनाव में भाजपा ने सरकारी मशीनरी का दुरुपयोग किया : मायावती

- निकाय चुनाव में बसपा के समर्थन के लिए लोगों का शुक्रिया
- मायावती ने लोकसभा चुनाव की तैयारी करने के निर्देश दिए




**लखनऊ, (हि.स.)।** बहुजन समाज पार्टी (बसपा) की राष्ट्रीय अध्यक्ष मायावती ने गुरुवार को माल एवेन्यू स्थित पार्टी मुख्यालय में बैठक की। इसमें पार्टी के वरिष्ठ नेता, 18 मंडलों और 75 जिलों के जिला अध्यक्ष और पदाधिकारी उपस्थित रहें। बैठक में नगर निकाय चुनाव में मिली हार और आगामी लोकसभा चुनाव को लेकर अहम चर्चा की गईं। बैठक में सबसे पहले प्रदेश स्तरीय और उसके बाद मंडल व जिलावार पदाधिकारियों की समीक्षा की गई। पदाधिकारियों से मिले फीडबैक के अनुसार चुनाव के दौरान खासकर भाजपा और सपा द्वारा साम, दाम, दंड, भेद आदि अनेकों प्रकार के घिनौने हथकंडे अपनाए गए। इस चुनाव भाजपा की सरकार ने सरकारी मशीनरी का घोर दुरुपयोग किया है। मतदाता सूची में गड़बड़ी की शिकायतें आम रहीं। इसकी वजह से अधिकांश मतदाता मतदान नहीं कर सके। मायावती ने कहा कि यह अति दुखद और लोकतंत्र के भविष्य के लिए अति-चिंतनीय है। मायावती ने उपस्थित पदाधिकारियों से कहा कि इन्हीं गंभीर हालात व चुनावी मुद्दों से निपटने और रणनीति तैयार करने के लिए आज यहां बैठक बुलाई है। उन्होंने बैठक को सम्बोधित करते हुए कहा कि कुल मिलाकर 'वोट हमारा राज तुम्हारा' के प्रचलित हालात को आगामी लोकसभा आम चुनाव के मद्देनजर बदलने के सामूहिक प्रयास को गांव-गांव तक और तेज गति से जनता के बीच पहुंचाने की जरुरत है। उन्होंने आगे कहा कि उत्तर प्रदेश के करोड़ों लोग अपनी गरीबी, लाचारी तथा प्रदेश के पिछड़ेपन आदि को दूर करके अपनी बेहतरी एवं अपने परिवार के उज्जवल भविष्य के लिए बदलाव की चाह रखते हैं। ऐसे में उन्हें बसपा को सत्ता परिवर्तन का सही व सार्थक विकल्प बनकर आगे आना होगा। इसके लिए सभी लोगों को मिलजुलकर पूरे तन-मन से काम करने की जरुरत है।

बसपा प्रमुख ने कहा कि आगे की चुनौतियों को ध्यान में रखते हुए पार्टी संगठन में जरूरी सुधार और इस प्रक्रिया को निचले स्तर तक जारी रखें। देश में लोकतंत्र की रक्षा व संविधान के सम्मान के लिए मतदाताओं में जागरुकता व जनभागीदारी को और बढ़ाने पर जोर दें। उन्होंने चुनाव आयोग से खासकर सरकारी मशीनरी के दुरुपयोग और संविधान एवं कानून के खिलाफ धर्म का राजनीति में बढ़ते प्रभाव पर प्रभावी रोक लगाने की मांग की है। मायावती ने कहा कि पार्टी के जनाधार को बढ़ाना एक सत्त प्रक्रिया है। जिसका सामूहिक प्रयास पूरी मुस्तैदी और निष्ठा के साथ लगातार जारी रहना चाहिए। यूपी निकाय चुनाव में तमाम प्रकार के विपरीत हालात का सामना करते हुए बसपा को मिलने वाले समर्थन के लिए लोगों का शुक्रिया अदा किया है। उन्होंने कहा कि भाजपा चाहे जो भी दावा करें, वास्तविकता यह है कि ओबीसी आरक्षण, महिला सीटों के आरक्षण सहित शुरू से लेकर अंत तक इस चुनाव को भी हर प्रकार से मैनेज व मैनुपुलेशन करने का प्रयास किया गया। लेकिन इसके बावजूद मेयर चुनाव को छोड़कर भाजपा की दाल लोगों ने बहुत ज्यादा नहीं गलने दी। मेयर का चुनाव भी यदि ईवीएम की जगह बैलेट पेपर से होता निश्चय ही चुनाव के परिणाम की तस्वीर कुछ और ही होती। मायावती ने सपा पर भी निशाना साधा और कहा कि नकारात्मक राजनीति को भी लोगों ने पसंद नहीं किया, जबकि खासकर आगरा व सहारनपुर के मेयर चुनाव में बसपा को घिनौना षडयंत्र करके हराया गया है।

# रेस्टोरेंट में मुस्लिम लड़कों के साथ लिखे हिन्दू लड़कियों के नाम, बजरंग दल का हंगामा




**मेरठ, (हि.स.)।** नौचंदी थाना क्षेत्र के शास्त्रीनगर में एक रेस्टोरेंट में मुस्लिम लड़कों के साथ हिन्दू लड़कियों के नाम लिखे होने पर बजरंग दल कार्यकताओं ने जमकर हंगामा किया। उन्होंने आरोप लगाया कि रेस्टोरेंट में लव जिहाद का सिंडिकेट चलाया जा रहा है। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है। नौजंदी थाना क्षेत्र के शास्त्रीनगर एफ ब्लॉक स्थित हंगर कैफे में बुधवार की देर रात बजरंग दल कार्यकताओं ने छापेमारी की। हंगामा देखकर कैफे में बैठे लड़के और लड़कियां भाग निकले। रेस्टोरेंट के फीडबैक वॉल पर हिंदू लड़कियों के साथ मुस्लिम लड़कों के नाम लिखे होने पर कार्यकताओं ने हंगामा शुरू कर दिया। वॉल पर आपत्तिजनक बातें भी लिखी हुईं थीं। बजरंग दल कार्यकताओं ने आरोप लगाया कि कैफे संचालक की शह पर मुस्लिम संप्रदाय के लड़के, हिन्दू लड़कियों को लाकर उन्हें गुमराह करते हैं। सरेआम कैफे में अश्लीलता होती है। कैफे की दीवारों पर भी आपत्तिजनक स्लोगन लिखे गए हैं। विश्व हिन्दू परिषद के महानगर सह धर्म प्रसार प्रमुख अश्विनी गुप्ता ने बताया कि रेस्टोरेंट में गलत गतिविधियां चल रही हैं। सूचना पर पहुंची नौचंदी पुलिस ने कार्यकताओं को समझा कर शांत किया। इंस्पेक्टर नौचंदी सुबोध सक्सेना के अनुसार, मामले की जांच की जा रही है। चार लोगों को हिरासत में लिया गया है। जांच के बाद कार्रवाई की जाएगी।

# वीडियो में क्रिकेटर पुलिसकर्मियों को चप्पलों से पीटते दिखे...



**मेरठ(ईएमएस)।** मेरठ जिले में दो रणजी क्रिकेट खिलाड़ियों को पीटने के आरोप में दो पुलिसकर्मियों को निलंबित किए जाने के कुछ दिनों बाद अब सोशल मीडिया पर एक वीडियो आया है, जिसमें क्रिकेटर पुलिसकर्मियों को चप्पलों से पीटते दिख रहे हैं। सिविल लाइंस क्षेत्र के अंचल अधिकारी अरविंद चौरसिया ने बताया कि नए वीडियो के आधार पर रिपोर्ट अधिकारियों को भेजी है। क्रिकेटर शामली जिले के प्रशांत चौधरी और उनके साथी क्रिकेटर विनीत पंवार रणजी खिलाड़ी बताए जाते हैं और भामाशाह पार्क में अभ्यास करते हैं। पुलिस वाहन को गलत तरीके से पार्क करने को लेकर दोनों खिलाड़ियों की सीनियर एसआई वरुण शर्मा और एसआई जितेंद्र से कहासुनी हो गई थी। कहासुनी मारपीट में बदल गई और बाद में खिलाड़ियों की शिकायत पर दोनों पुलिसकर्मियों को निलंबित कर दिया गया था।

# रेनॉल्ट कार कंपनी के डायरेक्टर और मुरादाबाद डीलर के खिलाफ रिकवरी वारंट जारी

**- न्यायालय के आदेश के बाद उपभोक्ता को कार की कीमत ब्याज के साथ अदा ना करने पर जारी किया गया वारंट**

**- उपभोक्ता न्यायालय ने उपभोक्ता के हक में फैसला सुनाते हुए कार की कीमत ब्याज के साथ अदा करने का आदेश दिया था**



**मुरादाबाद, (हि.स.)।** मुरादाबाद के उपभोक्ता न्यायालय ने रेनॉल्ट कार कंपनी के डायरेक्टर और डीलर के खिलाफ रिकवरी वारंट जारी किया है। पहले भी अदालत ने उपभोक्ता के हक में फैसला सुनाते हुए कार की कीमत ब्याज के साथ अदा करने का आदेश दिया था, लेकिन कंपनी ने उसे पूरा नहीं किया। जिला उपभोक्ता विवाद प्रतीतोष आयोग द्वितीय ने रेनॉल्ट कार कम्पनी के डायरेक्टर और मुरादाबाद के डीलर के खिलाफ गुरुवार को रिकवरी वारंट जारी करते हुए कहा कि उपभोक्ता दीप अरोरा ने पूर्व में एक कार खरीदी में थी। इसमें खामियां होने के बावजूद भी कंपनी ने न तो कार को सही कराया और न ही उपभोक्ता के रुपये वापस किए। इसके बाद उपभोक्ता ने आयोग में वाद दायर किया था। जिसमें कंपनी के खिलाफ 11 मई 2022 को आदेश पारित किया गया था कि कार की कीमत ब्याज समेत अदा करें, लेकिन आज तक कम्पनी ने उपभोक्ता अदालत के आदेश का पालन नहीं किया। न्यायालय ने आदेश का पालन ना करने पर रिकवरी वारंट जारी किया है।

# माफिया अजीत शाही ने किया सरेंडर, इनाम राशि बढ़ाने की हो चुकी है सिफारिश



**गोरखपुर, (हि.स.)।** गोरखपुर के माफिया अजीत शाही ने एसीजेएम कोर्ट नंबर दो में आत्मसमर्पण कर दिया है। उस पर 25 हजार रुपये का इनाम घोषित था। 12 मई से माफिया की तलाश चल रही थी। शाहपुर थाने में जबरिया वसूली, धमकी व बलवा का मुकदमा दर्ज होने के बाद से वह फरार था। पुलिस और एसटीएफ उसकी तलाश कर रही थी लेकिन वह चकमा देने में कामयाब रहा। उल्लेखनीय है कि एसएसपी डॉ. गौरव ग्रोवर ने अभी बुधवार को ही इस पर घोषित इनाम की धनराशि को बढ़ाने के लिए आईजी के पास फाइल भेज दी थी। इनाम राशि को 50 हजार रुपये करने की सिफारिश की गयी है। माफिया अजीत शाही का गैंग डी-4, वर्ष 2010 में पुलिस रिकार्ड में दर्ज हुआ था। माफिया पर पहला केस वर्ष 1991 में मारपीट और धमकी का दर्ज हुआ था। फिर, शहर के कैंट, खोराबार, शाहपुर, गुलरिहा, गोरखनाथ और खामपार मिलाकर अब तक 33 मुकदमें दर्ज हुए हैं। अंतिम मुकदमा वर्ष 2016 में खोराबार थाने में दर्ज हुआ था। हालांकि, इन मुकदमों में से कई में अभी माफिया अजीत शाही कोर्ट से बरी हो चुका है। रेलवे कोऑपरेटिव बैंक में तीन मई को विवाद हुआ था। इस विवाद मामले में 12 मई को समझौता के लिए माफिया अजीत शाही अपने कुछ गुर्गों के साथ गया हुआ था। अब उस मामले में बैंक के सहायक सचिव धीरेंद्र कुमार श्रीवास्तव ने बैंक के अन्य कर्मचारियों के साथ मिलकर माफिया अजीत शाही व अन्य लोगों पर धमकी सहित अन्य धाराओं में शाहपुर थाने में केस दर्ज कराया है। कर्मचारियों ने कोआपरेटिव बैंक के अध्यक्ष अनिल सिंह विशेन को पूरी घटना का मास्टर माइंड बताया है। अनिल सिंह द्वारा ही अजीत शाही को बुलाने की बात कही गई है।

**यह है मामला –** बेतियाहाता में रहने वाला अजीत शाही मूल रूप से देवरिया जिले का निवासी है। उसके विरुद्ध कैंट, शाहपुर, गुलरिहा समेत जिले के कई थानों में 33 मुकदमे दर्ज हैं। 12 मई को माफिया साथियों संग रेलवे कारखाना के पास स्थित पूर्वोत्तर रेलवे के दी मैकेनिकल डिपार्टमेंट प्राइमरी कोआपरेटिव बैंक लिमिटेड में पहुंचा। बैंक अध्यक्ष अनिल सिंह, कर्मचारी कौशल कुमार शाही उर्फ बमभोले व प्रदीप श्रीवास्तव भी थे। आरोप है कि सचिव व बैंककर्मियों पर माफिया दबाव बनाने लगा कि अध्यक्ष के रिश्तेदार की कंफर्म नियुक्ति करा दें। जान से मारने की धमकी देने लगा। बैंक के सहायक सचिव धीरेंद्र श्रीवास्तव ने आरोपितों के विरुद्ध शाहपुर थाने में मुकदमा दर्ज कराया है।

# अपनी जमीन बेच कर भी कर्मचारी हितों के लिए लड़ते थे स्व.बीएन सिंह



**बलिया, (हि.स.)।** कर्मरत्न बीएन सिंह की पुण्यतिथि पर राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद द्वारा गुरूवार को राजकीय बालिका इंटर कॉलेज के सभागार में श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। जिले भर से जुटे कर्मचारी नेताओं व कर्मचारियों ने स्व. बीएन सिंह के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर नमन किया। पुण्यतिथि कार्यक्रम में कर्मचारी नेताओं ने स्व. बीएन सिंह के व्यक्तित्व पर प्रकाश डालते हुए कहाकि 17 जुलाई 1927 को रायबरेली में जन्मे बीएन सिंह ने कर्मचारियों के हितों के लिए आजीवन संघर्ष किया। कहाकि विरले ही कर्मचारी नेता होते हैं जो अपना सबकुछ न्यौछावर कर देते हैं। कहा कि उन्होंने कर्मचारी हितों के लिए लखनऊ में अपनी जमीन बेच दी। वे धुन के पक्के व दूरदर्शी नेता थे। विपरीत विचारधारा वाले लोग भी उनके निगोशिएशन की प्रशंसा करते थे। उनके कृतित्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि 1966 से ही बीएन सिंह ने राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद में अपना योगदान देना शुरू कर दिया था। केन्द्र के समान मंहगाई भत्ता दिलाने के लिए हुई हड़ताल में उनके योगदान को भुलाया नहीं जा सकता। उन्होंने 1986 में राज्य कर्मचारियों को केंद्रीय चतुर्थ वेतनमान दिलाने के लिए निर्णायक संघर्ष किया। यही नहीं पांचवें वेतन आयोग की रिपोर्ट को भी 1996 में प्रदेश में लागू कराया। 1994 में 51 दिनों की हड़ताल कर दो प्रोन्नति वेतनमान कर्मचारियों को दिलाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। अपनी बौद्धिक क्षमता से कर्मचारियों को विनियमितीकरण, स्थायीकरण, अवकाश नगदीकरण, मृतक आश्रितों का सेवायोजन, केन्द्र के बराबर मकान किराया भत्ता, सामूहिक बीमा, चतुर्थ श्रेणी कर्मचारियों को तृतीय श्रेणी में प्रोन्नति, केन्द्र के बराबर बोनस, सेलेक्शन ग्रेड, समयमान वेतनमान, प्रोन्नति वेतनमान, जीपीएफ पासबुक प्रणाली, अवकाश यात्रा सुविधा, मान्यता प्राप्त सेवा संघों के अध्यक्ष व मंत्रियों के स्थानांतरण पर रोक आदि सुविधाओं को दिलवाने में सफलता पायी। कर्मचारी नेताओं ने बीएन सिंह की पुण्यतिथि पर निष्ठा व ईमानदारी से अपना कर्तव्य पालन करने का संकल्प लिया। इस अवसर पर प्राथमिक शिक्षक संघ के जिलाध्यक्ष जितेन्द्र सिंह, कौशल उपाध्याय, सुशील कुमार पांडेय कान्हजी, अवनीश चंद्र पाण्डेय, बृजेश सिंह, संजय भारती, सुशील त्रिपाठी, अनूप सिंह आदि थे। अध्यक्षता राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद की अध्यक्ष सत्या सिंह व संचालन वेदप्रकाश पाण्डेय ने किया।

# कार्यकर्ता ही पार्टी की रीढ की हड्डी : एमेल तोमर



**हजारीबाग, (हि. स.)।** बहुजन समाज पार्टी की बैठक जिला परिसदन में गुरुवार को हुई। अध्यक्षता जिलाध्यक्ष शीला देवी ने की। बैठक में झारखंड प्रदेश प्रभारी सह पूर्व मंत्री उत्तर प्रदेश के एमेल तोमर ने बतौर मुख्य अतिथि कार्यकताओं को संबोधित करते हुए कहा कि आगामी लोकसभा तथा विधानसभा चुनाव को लेकर कार्यकर्ता अपने-अपने क्षेत्र में जाकर बूथ कमेटी को मजबूत करें। उन्होंने कहा कि कार्यकर्ता ही पार्टी की रीढ़ होते हैं। क्योंकि चुनाव चाहे लोकसभा हो या विधानसभा का प्रत्याशी की जीत बूथ कार्यकताओं के प्रबंधन से ही होती है। उन्होंने कहा कि पार्टी जिसको भी टिकट देगी कार्यकर्ता जिताने का कार्य करेंगे। बैठक में नंदू साहू, बड़कागांव प्रभारी सूरज कुमार, विक्की सोनी, प्रवीण सोनी, तारा देवी, आरती सिन्हा, विनोद सिंह, देवाशीष गुप्ता, रंजीत कुशवाहा, बादल खान, ललिता देवी, पप्पू खान, देवेंद्र साहू सहित कई उपस्थित थे।

# जेल में पत्नी और बच्ची से मिलने को लेकर आईएएस छवि रंजन ने कोर्ट से मांगी इजाजत

**रांची, (हि. स.)।** जमीन घोटाले मामले में जेल में बंद निलंबित आईएएस छवि रंजन की ओर से पीएमएलए कोर्ट में एक याचिका दायर की गई है। छवि रंजन अपनी पत्नी और बच्ची से सप्ताह में दो दिन मिलना चाहते हैं। इसकी अनुमति देने के लिए उन्होंने कोर्ट में याचिका दाखिल की है। इसपर गुरुवार को अदालत में सुनवाई हुई। सुनवाई के दौरान छवि रंजन के अधिवक्ता ने कोर्ट से आग्रह किया कि उन्हें सप्ताह में दो दिन परिवारवालों से मिलने दिया जाए। इस पर ईडी के विशेष लोक अभियोजक शिव कुमार उर्फ काका ने इसका विरोध करते हुए दलील दी कि न्यायिक हिरासत में रह रहे किसी भी व्यक्ति को विशेष सुविधा नहीं दी जानी चाहिए। उन्होंने कहा कि जब तक आरोपित जेल में है, उसे जेल मैनुअल के मुताबिक ही सुविधा मिलती है। दोनों पक्षों को सुनने के



बाद कोर्ट ने छवि रंजन की याचिका पर आदेश के लिए 22 मई की तिथि निर्धारित की है। उल्लेखनीय है कि बीते चार मई को पूछताछ के दौरान ईडी ने रांची के पूर्व डीसी छवि रंजन को गिरफ्तार किया था।

# झारखंड के प्रवीण अखिल भारतीय ग्रैपलिंग विकास सलाहकार बोर्ड में शामिल

**रांची, (हि.स.)।** झारखंड के प्रवीण कुमार को अखिल भारतीय ग्रैपलिंग विकास सलाहकार बोर्ड में जगह मिली है। इसके अलावा बोर्ड में हरियाणा के प्रवीण शर्मा, उत्तर प्रदेश के संजय राय, चंडीगढ़ के मनोज टूल, असम के हजारिका, महाराष्ट्र के प्रशांत नवगिरे और छत्तीसगढ़ के उमेश साहू को भी जगह मिली है। भारतीय ग्रैपलिंग कमेटी ने अखिल भारतीय ग्रेपलिंग विकास सलाहकार बोर्ड का गठन किया।

बोर्ड में सात सदस्यों को शामिल किया गया है, जो ग्रैपलिंग खेल और इससे जुड़ी गतिविधियों के साथ-साथ खेल के विकास को लेकर सलाह देंगे। अखिल भारतीय ग्रेपलिंग विकास सलाहकार बोर्ड में प्राथमिक तौर पर इसमें सात सदस्य होते हैं लेकिन आवश्यकता पड़ने पर और बेहतर ढंग से कार्यों का निष्पादित करने के लिए बोर्ड सदस्यों की एक कोर कमेटी भी काम करती है। यह कोर कमेटी योजनाबद्ध तरीके से लिखित रूप में अध्यक्ष या सचिव को सुझाव देते हैं। ये बोर्ड किसी भी राज्य समिति या उसके मामलों में हस्तक्षेप नहीं करेंगे। ये केवल राज्यों के लिए योजना बनायेंगे और अंतरराष्ट्रीय टूनार्मेंटों और राष्ट्रीय चैंपियनशिप के आयोजन के लिए हर माह दूसरे शनिवार को बैठक कर समस्याओं पर चर्चा करेंगे।

# राष्ट्रीय लोक जनता दल के पुनः जिला अध्यक्ष बने उमाकांत



**कटिहार, (हि.स.)।** उमाकांत आनंद को राष्ट्रीय लोक जनता दल के कटिहार जिला अध्यक्ष बनाये जाने पर पार्टी के स्थानीय कार्यकताओं में खुशी का माहौल है। पुनः जिला अध्यक्ष बनाये जाने पर उमाकांत ने पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष उपेंद्र कुशवाहा और प्रदेश अध्यक्ष रमेश कुशवाहा को धन्यवाद एवं आभार प्रकट किया है। साथ ही विश्वास दिलाया है कि पार्टी मजबूती के लिए वे ईमानदारी पूर्वक काम एवं सामाजिक न्याय के विचार धारा पर चलने वाले सभी वर्गों के साथ मिलकर वंचित समाज के अधिकार के लिए संघर्ष करेंगे। पार्टी कार्यकताओं ने गुरुवार शाम कहा कि उमाकांत आनंद को जिला अध्यक्ष बनने पर यहां संगठन काफी मजबूत होगा। इनके नेतृत्व में हम सब मिलकर पार्टी को जिला से लेकर पंचायत तक पहुंचाने का काम करेंगे, एवं अपने नेता उपेंद्र कुशवाहा के विचार धारा को जन जन तक पहुचायेंगे। इस मौके पर मुख्य रूप से प्रदेश उपाध्यक्ष अरुण कुमार सिंह, प्रदेश सचिव उपेंद्र सुमन, प्रदेश सचिव पिंकू कुमार, सन्तोष मेहता सहित दर्जनों की संख्या में पार्टी के कार्यकर्ता मौजूद थे।

# सीएम आज दरभंगा में विभिन्न विकास योजना का करेंगे लोकार्पण




**दरभंगा, (हि.स.)।** ुख्यमंत्री नीतीश कुमार आज दरभंगा दौरे पर आ रहे हैं। इस दौरान वे कई विकास योजना का लोकार्पण करेंगे। सीएम आज दरभंगा एयरपोर्ट के रिंग बांध के पुनर्स्थापन, पीसीसी रोड और मिथिला आर्ट से सौंदर्यीकरण का लोकार्पण करेंगे। इस कार्य से दरभंगा एयरपोर्ट परिसर को बाढ़ के पानी के प्रवेश से सुरक्षा मिलेगी। बांध पर निर्मित स्लूईस गेट से बारिश के पानी की सुगमतापूर्वक निकासी भी हो सकेगी। बांध पर पीसीसी सड़क बनने से दरभंगा एयरपोर्ट के चारो तरफ गस्ती/निरीक्षण कर इसे सुरक्षित रखने में मदद मिलेगी।पीसीसी सड़क पिचिंग कार्य और कराया गया है।मिथिला आर्ट वर्क की स्थापना से दरभंगा एयरपोर्ट पहुंचने वाले देश-विदेश के यात्री मिथिला चित्रकला से रु-ब-रू हो सकेंगे।

# ट्रेन की चपेट में आने से युवक की मौत, ट्रेन का परिचालन घंटों रहा बाधित



**भागलपुर, (हि.स.)।** जिले के जगदीशपुर थाना क्षेत्र के टिकानी रेलवे स्टेशन के योगीवीर जख बाबा स्थान के निकट गुरुवार को एक युवक की ट्रेन की चपेट में आने से मौके मौत हो गई। युवक की पहचान योगीवीर निवासी जीतन महतो के 22 वर्षीय पुत्र राजीव कुमार के रूप में हुई है। भागलपुर की ओर से आ रही एक मालगाड़ी की चपेट में आने से युवक की मौत हुई है। मौत की खबर सुनते ही परिजन घटना स्थल पर पहुंचे और युवक का पहचान किया। वहीं इस घटना से भागलपुर से गोड्डा जा रही ट्रेन को परिचालन घंटो बाधित रहा। यात्री ट्रेन को घंटों जगदीशपुर और टेकानी रेल लाइन के बीच रोकना पड़ा।

जिससे यात्रियों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ा। कई यात्री पैदल ही जाने को मजबूर हो गये। उधर घटना की सूचना मिलने पर लोकल थाने की पुलिस मौके पर पहुंची और परिजन को समझा बुझा कर ट्रेन पटरी से हटाया। परिजन ने बताया कि युवक मासिक रूप से चार वर्षो बीमार चल रहा था। जिसका इलाज भी करा रहे थे। वहीं युवक की मौत के बाद परिजन का रो रो का बुरा हाल है।

## संपादकीय

# राजनीतिक गर्मी में तप रहा है राजस्थान

**राजस्थान** में आपसी खींचतान कांग्रेस के लिए कर्नाटक की जीत का स्वाद खराब कर रही है। मुख्यमंत्री अशोक गहलोत और पूर्व उपमुख्यमंत्री सचिन पायलट के बीच वर्षों से चली आ रही तकरार अब निर्णायक मोड़ पर पहुंचती दिख रही है। सचिन पायलट अपनी ही सरकार और मुख्यमंत्री गहलोत के खिलाफ इस चिलचिलाती गर्मी में सड़क पर उतर आए हैं। पिछले पांच दिनों में अपनी 'जन संघर्ष' यात्रा के दौरान उन्होंने राजस्थान में लगभग 125 किलोमीटर की यात्रा पूरी की है। उनकी इस यात्रा में हजारों लोगों के साथ बड़ी संख्या में युवा भी चल रहे हैं। सचिन खुद भी युवा नेताओं में शुमार हैं। वे राष्ट्रीय स्तर पर कांग्रेस के युवा चेहरे हैं। इसलिए सहज भी युवा उनकी ओर आकर्षित होते हैं। पिछले विधानसभा चुनाव में सचिन पायलट के कारण कांग्रेस को युवाओं का खूब समर्थन प्राप्त हुआ था। लेकिन स्वयं को ठगा महसूस कर रहे सचिन पायलट को भी लग रहा है कि कांग्रेस सरकार ने युवाओं के साथ किए वायदे पूरे नहीं किए हैं। सचिन पायलट के साथ यात्रा में चलने वाले सैकड़ों युवा आगे चुनाव तक पायलट के लिए मददगार बनेंगे। हर जिले और गाँव तक इस यात्रा की प्रमुख बातें पहुचायेंगे। पायलट के साथ चलने वाले ये युवा चुनाव में कई भूमिका निभा सकेंगे। इनमें छात्र नेता भी साथ चल रहे हैं। बहरहाल, अपनी यात्रा के दौरान पायलट खुलकर मुख्यमंत्री गहलोत और कांग्रेस सरकार के खिलाफ मुखर हैं। मीडिया हो या जनता, दोनों के बीच पायलट ने युवाओं के मुद्दों को उठाया है। पेपर लीक का मुद्दा हो या फिर रोजगार की समस्या, पायलट ने युवाओं से कहा है कि हम इन मुद्दों पर अड़े रहेंगे। भ्रष्टाचार के मुद्दे को भी पायलट जोर–शोर से उठा कर कांग्रेस सरकार की कठिनाइयां बढ़ा रहे हैं। परंतु कांग्रेस नेतृत्व असमंजस की स्थिति में है, वह अशोक गहलोत और सचिन पायलट पर कोई निर्णय नहीं कर पा रहा है। मुख्यमंत्री अशोक गहलोत के सामने तो आलाकमान बेबस नजर आता है। इसलिए सब यही अंदाजा लगा रहे हैं कि सचिन पायलट की 'जन संघर्ष' यात्रा के बाद भी मुख्यमंत्री गहलोत की सेहत पर कोई फर्क नहीं पड़ेगा। हालांकि पायलट को लेकर भी कांग्रेस नरम पड़ी है। पूर्व में कांग्रेस के प्रमुख नेता पायलट पर अनुशासनहीनता के आरोप लगाकर कार्रवाई की मांग कर रहे थे। परंतु पायलट पर इन धमकियों से कोई दबाव नहीं बनता देख कांग्रेस के नेताओं को अपने सुर बदलने पड़े हैं। पायलट ने कांग्रेस को खूब आईना दिखाया कि अनुशासनहीनता वे नहीं बल्कि मुख्यमंत्री कर रहे हैं जो अपने ही चुने हुए विधायकों पर उल्टे–सीधे आरोप लगा रहे हैं। खैर, राजस्थान की यह राजनीतिक गर्मी अब उबाल पर है, जल्द ही कोई निर्णायक परिणाम दिखाई पड़ सकता है। पूरी संभावनाएं हैं कि सचिन पायलट अपने राहें कांग्रेस से अलग कर लें। जन संघर्ष यात्रा के दौरान उन्हें इस बात का अनुमान भी हो ही गया होगा कि कितनी जनता उनके साथ है और यह भी कि कांग्रेस में रहकर उनका भविष्य क्या रहेगा।

> पिछले विधानसभा चुनाव में सचिन पायलट के कारण कांग्रेस को युवाओं का खूब समर्थन प्राप्त हुआ था। लेकिन स्वयं को ठगा महसूस कर रहे सचिन पायलट को भी लग रहा है कि कांग्रेस सरकार ने युवाओं के साथ किए वायदे पूरे नहीं किए हैं। सचिन पायलट के साथ यात्रा में चलने वाले सैकड़ों युवा आगे चुनाव तक पायलट के लिए मददगार बनेंगे। हर जिले और गाँव तक इस यात्रा की प्रमुख बातें पहुचायेंगे। पायलट के साथ चलने वाले ये युवा चुनाव में कई भूमिका निभा सकेंगे। इनमें छात्र नेता भी साथ चल रहे हैं। बहरहाल, अपनी यात्रा के दौरान पायलट खुलकर मुख्यमंत्री गहलोत और कांग्रेस सरकार के खिलाफ मुखर हैं। मीडिया हो या जनता, दोनों के बीच पायलट ने युवाओं के मुद्दों को उठाया है। पेपर लीक का मुद्दा हो या फिर रोजगार की समस्या, पायलट ने युवाओं से कहा है कि हम इन मुद्दों पर अड़े रहेंगे। भ्रष्टाचार के मुद्दे को भी पायलट जोर–शोर से उठा कर कांग्रेस सरकार की कठिनाइयां बढ़ा रहे हैं।

## अमृत कलश

# अर्धनारीश्वर

**शिवजी** का अर्धनारीश्वर रूप उनकी शक्ति का प्रतीक है। शिव एक मात्र महादेव हैं जिनका आधा रूप नारी का आधा रूप पुरुष का है। शक्ति के बिना सृष्टि संभव नहीं है। बिना नारी के किसी का जन्म संभव नहीं है। शिव और शक्ति सृष्टि का मूलाधार है। बिना शक्ति के शिव शव के समान है। शिव बाबा जगत कल्याण और अपने भक्तों के दुख के निवारण के लिये विभिन्न नामों व रुपों में प्रकट होते हैं जो देवताओं के लिये भी संभव नहीं है। इन विभिन्न रुपों से मनुष्यों के साथ देवताओं की भी मुक्ति होती है। शिव बाबा का त्रिदेव में सबसे ज्यादा महत्व है I एक मात्र देव है जिनको महादेव भी कहते हैं एक मात्र देव हैं जिनकी ब्रम्हाण्ड प्रतीक शिवलिंग की पूजा होती है। शिव की पूजा सभी देवी देवताओं ने की थी। सृष्टि की रचना ब्रम्हाजी ने की I विष्णु जी पालक और रक्षक का कर्तव्य निभाते हैं। इसके चलते सृष्टि में जो असन्तुलन पैदा होता है, उसकी जिम्मेदारी शिव बाबा की है। शिव की भूमिका संहारक की है। इसका मतलब यह नहीं है कि वह मृत्यु देने वाले हैं। वह मृत्युंजय हैं वह संहार करके नये बीजों को, व मूल्यों के लिये जगह खाली करते हैं। शिव मंगल के प्रतीक हैं शिव संस्कृति हैं। शिव वस्त्र के रूप में बाघ की खाल को इस्तेमाल करते हैं। यह वस्त्र ऊर्जा का प्रतीक है। चन्द्र समय की निरंतरता का प्रतीक है। सागर मंथन में निकले 14 रत्नों में से जब विष को देवताओं ने ग्रहण नहीं किया तो संसार को विनाश से बचाने के लिये शिव ने उस विष को धारण कर उसकी गर्मी की शांति के लिये अपने मस्तक पर शापित चंद्र को धारण कर उसको सम्मान दिया।यह सन्देश है बुराई को गले से नीचे न उतारने का और शान्ति के लिये मस्तक को शीतल रखने का। शिव अपने तन में विभूति रमाते हैं। शिव अपना श्रृंगार शमशान की राख से करते हैं। शिव का एक रुप सर्व शक्तिमान महाकाल का भी है। शिव जन्म मृत्यु के चक्र को नियंत्रित रखते हैं। उन्होंने गले में सर्प लटकाया हुआ है जो योगीश्वर रूप का प्रतीक है। सांप न तो संचय करता है न ही अपने रहने के लिये घर बनाता है। वह स्वतंत्र रूप से सब जगह विचरण करता है। शिव के गले में सांप की तीन लपेटे हैं जो भूतकाल भविष्यकाल और वर्तमान काल का प्रतीक है। शिव के हाथों में विद्यमान डमरू नाद ब्रह्मा का प्रतीक है जब डमरू बजता है तो उसकी ध्वनि आकाश पाताल पृथ्वी को एक ताल में बांध देती है। यही नाद सृष्टि के सृजन का मूल बिन्दु है। शिव के त्रिनेत्र सृष्टि के सृजन पालन संहार के केन्द्र बिंदु है। एक नेत्र ब्रह्मा दूसरा विष्णु तीसरा स्वयं शिव का रूप माना जाता है। कोई पहले नेत्र को धरती दूसरे को आकाश तीसरे को प्रज्ञा मानते हैं।अग्नि का नेत्र खुला तो कामदेव भस्म हो गये थे।

## बोध कथा

# श्रेष्ठ और महान कौन?

**एक** बार मगध के सम्राट बिम्बिसार संत सत्यकेतु के आश्रम में पहुंचे और दण्डवत होकर निवेदन किया ,"भगवन ! इस विश्व में श्रेष्ठ और महान व्यक्ति कौन है ?" सत्यकेतु ने सामने खेत में काम कर रही एक अधिक उम्र की वृद्धा की ओर संकेत करते हुए कहा, 'उधर देखिए, उस वृद्धा के शरीर में शक्ति नहीं है, लेकिन कुदाली चला रही है। जानते हो क्यों ?"

**तब सम्राट ने पूछा, "क्यों ? "**

सत्यकेतु ने समझाया 100 वर्ष की अशक्त वृद्धा कुंआ अपने लिये नहीं खोद रही है। आप अपने लिये जीते हैं। मैं दूसरों के लिये जीता हूं। लेकिन यह वृद्धा मानव जाति के लिये जीना चाहती है। कुंआ खोदकर यह आते-जाते राहगीरों को पानी पिलायेगी। इसमें शक्ति नहीं है और ना ही इसे कुएं की आवश्यकता है। फिर भी लोक कल्याण की भावना इसमें कितनी है और यह भविष्य की सोच रखने वाली है। इसलिए कहता हूं कि वह विश्व की महानतम प्राणी है।

## भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद (आईसीएआर) दुनिया का सबसे बड़ा व व्यापक अनुसंधान संस्थान है

# कृषि के नये अध्यायों में आत्मनिर्भर भारत की बुनियाद

ललित गर्ग

> नौ वर्ष के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी शानस में भारत के उत्कर्ष, नव उदय और उत्थान के अनेक स्वर्णिम अध्याय लिखे गये हैं, इन 9 वर्षों में देश के समग्र विकास और समाज के अंतिम छोर पर खड़े व्यक्ति तक के कल्याण के लिए जो कदम उठाए गए हैं, वे स्तुत्य हैं। कृषि भारत की अर्थव्यवस्था की रीढ़ है। हमारी 70 फीसदी ग्रामीण आबादी कृषि या उससे जुड़े अन्य कार्यों से अनपी आजीविका चलाती है। ऐसे में उन्नत खेती एवं किसानों के कल्याण के लिये सरकार ने व्यापक प्रयत्न किये हैं और इन प्रयत्नों की पारदर्शिता एवं नरिन्तरता जरूरी है।

**भारत** में उन्नत कृषि की नई इबारत लिखी जा रही है। आत्म-निर्भर भारत की बुनियाद बनाने में कृषि आधार होगी। कृषि के माध्यम से ही भारत दुनिया की आर्थिक महाशक्ति बनने को तत्पर है। वैश्विक स्तर पर भारत की कृषि एक अनुकरणीय उपक्रम बन रही है, भारत कृषि नेतृत्वकर्ता एवं मार्गदर्शक की भूमिका में आ रही है। नौ वर्ष के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी शासन में भारत के उत्कर्ष, नव उदय और उत्थान के अनेक स्वर्णिम अध्याय लिखे गये हैं, इन 9 वर्षों में देश के समग्र विकास और समाज के अंतिम छोर पर खड़े व्यक्ति तक के कल्याण के लिए जो कदम उठाए गए हैं, वे स्तुत्य हैं। कृषि भारत की अर्थव्यवस्था की रीढ़ है। हमारी 70 फीसदी ग्रामीण आबादी कृषि या उससे जुड़े अन्य कार्यों से अपनी आजीविका चलाती है। ऐसे में उन्नत खेती एवं किसानों के कल्याण के लिये सरकार ने व्यापक प्रयत्न किये हैं और इन प्रयत्नों की पारदर्शिता एवं निरन्तरता जरूरी है। कृषि और किसान कल्याण मंत्री के रूप में नरेन्द्र सिंह तोमर के नेतृत्व में भारतीय कृषि ने अनूठे नये अध्याय रचे हैं। वर्तमान सरकार ने कृषि को सर्वाधिक महत्व दिया है। अवसर और संसाधन तो पूर्ववर्ती सरकारों को भी पर्याप्त मिले थे, लेकिन परिणाम निराशाजनक ही रहे। कृषि कभी भी उनकी प्राथमिकता का क्षेत्र नहीं रहा। कृषि का प्राथमिकता के क्षेत्रों में आना सुदृढ़ एवं शक्तिशाली भारत का द्योतक है। भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद (आईसीएआर) दुनिया का सबसे बड़ा व व्यापक अनुसंधान संस्थान है। संस्थान की अब तक की प्रगति प्रशंसनीय है। चाहे उत्पादन के लक्ष्य को प्राप्त करना हो, उत्पादकता बढ़ानी हो या जलवायु अनुकूल फसलें उत्पन्न करने की चुनौती हो, हर क्षेत्र में हमारे कृषि वैज्ञानिकों ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। प्राचीन काल में परंपरागत खेती के बाद कृषि के क्षेत्र की प्रगति में किसानों के परिश्रम के साथ ही वैज्ञानिकों का अनुसंधान मील का पत्थर साबित हुआ है। अब तक यह यात्रा संतोषजनक रही है, लेकिन देश को विकसित राष्ट्र की श्रेणी में लाने के लिए वर्ष 2047 तक अमृत काल में कृषि की चुनौतियों का समाधान, उन पर विजय प्राप्त करने का सरकार का लक्ष्य निश्चित ही सराहनीय है। विगत 9 वर्षों में कृषि क्षेत्र में किए गए भगीरथी प्रयासों के परिणाम अब स्वतः ही दृष्टिगोचर होने लगे हैं। जहां वर्ष 2013-14 में कृषि के लिए बजट में मात्र 21933 करोड़ रुपए था, वहीं इस वर्ष 2023-24 के बजट में 1 लाख 25 हजार करोड़ रुपए की



धनराशि का प्रावधान कृषि के लिए किया जाना सरकार की दूरगामी सोच को दर्शाता है। 2019 में शुरू की गई प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना का उद्देश्य हर किसान को प्रति वर्ष 6 हजार रुपए के रूप में ऐसा आर्थिक संबल दिया जा रहा है, जिससे न केवल किसान प्रतिकूल समय में कर्ज के जाल में फंसने से बच सके, बल्कि इस धनराशि से समय पर खाद-बीज की व्यवस्था भी कर सके। अन्याय क्षेत्रों के साथ कृषि क्षेत्र में भारत का वर्चस्व दुनियाभर में बढ़ रहा है, इसके साथ ही दुनिया भर की अपेक्षाएं भी बढ़ रही हैं। 2047 तक नए भारत को गढ़ने का लक्ष्य है। नए भारत के लिए नया विज्ञान, अनुसंधान, नया कौशल तथा नया इनोवेशन चाहिए क्योंकि आने वाला कल नए भारत का है। इसके लिए श्री नरेंद्र मोदी की सरकार नित-नए मंत्रों के आधार पर काम कर रही है। सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास और सबका प्रयास मोदी का मूलमंत्र है, किसी को न छोड़ते हुए लक्ष्य की ओर निरंतर बढ़ते जाना। पूर्व प्रधानमंत्री स्व. श्री लाल बहादुर शास्त्री ने नारा दिया था- जय जवान, जय किसान। पूर्व प्रधानमंत्री श्री अटल बिहारी वाजपेयी ने इसमें विज्ञान को जोड़ा और मोदी ने इसमें अनुसंधान भी जोड़ दिया है। भारत की कृषि के लिए यह मंत्र बन गया है- जय जवान जय किसान, जय विज्ञान और जय अनुसंधान। कृषि उत्पादों की दृष्टि से उल्लेखनीय तरक्की हुई है, भारत ने 4 लाख करोड़ रु. से अधिक का निर्यात किया है, जो अब तक का सबसे अधिक है। प्राकृतिक खेती व जैविक खेती पर बल देने के कारण इस तरह के उत्पाद दुनिया में और भी ज्यादा लोकप्रिय होने वाले हैं। जिससे भविष्य में निर्यात और बढ़ेगा, इसके लिये जरूरी है कि कृषि उत्पादन की गुणवत्ता वैश्विक मानकों पर खरी उतरने वाली हो, इस पर विशेष ध्यान देना होगा। प्राकृतिक खेती पर सरकार का बल है। प्रधानमंत्री श्री मोदी का आग्रह है कि हम प्राकृतिक खेती यानी गाय आधारित खेती करें। वेस्ट टू वैल्थ का काम हो। हमारे उत्पादों की गुणवत्ता और सुरक्षा भी अधिक रहे। निश्चित ही प्राकृतिक खेती अब भारत की सर्वोच्च प्राथमिकताओं में से एक है। प्राकृतिक खेती को बढ़ावा देने के लिए भारतीय प्राकृतिक कृषि पद्धति के अंतर्गत 8 राज्यों आंध्र प्रदेश, छत्तीसगढ़, केरल, हिमाचल प्रदेश, झारखंड, ओडिशा, मध्यप्रदेश व तमिलनाडु में 4.09 लाख हेक्टेयर क्षेत्र कवर किया गया है। सरकार प्राकृतिक खेती को जन आंदोलन बनाने की राह पर हैं और राष्ट्रीय प्राकृतिक खेती मिशन के अंतर्गत देश के 1 करोड़ किसानों को प्राकृतिक खेती अपनाने का लक्ष्य लेकर आगे बढ़ रहे हैं। मोदी का यह मिशन मृदा, किसान, कृषि और आमजन सभी के लिए हितकारी साबित होगा, इससे किसानों की समृद्धि बढ़ेगी एवं कृषि का क्षेत्र सर्वाधिक महत्वपूर्ण होगा। संपूर्ण दुनिया की खान-पान से जुड़ी विसंगतियों और उनसे उपजती स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं के निदान की दिशा में भारत सरकार की पहल पर संयुक्त राष्ट्र का वर्ष 2023 को अंतरराष्ट्रीय मिलेट वर्ष घोषित किया गया है। श्रीअन्न यानी मिलेट के उत्पादन, संवर्धन एवं विकास में भारत की अगुवाई बेहद महत्त्वपूर्ण कदम है। श्रीअन्न यानी मोटे अनाज को जनआंदोलन बनाने से जहां हमारी खाद्य विसंगतियों में सुधार आएगा, वहीं पोषण में भी सुधार होगा। साथ ही छोटे और मझोले किसानों के लिए भी श्री अन्न की खेती वरदान साबित होगी। कम पानी में होनी वाली ये फसलें बहुत उपयोगी साबित होंगी। मोदी ने ही मोटे अनाज की उपयोगिता को उजागर किया है, जिससे दुनियाभर में मोटे अनाज के लिये लोगों का आकर्षण बढ़ रहा है, भारत के योग एवं अहिंसा की ही भांति मोटे अनाज से दुनिया में भारत एक नयी पहचान बनाने के लिये अग्रसर है। देश के समग्र और संतुलित विकास को आगे बढ़ाया जा रहा है। जब समग्र विकास की बात करें तो कृषि का क्षेत्र देश के बैकबोन की तरह होना ही चाहिए। जलवायु परिवर्तन जैसी विभिन्न समस्याएं, किसानों की खड़ी फसलों में प्राकृतिक प्रकोप से नुकसान होने की चुनौती जैसे जटिल हालातों में नए भारत में कृषि की नई टेक्नालॉजी, नए अनुसंधान से कृषि एवं किसानों को जोड़ना हमारी प्राथमिकता होनी ही चाहिए। किसानों की आमदनी भी बढ़नी चाहिए, उनके घर में समृद्धि दिखे तथा गांवों को और कृषि क्षेत्र को समृद्ध किया जाये, तभी भारत वास्तविक रूप में नया भारत बन सकेगा।

# खुशियों भरी सफलता

> पश्चिमी दुनिया में और भारतीय संस्कृति में जो एक मूलभूत अंतर है वो यह भी है कि यहां हम अनपे ज्ञान को शौक नबा लेते हैं, व्यवसाय नहीं नबाते। पश्चिमी देशों में, खासकर अमेरिका में बच्चे यही सीखते हैं कि अनपे ज्ञान को, अनपे पैशन को ही अनपा व्यवसाय भी नबा लो।जापान में तो इकीगाई के न ाम से पूरी संस्कृति ही इस बात पर टिकी है कि अनपे ज्ञान और पैशन को ही अनपा व्यवसाय भी नबा लो। जिस बिनजेस को चलाने में और बढ़ाने में आनंद भी मिले, वह तो सोने पर सुहागा जैसा है। यह जानते हुए भी हम ज्ञान को पैशन से आगे न हीं बढ़ाते, उसे अनपे व्यवसाय में नहीं बदलते, उसे अनपी आय का सानध या अतिरिक्त आय का सानध नबाने की बात न हीं सोचते। इकीगाई के चार स्तंभ हैं निजमें से पहला है पैशन, यानी धुन। किसी काम की धुन होना, इस हद तक उसके पीछे पडना कि वो नसक नब जाए। वो होता है पैशन। इकीगाई का दूसरा स्तंभ है मिशन, यानी लक्ष्य, जीनव का लक्ष्य। तीसरा स्तंभ है वोकेशन, यानी वह काम जिसमें रुचि हो, वह व्यवसाय जिसमें रुचि हो।

**हम** सब जानते हैं कि सैर पर जाना सेहत के लिए अच्छा है। हम सब जानते हैं कि भोजन चबा-चबाकर खाना सेहत के लिए अच्छा है। हम जानते हैं कि यह सच है, मानते भी हैं कि यह सच है, पर जानते और मानते हुए भी हम उसे जीवन में नहीं उतारते। अक्सर ऐसा ही होता है, ज्यादातर लोगों के साथ ऐसा ही होता है। हम सब जानते हैं कि कुछ नया सीखना अच्छा है क्योंकि इसके कई लाभ हैं। पहला लाभ तो यही है कि हमने कुछ नया सीख लिया, दूसरा लाभ यह है कि यह समय का सदुपयोग है, तीसरा लाभ यह है कि जब हम कुछ नया सीखते हैं तो हमारे मस्तिष्क का व्यायाम होता है, हमारे मस्तिष्क के न्यूरॉन नये तरीके से जुड़ते हैं और हमारी याद्दाश्त तेज होती है, चौथा लाभ यह है कि अगर हम कुछ नया सीखते हैं तो हम अपने उस नये ज्ञान को अपनी आय का साधन भी बना सकते हैं। पश्चिमी दुनिया में और भारतीय संस्कृति में जो एक मूलभूत अंतर है वो यह भी है कि यहां हम अपने ज्ञान को शौक बना लेते हैं, व्यवसाय नहीं बनाते। पश्चिमी देशों में, खासकर अमेरिका में बच्चे यही सीखते हैं कि अपने ज्ञान को, अपने पैशन को ही अपना व्यवसाय भी बना लो। जापान में तो इकीगाई के नाम से पूरी संस्कृति ही इस बात पर टिकी है कि अपने ज्ञान और पैशन को ही अपना व्यवसाय भी बना लो। जिस बिजनेस को चलाने में और बढ़ाने में आनंद भी मिले, वह तो सोने पर सुहागा जैसा है। यह जानते हुए भी हम ज्ञान को पैशन से आगे नहीं बढ़ाते, उसे अपने व्यवसाय में नहीं बदलते, उसे अपनी आय का साधन या अतिरिक्त आय का साधन बनाने की बात नहीं सोचते। इकीगाई के चार स्तंभ हैं जिनमें से पहला है पैशन, यानी धुन। किसी काम की धुन होना, इस हद तक उसके पीछे पडन्ना कि वो सनक बन जाए। वो होता है पैशन। इकीगाई का दूसरा स्तंभ है मिशन, यानी लक्ष्य, जीवन का लक्ष्य। तीसरा स्तंभ है वोकेशन, यानी वह काम जिसमें रुचि हो, वह व्यवसाय जिसमें रुचि हो। चौथा और अंतिम स्तंभ है प्रोफेशन, यानी वह व्यवसाय जिसमें महारत हो, कुशलता हो, जिस काम में हम कुशल हों, जिसे हम सरलता से और ठीक तरीके से कर सकें। इन चारों के मेल से बनता है इकीगाई। इसे थोड़ा और समझते हैं। जब सिर्फ पैशन और प्रोफेशन मिलते हैं, यानी वह काम जिसकी हमें धुन लगी हो, सनक हो और हमें उसमें महारत भी हो, हम वो करने लग जाएं तो तसल्ली तो बहुत होती है लेकिन धीरे-धीरे यह भी समझ आने लगता है कि हमारी इस धुन का और इस महारत का दुनिया के लिए कोई उपयोग नहीं है, तो आखिरकार अनुपयोगी होने की स्थिति खलने लगती है। इसी तरह अगर पैशन के साथ मिशन भी मिल जाए, यानी हम कोई ऐसा काम करना शुरू कर दें जिसकी हमें धुन भी थी और वही हमारे जीवन का लक्ष्य भी था तो खुशी तो बहुत मिलती है पर उसे हम ऐसे व्यवसाय में नहीं बदल सकते जिससे हमें धन भी मिले। हमें समझना होगा कि हम सांसारिक व्यक्ति हैं, परिवार भी चलाना है और परिवार चलाना है तो धन भी चाहिए ही। कहा भी गया है कि 'भूखे भजन न होई गोपाला'। इसी का अगला पक्ष है कि हम कोई ऐसा काम करना शुरू कर दें जिसमें हमें रुचि हो और वही हमारे जीवन का लक्ष्य भी हो, यानी मिशन और वोकेशन मिल जाएं और हम उसे व्यवसाय बना लें तो यह तो सच है कि हम खूब उत्साह से काम करेंगे, संतोष भी होगा कि हम वही कर रहे हैं जो करना चाहते हैं लेकिन उसमें हमेशा एक अनिश्चितता बनी रहेगी क्योंकि उस काम का केंद्र हम हैं, लोग नहीं। हमने यह नहीं देखा कि लोगों को उसकी जरूरत है या नहीं। हमने यह नहीं देखा कि हमारे उस काम की बाजार में भी कोई मांग है या नहीं, क्योंकि दुनिया को उसकी जरूरत तो है पर वो उसके लिए पैसे नहीं देना चाहते, खर्च नहीं करना चाहते। इसकी जगह हम किसी ऐसे व्यवसाय में पड़ जाएं जिसमें हमारी रुचि है और महारत भी है, हम उसे कुशलतापूर्वक कर भी सकते हैं, यानी वोकेशन और प्रोफेशन मिल जाएं तो हमें धन तो मिलेगा पर संतोष नहीं होगा। हम हल में जुते हुए बैल की तरह बन जाते हैं जो काम तो करता है, पर एक ही दायरे में घूमता रहता है। आत्मसंतोष के बिना किया जाने वाला व्यवसाय, चाहे उसमें कितना ही धन क्यों न हो, अंततः जीवन में खालीपन का एहसास करवाता है। इसीलिए इकीगाई संस्कृति का मानना है कि हम ऐसा व्यवसाय चुनें जिसमें इकीगाई के चारों स्तंभों का संतुलन हो, यानी पैशन (धुन), मिशन (जीवन का लक्ष्य), वोकेशन (रुचि) और प्रोफेशन (वह व्यवसाय जिसमें हम कुशल हों), ये चारों मिल जाएं तो इकीगाई हो जाती है, यानी जीवन में पूर्णता आती है, संतुलन आता है, समृद्धि आती है और खुशी भी आती है। मैं इसे 'खुशियों भरी सफलता' कहता हूं जिसका अर्थ है कि हम जीवन के हर क्षेत्र में सफल हैं, हमारा परिवार खुशहाल है, हमारे रिश्तों में मिठास है और हमारे पास सुख-सुविधा के आवश्यक साधन भी हैं। इस सीख के तीन चरण हैं। पहला चरण है जानना, किसी तथ्य को जानना, उसकी जानकारी होना, उसका पता होना। दूसरा चरण है मानना, यह मानना कि हां, यह सच है, संभव है, डू-एबल है, करने योग्य है। तीसरा चरण है ठानना, यह ठान लेना कि इसी को जीवनयापन का, आय का, या कम से कम अतिरिक्त आय का साधन बनाएंगे। जानने और मानने की बात हम शुरू में ही कर चुके हैं। वहां तक कुछ खास नहीं होता, जब तक कि हम ठान न लें, यानी एक्शन न लें, उसे जीवन में न उतारें, उसका कार्यान्वयन न करें। लेकिन जैसे ही हम ठान लेते हैं तो चमत्कार होने शुरू हो जाते हैं। रास्ते की कठिनाइयां दूर करने के लिए नये-नये विचार आने शुरू हो जाते हैं। योजना को अमलीजामा पहनाने में देर तो हो सकती है, साधन इक_ करने में भी अड़चनें आ सकती हैं, लेकिन धीरे-धीरे उनके समाधान निकल आते हैं, संयोग बनते चलते हैं, चमत्कार होते चलते हैं और काम बन जाता है। ठान लेने की बात है, सब कुछ यहीं से शुरू होता है। कोविड के जब नौकरियां गईं, व्यवसाय बंद हुए और बिजनेस माडल बदलने पड़ गए, तब समझ आया कि आपका ज्ञान, आपकी पैशन, आपका व्यवसाय भी बन सकता है। बेरोजगारी सामने थी तो सोचना शुरू हुआ, कोशिश शुरू हुई और आखिरकार दिन फिरे क्योंकि यह स्पष्ट हो गया था कि कोशिश करेंगे तो हल निकलेगा, आज नहीं तो कल निकलेगा, जो आज है थमा-थमा सा, वो भी चल निकलेगा। अब हमें करना सिर्फ यह है कि हम उस पाठ को न भूलें, जीवन में इकीगाई को अपनाएं, पूर्णता को अपनाएं, व्यावसायिक दृष्टि से सफल हों और रिश्ते भी मजबूत बनाएं, मिठास भरे बनाएं ताकि जीवन में खुशहाली भी हो। ऐसा होगा तो इकीगाई हो जाएगी, खुशियों भरी सफलता आएगी। यही करना है, बस यही करना है।

## नागरिक बोध

# मौसमों की उठापटक का उपहार

**बंधु** मौसम बदल रहा है? जी नहीं, वह मौसम नहीं कि जिसमें हम सिर हिला कर कहें कि अरे इस बार तो गर्मी पड़ी ही नहीं। चिलचिलाती हुई गर्मी का महीना क्या इस बार केवल किताबों में ही दिखाई देगा? यहां तो आलम यह है कि दो दिन भरपूर गर्मी पड़ती है और तीसरे दिन ऐसे भरपूर बादल घिर-घिर आते हैं, अन्धड़ चलती है, बारिश और ओले तक गिर कर हमारे घर आंगन को सराबोर कर देते हैं। लीजिए, जैसा हमारा यह तपता हुआ मैदानी इलाका न हुआ। इस शहर में चिरापूंजी घुस आया हो। अजी इतनी दूर जाने की जरूरत ही क्या है? करीब रहना है तो अपने शहर में धर्मशाला की आमद महसूस कर लो। इन बदलते मौसमों का क्या कहें? लम्बा वक्त हो गया, शायद पूरा डेढ़ साल, जब से अपने शहरों में हम वायरस कहलाने वाले आगन्तुकों का प्रवेश महसूस कर रहे हैं। यह वायरस अचानक प्रकट होते हैं और आपको महामारी का तोहफा दे जाते हैं। लीजिये साहिब, जब यह महामारी ही आपका पीछा न छोड़े, लहर दर लहर चली आये, ठंड, कंपकपी, खांसी, तेज बुखार और फिर फेफड़ों की घुटन बांटती फिरे। अच्छे भले लोगों को बिस्तर पर डाल दे। मौतों के अम्बार लगा दे, परन्तु आप इसे अभिशाप कहिए, तोहफा क्यों और कैसे कहने लगे? क्या भाषा का अपना सब ज्ञान भूल गए। 'जी नहीं, विद्वान कहां भूलते हैं सब कुछ।' फिर संक्रमण के रूप बदल कर लौट आने को इन्सानों पर वज्रपात नहीं, तोहफा कहने की धृष्टता क्यों करते हैं। जरूर इनमें उनका मानवीय चेतना को जगाने का कोई संदेश छिपा होगा। सामाजिक अंतर रखने का कोई आग्रह या मास्क या सैनेटाइजर के पुनः प्रयोग की कोई चेतना छिपी होगी जिसे उन्होंने तोहफा कह दिया। नहीं बन्धु, जिन्दगी इतनी सरल और नये-नये डिजिटल हुए भारत के उस वैबीनार नुमा जहां की तरह नहीं कि जहां आपने शब्दों के अर्थ का रूप बदल कर उन्हें एक तालियां बजाने वाली आदर्शवाद धरातल दे दी। परन्तु अगर रूप बदलने की बात ही करनी है, तो महामारी की लहर दर लहर को प्रणोता उस धूर्त वायरस के बदलते रूपों की पहचान क्यों न करो? पिछले डेढ़ साल से इसने अच्छी-भली जिन्दगियों को बंद घरों के अजनबी कमरों में कैद रहने की मजबूरी बना दिया है। सुबह, दोपहर, शाम के चेहरे बदल दिये हैं। सुबह उठने पर धर्म स्थानों की जगह अपने अन्तस में ईश्वर टटोलने का संदेश दे दिया है। दोपहर में मुंह का बुर्का ओढ़ कर दो हाथ दूर से बतियाने का संदेश अलगाव का निगाहबान बना दिया और शाम अकेलेपन की उन अनुभूतियों से सनी हुई है जहां कहवा घरों से मयखानों के दरवाजों तक तुम्हें आमंत्रित नहीं करते और छविगृहों से लेकर क्लब घर तुम्हारे बैठक कक्षों में सिमट आये हैं। यहां बीवी की नुक्ताचीनी और बच्चों की छीना-झपट तुम्हें जीवन के क्षणभंगुर हो जाने का संदेश देती रहती है। तब फिर जवाब दो तुमने इस बदले जीवन के चेहरे पर तोहफे का नकाब ओढ़ाने का साहस कैसे कर लिया? अजी आलीजाह हमने यह साहस कहां किया। हम तो अभी भी उसी फुटपाथ पर हैं, अच्छे दिन आ जाने के किसी नये भाषण पर विश्वास करते हुए।

## देश दुनीया से

# भू-जल का बढ़ता महत्त्व

**जलवायु** परिवर्तन के दौर में पूरी दुनिया में जल आपूर्ति अपने आप में एक चुनौती के रूप में उभरती दिख रही है। पृथ्वी का 71 प्रतिशत हिस्सा पानी से ढका हुआ है। कुल उपलब्ध जल का 97 फीसदी भाग सागरों में है, जो खारा है, इसलिए पीने या सिंचाई के काम नहीं आ सकता है। केवल तीन प्रतिशत ही प्रयोग के योग्य है, जिसमें 2.4 प्रतिशत ग्लेशियरों में है। केवल 0.6 प्रतिशत जल ही नदियों, झीलों आदि में है। पृथ्वी पर कुल 32 करोड़ 60 लाख खरब गैलन पानी है। यह मात्रा घटती-बढ़ती नहीं है। सागरों से पानी भाप बन कर बादलों के रूप में बरसता है। इसमें से कुछ ही ग्लेशियरों और बर्फ, नदी जल, भूजल के रूप में धरती पर रुक जाता है, बाकी बह कर फिर समुद्र में चला जाता है। जो पानी धरती पर रुक गया वही हमारे उपयोग के योग्य बचता है। जलवायु परिवर्तन से जमीन पर गर्मी बढ़ रही है और इससे ग्लेशियर और बर्फ के रूप में रुकने वाला जल ग्लेशियर और बर्फ के पिघलने की गति बढने के कारण घटता जा रहा है। अति वृष्टि और अनावृष्टि का चक्र चल पड़ा है। वर्षा वाले दिन कम हो रहे हैं और वर्षा की बौछार बढ़ती जा रही है। कई कई दिन होने वाली बारीक बारिश की फुहार गए जमाने की बात हो गई है, जिससे भूजल पुनर्भरण ज्यादा होता था। ग्लेशियर पिघलने की दर तेज होने से आकलन के मुताबिक 2050 तक हिमालय के ग्लेशियर लगभग समाप्त हो जाएंगे, जिससे नदी जल की वर्ष भर की सतत आपूर्ति बाधित हो जाएगी। इससे भूजल पर निर्भरता बढ़ती जाएगी। इस समय भी देश में 61.6 फीसदी भूमि सिंचाई के लिए भूजल पर निर्भर है। केवल 24.5 फीसदी ही नहरों से सिंचित है। शेष अन्य पारंपरिक साधनों से सिंचाई होती है। कुल निकाले गए भूजल का 89 फीसदी सिंचाई के लिए, 2 फीसदी उद्योगों के लिए और 9 फीसदी घरेलू उपयोग के लिए प्रयोग हो रहा है। भूजल के अत्यधिक दोहन से भूजल स्तर लगातार नीचे जा रहा है, जिस कारण भूजल दोहन के लिए ऊर्जा का खर्च बढ़ता ही जा रहा है और देश के लगभग एक-तिहाई जिलों में स्थायी भूजल भंडार भी समाप्त हो गए हैं। हमें उतना ही भूजल निकालना चाहिए जितना हर वर्ष पुनर्भरण से इकट्ठा होता है। यदि उससे ज्यादा दोहन करेंगे तो स्थायी भूजल भंडार खत्म होते जाएंगे। इस आसन्न संकट को देख कर ही हमें भूजल विकास कार्यक्रम बनाने चाहिए और उनका अनुश्रवण करना चाहिए। भूजल के मामले में एक तो हमारे पास वर्तमान तकनीकों से मेल खाने वाले कानूनों का भी अभाव था, दूसरे व्यवस्थित अनुश्रवण व्यवस्था भी नहीं थी। 2005 के कानून ने इस कमी को कुछ हद तक पूरा किया है। उससे पहले 1882 का एक कानून था जिसके अनुसार कोई भी अपनी जमीन के नीचे से भूजल दोहन कर सकता था। जाहिर है कि उस समय ऊर्जा चालित गहरे कुएं बनाने की तो कोई सुविधा ही उपलब्ध नहीं थी। लोग रेहट, कुओं आदि से भूजल दोहन करते थे जिससे भूजल स्तर पर कोई प्रभाव पडने की संभावना ही नहीं रहती थी। आज जब एक डेढ़ हजार फुट नीचे तक से भूजल का निकास संभव हो गया है तो सोचना जरूरी है। भूजल भंडार कोई निजी जमीन तक सीमित रहने वाली संरचना नहीं है। भूगर्भ विज्ञान के विकास के साथ हमें पता चल गया है कि भूजल भंडार तो मीलों तक आपस में जुड़े हो सकते हैं। इसका अर्थ यह हुआ कि भूजल को निजी भूमि से जुड़े व्यक्तिगत अधिकार के रूप में मान्यता नहीं दी जा सकती है। भूजल एक सामुदायिक संसाधन है। इसलिए सामुदायिक हितों के दृष्टिगत ही इसका प्रबंधन होना चाहिए। वर्तमान कानून में इस दिशा में रास्ता बना है किन्तु मौके पर कानून के प्रावधानों को लागू करने की लचर व्यवस्थाओं से काम चलने वाला नहीं है।

> जलवायु परिवनर्त से जमीन पर गर्मी बढ़ रही है और इससे ग्लेशियर और बर्फ के रूप में रुनके वाला जल ग्लेशियर और बर्फ के पिघनले की गति बढने के कारण घटता जा रहा है। अति वृष्टि और अनावृष्टि का चक्र चल पड़ा है। वर्षा वाले निद कम हो रहे हैं और वर्षा की बौछार बढ़ती जा रही है। कई कई निद होने वाली बारीक बारिश की फुहार गए जमाने की बात हो गई है, जिससे भूजल पुनर्भरण ज्यादा होता था। ग्लेशियर पिघनले की दर तेज होने से आकनल के मुताबिक 2050 तक हिमालय के ग्लेशियर लगभग समाप्त हो जाएंगे, जिससे नदी जल की वर्ष भर की सतत आपूर्ति बाधित हो जाएगी। इससे भूजल पर नर्भिरता बढ़ती जाएगी। इस समय भी देश में 61.6 फीसदी भूमि सिंचाई के लिए भूजल पर नर्भिर है। केवल 24.5 फीसदी ही नहरों से सिंचित है।



# फिर टूट सकता है पाकिस्तान! इमरान खान की चेतावनी- तबाही की तरफ बढ़ रहा देश

**इस्लामाबाद।**

**पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान ने चेतावनी दी है कि पाकिस्तान, तबाही की तरफ बढ़ रहा है और ईस्ट पाकिस्तान (मौजूदा बांग्लादेश) जैसी स्थितियां फिर पैदा हो सकती हैं। इमरान खान ने आरोप लगाया कि सत्ताधारी गठबंधन उनकी पार्टी के खिलाफ साजिश रच रहा है। बता दें कि बीते दिनों इस्लामाबाद हाईकोर्ट परिसर से हुई इमरान खान की गिरफ्तारी के बाद पाकिस्तान में जगह-जगह हिंसा की घटनाएं हुईं थी। जिसके खिलाफ अब सेना और पुलिस प्रशासन कार्रवाई कर रहा है और बड़ी संख्या में पीटीआई कार्यकर्ताओं और नेताओं को गिरफ्तार किया जा रहा है।**

### तबाही की तरफ बढ़ रहा पाकिस्तान

इमरान खान ने लाहौर में जमान पार्क स्थित अपने आवास से एक वीडियो जारी कर कहा कि मुझे डरावने सपने आ रहे हैं कि देश तबाही की तरफ बढ़ रहा है। मैं सत्ता में बैठी ताकतों से अपील करता हूं कि चुनाव हो जाने दें और देश को बचाएं। इस पूरे हंगामे और राजनीतिक अस्थिरता का एक ही उपाय है कि चुनाव कराए जाएं। इमरान ने कहा कि पीडीएम (पाकिस्तान डेमोक्रेटिक मूवमेंट) नेता और नवाज शरीफ, जो लंदन में रह रहे हैं, उन्हें संविधान के अपमान, सरकारी संस्थानों के तबाह होने और पाकिस्तानी सेना की बदनामी से कोई फर्क नहीं पड़ता। वह सिर्फ अपना फायदा देख रहे हैं और लूटी गई दौलत को बचाने में जुटे हैं।

### फिर से ईस्ट पाकिस्तान जैसे हालात हो सकते हैं पैदा

पीटीआई चीफ ने कहा कि यह अहम समय है, जब सत्ता में बैठी ताकतों को संवेदनशील होकर सोचना चाहिए वरना देश में एक बार फिर से ईस्ट पाकिस्तान जैसी स्थिति पैदा हो सकती है। बता दें कि बांग्लादेश पहले पाकिस्तान का हिस्सा था और तब उसे ईस्ट पाकिस्तान के नाम से जाना जाता था। ईस्ट पाकिस्तान में पश्चिमी पाकिस्तानी शासन के खिलाफ गुस्सा था और उस गुस्से को मुजीबुर रहमान ने क्रांति में बदला। इसके बाद 1971 की लड़ाई में भारत ने पाकिस्तान को हराया और पाकिस्तान से ईस्ट पाकिस्तान टूटकर बांग्लादेश बना।

### इमरान ने घर में आतंकियों के छिपे होने की बात को नकारा

इमरान खान ने यह वीडियो लिंक ऐसे समय साझा किया, जब लाहौर में सेना और पुलिस के जवान इमरान खान के आवास को चारों तरफ से घेर चुके हैं। सरकार का आरोप है कि इमरान खान के घर में 40 आतंकी छिपकर बैठे हैं। जिसके चलते सेना और पुलिस इमरान खान के घर पर कार्रवाई करने वाली हैं। इस पर इमरान ने कहा कि उनके घर पर छापेमारी के लिए यह साजिश रची जा रही है। इमरान ने कहा कि सरकार सर्च वारंट लेकर आए और कानूनी तरीके से उनके घर की तलाशी ले क्योंकि अगर उनके घर में आतंकी छिपे बैठे हैं तो इससे उनकी अपनी जिंदगी खतरे में है। इमरान खान ने मीडिया के लोगों को भी अपने घर बुलाकर अपना घर दिखाया और मीडिया ने पीटीआई चीफ के घर में किसी आतंकी के छिपे होने से इनकार किया है।

## न्यूज ब्रीफ

### भारतीय मूल की प्रतिमा भुल्लर, न्यूयॉर्क पुलिस में बनीं कैप्टन, ये पद पाने वाली पहली दक्षिण एशियाई महिला

**न्यूयॉर्क ।** भारतीय मूल की पुलिस अधिकारी प्रतिमा भुल्लर मालडोनाडो को न्यूयॉर्क पुलिस में कैप्टन पद पर



नियुक्त किया गया है। इस पद पर नियुक्त होने वाली मालडोनाडो, दक्षिण एशियाई मूल की पहली महिला बन गई हैं। बता दें कि प्रतिमा भुल्लर को बीते महीने कैप्टन पद पर नियुक्त किया गया था। फिलहाल वह साउथ रिचमंड हिल इलाके के 102वें पुलिस स्टेशन का नेतृत्व करेंगी। प्रतिमा भुल्लर का जन्म पंजाब में हुआ था और वह नौ साल तक पंजाब में ही रहीं। नौ साल की उम्र में वह अपने माता-पिता के साथ न्यूयॉर्क चली गईं थी। रिचमंड हिल इलाके में बतौर कैप्टन बनने पर प्रतिमा ने कहा कि यह घर वापस आने जैसा है। मैंने अपने जीवन के 25 से भी ज्यादा साल इस इलाके में गुजारे हैं। बता दें साउथ रिचमंड इलाके में बड़ी तादाद में सिख समुदाय के लोग रहते हैं। उन्होंने कहा कि जिस गुरुद्वारे वह बचपन में जाती थीं, अब उसी गुरुद्वारे कैप्टन के रूप में जाऊंगी और यह मजेदार है। प्रतिमा ने कहा कि बतौर कैप्टन उनका जोर कम्युनिटी पुलिसिंग पर रहेगा। न्यूयॉर्क पुलिस में शीर्ष पद पर पहुंचने पर प्रतिमा भुल्लर ने कहा कि कई बार आपको आपके काम के लिए तारीफ नहीं मिलती लेकिन इसके बावजूद आपको काम करना होता है। यह एक बड़ी जिम्मेदारी है और मैं ना सिर्फ अपने समुदाय बल्कि महिलाओं, बच्चों और हर किसी के सामने पुलिस का अच्छा उदाहरण पेश करना चाहती हूं। प्रतिमा भुल्लर ने कहा कि उनके पिता न्यूयॉर्क में टैक्सी चलाते थे, उन्होंने कड़ी मेहनत की थी। 2006 में प्रतिमा के पुलिस विभाग में जॉइन करने से पहले ही उनका निधन हो गया। प्रतिमा ने कहा कि उनके पिता को उन पर गर्व होगा। बता दें कि न्यूयॉर्क पुलिस विभाग में 33,787 सदस्य हैं, जिनमें से 10.5 प्रतिशत एशियाई हैं।

### हाइपरसोनिक मिसाइल के वैज्ञानिकों पर देशद्रोह का आरोप, साइंटिस्ट बोले- ऐसे डर के नहीं कर सकते काम

**मॉस्को ।** रूस में हाइपरसोनिक मिसाइल पर काम करने वाले तीन वैज्ञानिकों पर राजद्रोह के गंभीर



आरोप लगे हैं। रूसी सरकार ने यह जानकारी दी है। वहीं वैज्ञानिकों पर राजद्रोह के आरोप लगने से पूरा वैज्ञानिक समुदाय चिंतित है और उन्होंने सरकार को पत्र लिखकर कहा है कि वह डर के माहौल में काम नहीं कर पा रहे हैं। वहीं सरकार ने कहा कि यह देश की सुरक्षा से जुड़ा मामला है और सुरक्षा एजेंसियां इसकी जांच कर रही हैं। बता दें कि रूस के जिन वैज्ञानिकों पर देशद्रोह का आरोप लगा है, उनमें एनातोली मासलोव, एलेक्जेंडर शिपलियुक और वलारी ज्वेगिनत्सेव का नाम शामिल है। रूस के रिसर्च सेंटर में काम करने वाले मासलोव और शिपलियुक ने साल 2012 में फ्रांस में आयोजित एक सेमिनार में हाइपरसोनिक मिसाइल के डिजाइन को प्रदर्शित किया था। साथ ही साल 2016 में तीनों आरोपित वैज्ञानिकों ने हाइपरसोनिक मिसाइल पर एक किताब भी लिखी थी। माना जा रहा है कि इन्हीं के चलते वैज्ञानिकों पर राजद्रोह का आरोप लगा है। अब इन वैज्ञानिकों के समर्थन में इनके सहयोगी वैज्ञानिकों ने सरकार को पत्र लिखा है, जिसमें कहा गया है कि जिन वैज्ञानिकों पर आरोप लगे हैं वह निर्दोष हैं और उनके खिलाफ देशद्रोह की कार्रवाई से रूस का वैज्ञानिक समुदाय चिंतित है। पत्र में कहा गया है कि हम उन्हें जानते हैं कि वह देशभक्त हैं और उन्होंने ऐसा कुछ नहीं किया है, जो जानकारी उन्होंने सार्वजनिक की है, वह कई बार चेक की गई थी कि कहीं उसमें कोई प्रतिबंधित जानकारी तो नहीं है, उसके बाद ही उसे सार्वजनिक किया गया था। वैज्ञानिकों ने पत्र में कहा है कि राजद्रोह का आरोप लगने के बाद युवा छात्र हमारे साथ काम करने के लिए तैयार नहीं हैं और होनहार छात्र विज्ञान छोड़ रहे हैं।

### कोलंबियन प्रेसिडेंट बोले-प्लेन क्रैश के 18 दिन बाद मिले बच्चेः अमेजन में 4 को ढूंढा; सेना का इनकार, कहा- बच्चे हमारी कस्टडी में नहीं

**बोगोटा।** कोलंबिया के अमेजन जंगल में प्लेन क्रैश के 18 दिन बाद 4 बच्चे जिंदा मिलने वाली खबर को लेकर सस्पेंस बना हुआ है। दरअसल, कोलंबियन प्रेसिडेंट गुस्तावो पेट्रो का कहना है कि क्रैश के बाद लापता हुए बच्चे मिल गए हैं। लेकिन सर्च ऑपरेशन में जुटी सेना ने इसकी पुष्टि नहीं की है। मिलिट्री ऑफिसर्स का कहना है कि बच्चे उनकी कस्टडी में नहीं हैं। अब कोलंबिया की जनता का कहना कि प्रेसिडेंट पेट्रो बच्चों के जिंदा होने की झूठी उम्मीदें दे रहे हैं। रिपोर्ट के मुताबिक, 1 मई को सेसना 206 नाम का प्लेन तकनीकी खराबी के कारण क्रैश हो गया था। इसमें 4 बच्चों समेत 7 लोग सवार थे। घटना की जानकारी मिलने के बाद कोलंबिया सरकार और मिलिट्री ने रेस्क्यू एंड सर्च ऑपरेशन- ऑपरेशन होप शुरू कर दिया था। मिलिट्री के एक अधिकारी ने कहा- हमें जंगल में एक जगह लकड़ी से बनाया गया एक टेंपरेरी शेल्टर मिला है।


## मुंबई हमले के मास्टरमाइंड का दोस्त तहव्वुर भारत लाया जाएगा

# मारे गए आतंकियों को पाकिस्तान में सबसे बड़ा सम्मान दिलाना चाहता था

**वॉशिंगटन।**

2008 के मुंबई आतंकी हमले के आरोपी पाकिस्तानी मूल के कनाडाई बिजनेसमैन तहव्वुर राणा को भारत प्रत्यर्पित किया जा सकता है। 62 साल का तहव्वुर अमेरिका की जेल में बंद है। लॉस एंजिलिस के डिस्ट्रिक्ट कोर्ट ने 16 मई के आदेश में कहा है कि जिन आरोपों को आधार बनाकर भारत ने तहव्वुर के प्रत्यर्पण की मांग की है, उन्हें देखते हुए उसके प्रत्यर्पण की इजाजत दी जा सकती है। कोर्ट के 48 पेज के ऑर्डर में मुंबई आतंकी हमले में तहव्वुर राणा की भूमिका साफ होती है। कोर्ट ऑर्डर के दस्तावेजों के मुताबिक, राणा मुंबई हमले के बाद के दिनों में बेफिक्र हो गया था। वह चाहता था कि लश्कर-ए-तैयबा के आतंकियों को पाकिस्तान का सबसे ऊंचा सैन्य सम्मान दिया जाए। मुंबई के आंतकी हमले के सिलसिले में नेशनल इन्वेस्टिगेशन एजेंसी तहव्वुर की पूरी भूमिका की पड़ताल कर रही है। इन हमलों में तहव्वुर ने आतंकियों को मदद पहुंचाई थी, इसी के चलते भारत ने उसके प्रत्यर्पण की मांग की थी। भारत की मांग के बाद उसे अमेरिका में गिरफ्तार किया गया।





**हमले के मास्टर माइंड डेविड हेडली के बचपन का दोस्त है तहव्वुर** - कोर्ट में सुनवाई के दौरान सरकारी वकीलों ने तर्क दिया कि तहव्वुर इस हमले के मास्टर माइंड डेविड हेडली का बचपन का दोस्त है, और उसे पता था कि हेडली लश्कर-ए-तैयबा के साथ मिलकर काम कर रहा है। हेडली की मदद करके और उसे आर्थिक मदद पहुंचाकर तहव्वुर आतंकी संस्था और उसके साथ आतंकियों को भी सपोर्ट कर रहा था। राणा को जानकारी थी कि हेडली किससे मिल रहा है, क्या बात कर रहा है। उसे हमले की प्लानिंग और कुछ टारगेट्स के नाम भी पता थे। अमेरिकी सरकार ने कहा है कि राणा इस पूरी साजिश का हिस्सा था और इस बात की पूरी आशंका है कि उसने आतंकी हमले को फंडिंग देने का अपराध किया है।

**हमले में मारे गए 9 आतंकियों को निशान-ए-हैदर दिलवाना चाहता था** - कोर्ट की तरफ से जारी किए गए प्रत्यर्पण के ऑर्डर के मुताबिक, इस हमले का एक सह आरोपी राणा से दुबई में मिला था। 25 दिसंबर 2008 को उसने हेडली को एक मेल लिखकर पूछा कि राणा कैसा है क्या वो घबराया हुआ है या रिलैक्स्ड है अगले दिन हेडली ने जवाब दिया था कि राणा एकदम बेफिक्र है और मुझे भी समझा रहा है कि मैं न घबराऊं। 7 सितंबर 2009 को राणा ने हेडली से कहा था कि मुंबई हमले में मारे जाने वाले 9 आतंकियों को पाकिस्तानी सेना का सबसे ऊंचा सम्मान निशाने-हैदर दिया जाना चाहिए। उसने हेडली से यह भी कहा था कि मुंबई हमले की साजिश में मदद करने वाले एक साथी को बताए कि उसे टॉप-क्लास का मेडल मिलना चाहिए। सरकारी वकील ने कहा कि लश्करे-तैयबा के हमले में 166 लोग मारे गए थे, जिसमें 6 अमेरिकी लोग शामिल थे। आतंकियों ने हत्या करने की मंशा से ऐसे काम किए जिससे लोगों की मौत हुई, या कम से कम आतंकियों को अपने एक्शन से जुड़े खतरों की जानकारी तो रही होगी। ऐसे में पुख्ता प्रमाण है कि ये केस मर्डर के सभी पैमानों को पूरा करता है। हालांकि, तहव्वुर के वकील ने इन सभी आरोपों को नकारते हुए प्रत्यर्पण का विरोध किया। इस पर जज ने कहा कि भारत ने राणा पर केस दर्ज किया है और उसके खिलाफ अरेस्ट वॉरंट जारी किया गया है, इसी आधार पर अमेरिका में कार्रवाई हो रही है। राणा पर लगाए गए आरोपों में युद्ध छेड़ने और मर्डर करने की साजिश रचने, धोखा देने के इरादे से जालसाजी करना, आतंकी गतिविधि को अंजाम देने जैसे मामले शामिल हैं।

### भारी बारिश के बाद आई बाढ़ से उत्तरी इटली में आठ लोगों की मौत, फॉर्मूला वन रेस स्थगित

**रोम ।** उत्तरी इटली के एमिलिया-रोमाग्ना क्षेत्र में आई विनाशकारी बाढ़ ने आठ लोगों की जान ले ली है। भारी बारिश के बाद सड़कें लबालब हो गई और लोगों को अपने घरों की छतों पर शरण लेनी पड़ी है। अल जजीरा ने अधिकारियों का हवाले से यह जानकारी दी। बाढ़ प्रभावित इलाके से हजारों लोगों को निकाला गया है। सिविल प्रोटेक्शन मिनिस्टर नेलो मुसुमेसी ने कहा जितनी बारिश सालभर में होती है उसकी आधी तो पिछले 36 घंटे में हो गई है। इटली में सालभर में आमतौर पर 1000 मिलीमीटर बारिश होती है। वहीं, 36 घंटों में 500 मिलीमीटर बारिश हो गई है। इसकी वजह से नदियां उफनने लगीं, शहरों की सड़कें पानी से लबालब हो गई और हजारों हेक्टेयर कृषि भूमि बाढ़ की चपेट में आ गई है। बाढ़ की वजह से फेंजा, सेसेना और फॉर्ली की सड़कों के माध्यम से मैला पानी इमोला के दक्षिण में, पार्क की गई कारों की छतों पर बह निकला। कई दुकानों में भी गंदा पानी भर गया और लोगों को अपने घरों की छत पर शरण लेनी पड़ी है।

## बांग्लादेश ने हटाया भारतीय डिप्लोमैट्स का एक्स्ट्रा सिक्योरिटी कवर

# कहा- टैक्सपेयर्स का पैसा खर्च नहीं करेंगे; 2016 के आतंकी हमले के बाद दी थी सुरक्षा



**ढाका।**

बांग्लादेश अब से भारतीय दूतावास के काफिले और टॉप डिप्लोमैट्स को एक्स्ट्रा सिक्योरिटी कवर नहीं देगा। इस फैसले की घोषणा बांग्लादेश के विदेश मंत्री डॉक्टर अब्दुल मोमेन ने की है। मोमेन ने कहा है- हम अपने टैक्सपेयर्स के पैसे को डिप्लोमैट्स को अतिरिक्त सुरक्षा देने के लिए खर्च नहीं कर सकते हैं। भारत के अलावा अमेरिका, सऊदी और ब्रिटेन के राजदूतों से भी एक्स्ट्रा सिक्योरिटी वापस ली जाएगी। हालांकि, सुरक्षा के सामान्य प्रोटोकॉल का पालन होता रहेगा। ढाका ट्रिब्यून के मुताबिक इस फैसले को लेकर पिछले हफ्ते ही एक लेटर चारों ऐंबैसी को भेजा गया है।

**दूसरे देश भी मांगने लगे थे एक्स्ट्रा सिक्योरिटी** - बांग्लादेश ने एक्स्ट्रा सिक्योरिटी वापस लेने की वजह बताई है। ढाका पुलिस कमिश्नर के मुताबिक चार देशों के अलावा दूसरी ऐंबैसी भी एक्स्ट्रा कवर की मांग करने लग गई थीं। वहीं, ढाका पुलिस के पास मैनपावर की कमी होने के कारण भी ये फैसला लिया गया है। बांग्लादेश के विदेश मंत्रालय के मुताबिक अगर कोई ऐंबैसी एक्स्ट्रा कवर चाहती है, तो वो इस तरह की सर्विस को प्राइवेट कंपनियों को पैसे देकर ले सकती है। ढाका में भारतीय दूतावास ने अभी इस मुद्दे पर कोई टिप्पणी नहीं की है। वहीं, जब एक पत्रकार ने मोमेन से सवाल पूछा कि इस फैसले से उन देशों के साथ बांग्लादेश के रिश्ते तो नहीं बिगड़ेंगे, तो इसके जवाब में मोमेन ने कहा- मुझे नहीं लगता है ऐसा कुछ होगा।

**2016 के मिलिटेंट अटैक के बाद दी गई थी एक्स्ट्रा सिक्योरिटी** - बांग्लादेश ने भारत समेत चारों देशों को ढाका के एक रेस्टोरेंट में 2016 में हुए मिलिटेंट अटैक के बाद एक्स्ट्रा सिक्योरिटी कवर दिया था। इस अटैक में एक भारतीय लड़की समेत 17 विदेशी नागरिकों की मौत हुई थी। एक्स्ट्रा सिक्योरिटी कवर के तहत राजदूतों के काफिले के साथ एक दंगा विरोधी पुलिस दल साथ रहता था, जो अब से नहीं रहेगा।

# 35 लाख उइगर मुसलमानों पर चीन ढा रहा कहर कुरान पढ़ने से लेकर दाढ़ी तक पर सख्ती

**बीजिंग ।**



चीन के शिनजियांग उइगर स्वायत्त क्षेत्र में उइगर मुस्लिम किसी भी धार्मिक परंपरा का पालन नहीं कर सकते हैं। चीनी कम्युनिस्ट पार्टी (सीसीपी) द्वारा निर्देशित, उइगर आबादी के बच्चे धार्मिक शिक्षा प्राप्त नहीं कर सकते हैं या धार्मिक प्रथाओं का पालन नहीं कर सकते हैं। शिनजियांग प्रांत के लगभग 35 लाख उइगर मुसलमानों और अन्य अल्पसंख्यकों को जेल शिविरों में नजरबंद कर दिया गया है। उइगर मूल निवासियों की आबादी घटकर आधी हो गई है जबकि मुख्य भूमि चीन से हान चीनी आबादी अब लगभग उनके बराबर है और प्रांत के प्रशासन और आय पर हावी है। भौगोलिक रूप से चीन का सबसे बड़ा प्रांत है। चीनी अत्याचार को साल 2022 में 'अंतरराष्ट्रीय धार्मिक स्वतंत्रता पर रिपोर्ट' में विस्तार से वर्णित किया गया है। प्रांत में सीसीपी की क्रूरताओं के बारे में पहले की खोजी रिपोर्टों को यह आगे बढ़ाता है जिसे चीन के बाहर कई लोग नरसंहार कहते हैं। रिपोर्ट में कहा गया है कि अमेरिकी अनुमानों के अनुसार इन पुनः शिक्षा केंद्रों, जिन्हें कई विश्लेषकों द्वारा एकाग्रता शिविर या गुलाग के रूप में वर्णित किया गया है, में पिछले छह वर्षों में दस लाख से अधिक उइगर मुस्लिमों और प्रांत के अन्य अल्पसंख्यकों को नजरबंद किया है। एक रिपोर्ट में सितंबर 2020 में अपनी जांच रिपोर्ट में इसतरह के कैंपों की संख्या 380 बताई थी। सीसीपी प्रांत के उइगरों को या आतंकवादी या आतंक के हमदर्द के रूप में देखता है और उन्हें इन शिविरों में नजरबंद कर देता है जो देश के आतंकवाद विरोधी संचालन तंत्र के तहत स्थापित किए गए हैं। इन शिविरों में प्रवेश का मतलब है कि आप चीन के राष्ट्रीय आतंकवाद विरोधी और क्षेत्रीय उग्रवाद विरोधी कानूनों के तहत स्थापित जेल में हैं।

# पांच साल में तापमान का रिकॉर्ड टूटने की आशंका 98 फीसदी तक बढ़ी, डब्ल्यूएमओ का दावा- अल नीनो बनेगा वजह

**संयुक्त राष्ट्र।**

विश्व मौसम विज्ञान संगठन (डब्ल्यूएमओ) ने जारी रिपोर्ट में बताया कि आने वाले पांच वर्षों में जलवायु परिवर्तन के सबसे बुरे प्रभावों को सीमित करने के लिए अंतरराष्ट्रीय स्तर पर स्वीकृत 1.5 डिग्री सेल्सियस की वैश्विक तापमान सीमा को पार करने की आशंका दो तिहाई बढ़ गई है। रिपोर्ट में कहा गया है कि ताप को अवशोषित करने वाली ग्रीनहाउस गैसों और अल नीनो की वजह से अगले पांच वर्षों में वैश्विक तापमान में रिकॉर्ड स्तर की वृद्धि होगी। इस दौरान 98 फीसदी आशंका इस बात की है कि 2023 से 2027 के बीच एक साल ऐसा होगा, जो अब तक के सबसे गर्म साल रहे 2016 के रिकॉर्ड को तोड़ देगा। 2015 में पेरिस समझौते के तहत तय किया गया कि दुनिया को जलवायु परिवर्तन के



भीषण प्रकोप से बचाने के लिए सदी के अंत तक पृथ्वी की सतह के औसत तापमान को औद्योगिक काल पूर्व (1850-1900) काल की तुलना में 1.5 डिग्री सेल्सियस से अधिक नहीं होने देना है और किसी भी कीमत पर 2 डिग्री सेल्सियस से कम रखना है। लेकिन, डब्ल्यूएमओ की रिपोर्ट के मुताबिक इस बात की आशंका 66 फीसदी है कि 2023 और 2027 के बीच निकट-सतह वार्षिक औसत वैश्विक तापमान औद्योगिक काल के स्तर से 1.5 डिग्री सेल्सियस से ज्यादा हो जाएगा।

**स्थायी नहीं होगा बदलाव** - रिपोर्ट के शीर्ष लेखक व जलवायु विज्ञानी लियोन हर्मनसन कहते हैं, राहत की बात यह है कि यह बदलाव स्थायी नहीं होगा, जिससे वैश्विक तापमान लक्ष्य को हासिल करने की संभावना बनी रहेगी। वैज्ञानिक आमतौर पर 30 साल के औसत का उपयोग करते हैं। यहां ध्यान देने की बात यही है कि जलवायु बदलाव के खिलाफ जारी प्रयासों के सामने बाधाओं का स्तर आने वाले पांच वर्ष में 66 फीसदी तक बढ़ जाएगा, जो पिछले वर्ष तक 48 फीसदी था, 2020 में 20 फीसदी और एक दशक पहले 10 फीसदी था।

**अच्छी खबर भी** - हर्मनसन कहते हैं, सब बुरा नहीं, अच्छी खबर भी है। ला नीना से अल नीनो में बदलाव की वजह से जहां पहले बाढ़ थी, वहां राहत मिलेगी और और जहां पहले सूखा पड़ा था, वहां जमकर बारिश होने वाली है।

## म्यांमार मिलिट्री को भारत से मिले 420 करोड़ के हथियार

# यूएन का दावा- इनसे आम लोगों को मारा; भारत बोला- पिछली सरकार में हुआ समझौता

**नाएप्यीडॉ।**

म्यांमार की मिलिट्री ने 2021 में तख्तापलट के बाद 1 बिलियन डॉलर यानी 8 हजार करोड़ के हथियार खरीदे हैं। संयुक्त राष्ट्र संघ के एक्सपर्ट के मुताबिक ये खरीद म्यांमार की सेना ने उस पर लगी पाबंदियों के बावजूद की है। ज्यादातर हथियार रूस, चीन और सिंगापुर की कंपनियों से खरीदे गए हैं। वहीं, भारत की कंपनियों से भी म्यांमार की सेना को पिछले 2 सालों में 420 करोड़ के हथियार और उससे जुड़ा सामान मिला है। यूएन की रिपोर्ट में कहा गया है कि इस बात के पुख्ता सुबूत हैं कि सेना ने इन हथियारों का इस्तेमाल लोगों के खिलाफ हिंसा करने में किया है। इसके बावजूद कुछ देशों ने बिना रुके सेना को हथियार पहुंचाए हैं।

**भारत की सरकारी कंपनियों से भी म्यांमार को मिले हथियार** - म्यांमार की सेना को हथियार देने के मामले में रूस सबसे आगे है। 2 सालों में रूस ने म्यांमार को 4 हजार करोड़ रुपए के हथियार दिए हैं। वहीं, 2 हजार करोड़ के हथियार उन्हें चीन की तरफ से मिले हैं। रिपोर्ट में दावा किया है कि म्यांमार को हथियार और उन्हें बनाने का सामान



पहुंचाने में रूस, चीन और भारत की सरकारी कंपनियां भी शामिल हैं। यूएन के एक्सपर्ट ने जब अपनी जानकारी इन देशों की सरकारों से साझा की तो रूस और चीन ने कुछ भी कहने से इनकार कर दिया। जबकि भारत की सरकार ने कहा कि हथियार देने का समझौता पिछली सरकार में हुआ था। वहीं, 1 बिलियन डॉलर में से 947 मिलियन डॉलर के हथियारों की डील सीधे म्यांमार की सेना से जुड़ी कंपनियों के साथ की गई। इसका मतलब ये है कि हथियार सप्लाई करने वाले देशों को पता था कि वो सीधे वहां की सेना के साथ डील कर रहे हैं।

**पिछले महीने रूस के फाइटर जेट से सेना ने लोगों पर 250 किलो के बम बरसाए** - पिछले महीने ही म्यांमार की सेना ने वहां के सागैंग के पजिगी गांव में हमला किया था। इस दौरान पजिगी इलाके में सेना के पास रूसी फाइटर जेट्स याक-130 देखे गए थे।

### चीनी सेना का अपमान करने पर महिला गिरफ्तारः मिलिट्री स्लोगन की तुलना कुत्तों से करने का बचाव किया, कंपनी पर 15 करोड़ का जुर्माना

**बीजिंग।** चीन में एक महिला को सेना का अपमान करने के आरोप में गिरफ्तार किया गया है। शी नाम की महिला पर आरोप हैं कि उसने चीनी सेना पर किए गए मजाक पर कमेडियन का समर्थन किया था। दरअसल, एक कॉमेडी शो के दौरान मशहूर चीनी कमेडियन हाओशी ने दो कुत्तों के बिहेवियर की तुलना शी जिनपिंग के मिलिट्री स्लोगन से कर दी थी। इस मजाक पर उसे कंपनी से निकाल दिया जाता है। इस पर महिला ने कहा था कि कमेडियन को बर्खास्त करना गलत है। महिला ने आगे कहा था- हमारे सैनिक भी तो एक-दूसरे के भाई हैं। मजाक में उनकी तुलना करना गलत नहीं। रिपोर्ट के मुताबिक घटना चीन के नॉर्थ ईस्टर्न शहर डालियान की है। वहीं, पुलिस ने अपने स्टेटमेंट में कहा है कि चीनी सैनिकों का सम्मान किया जाना चाहिए। कॉमेडी शो के दौरान शाओमी ने कहा था- मैं गिलहरी के पीछे दौड़ते हुए दो कुत्तों को देख रहा था। तभी, मुझे पीपल्स लिबरेशन आर्मी का नारा याद आया, जिसमें वो कहते हैं- फाइट वेल, विन द बैटल यानी मजबूती से लड़ो और जंग जीतो। चीन के सोशल मीडिया पर रिलीज ऑडियो में सुनाई दे रहा है कि इस मजाक पर वहां मौजूद ऑडियंस ठहाके मार कर हंसती है। जबकि एक व्यक्ति ने इस पर अपनी आपत्ति दर्ज कराई।

# राष्ट्रीय सचिव अमृता धवन के आने से पहले गहलोत-पायलट गुट भिड़े

**अजमेर ( हिंस )।** कांग्रेस की राष्ट्रीय सचिव और राजस्थान की सह प्रभारी अमृता धवन के अजमेर आने से पहले ही मुख्यमंत्री अशोक गहलोत और पूर्व डिप्टी सीएम सचिन पायलट के गुटों के नेताओं- कार्यकर्ताओं में भिड़ंत हो गई। हालात इतने बिगड़े की बैठक स्थल वैशाली नगर स्थित गोविंदम समारोह स्थल से माइक साउंड आदि सामग्री को हटा दिया गया। तय कार्यक्रम के अनुसार अमृता धवन को सरकार और संगठन के बारे में फीडबैक लेने के लिए गोविंदम समारोह स्थल पर आना था। शहर कांग्रेस के निवर्तमान अध्यक्ष विजय जैन ने बैठक स्थल पर सभी व्यवस्थाएं की। लेकिन इस व्यवस्था में तब विघ्न पड़ गया, जब आरटीडीसी के अध्यक्ष धर्मेन्द्र राठौड़ अपने समर्थकों के साथ आ गए। पायलट गुट के विजय जैन का कहना रहा कि यह बैठक शहर कांग्रेस की ओर से आयोजित की गई है, जबकि राठौड़ का शहर से कोई सरोकार नहीं है। जैन का यह भी कहना रहा कि पहले हम अमृता धवन को जानकारी देंगे। लेकिन धर्मेन्द्र राठौड़ और उनके समर्थकों



ने कह दिया कि अब हम बैठक स्थल से बाहर नहीं जाएंगे। इस पर विजय जैन और उनके समर्थकों ने अपने माइक, साउंड आदि हटा दिए। तूतू मैंमैं के बीच पायलट गुट के कार्यकर्ता बैठक स्थल से बाहर आ गए। बाहर आकर जैन ने आरोप लगाया कि कुछ लोगों ने बेवजह माहौल को बिगाड़ा है यह लोग राष्ट्रीय सचिव के सामने सच्चाई को आने नहीं देना चाहते हैं। हम चाहते थे कि अजमेर में संगठन और सरकार की जो स्थिति है उससे धवन को अवगत कराया जाए। गहलोत और पायलट गुटों के झगड़े को देखते हुए अमृता धवन ने गोविंदम समारोह स्थल पर निर्धारित समय पर आने का कार्यक्रम टाल दिया। हालांकि धवन को अजमेर पहुंचने पर सबसे पहले इसी बैठक में आना था, लेकिन अब वे दरगाह और पुष्कर की यात्रा कर रही हैं। विजय के साथ बैठक से बाहर आने वालों में मसूदा के विधायक राकेश पारीक, पूर्व विधायक रामनारायण गुर्जर, एडवोकेट हरि सिंह गुर्जर, विपिन बैंसिल, प्रताप यादव आदि भी शामिल रहे। बैठक स्थल का माहौल उस समय गरम हो गया जब पायलट गुट के कार्यकर्ताओं ने आरटीडीसी के अध्यक्ष धर्मेन्द्र राठौड़ मुर्दाबाद के नारे लगाए। पायलट समर्थकों का कहना रहा कि राठौड़ की वजह से अजमेर में कांग्रेस का भट्टा बैठ गया है। मुर्दाबाद के नारे राठौड़ की उपस्थिति में ही लगाए गए। हालात को देखते हुए पुलिस को दखल देना पड़ा और राठौड़ को सुरक्षित निकाला गया।

# प्रगति डैशबोर्ड रैंकिंग में हरियाणा पुलिस की देश भर में पहली रैंक बरकरार

## हरियाणा पुलिस ने नई सुविधा की शुरू

**चंडीगढ़ ( हिंस )।** केंद्रीय गृह मंत्रालय (एमएचए) और राष्ट्रीय अपराध रिकॉर्ड ब्यूरो (एनसीआरबी) के सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के लिए किए जाने वाले मासिक मूल्यांकन प्रगति डैशबोर्ड में हरियाणा पुलिस की पहली रैंक बरकरार है। हाल ही में, पुलिस विभाग ने एक नई सुविधा भी शुरू की है, जिसमें शिकायतकर्ताओं को हिन्दी में एसएमएस के माध्यम से प्रथम सूचना रिपोर्ट (एफआईआर) स्टेटस अपडेट भेजे जाते हैं। संदेशों में एफआईआर डाउनलोड करने के लिए एक लिंक भी शामिल है। यह जानकारी मुख्य सचिव संजीव कौशल की अध्यक्षता में गुरुवार को यहां हुई स्टेट अपेक्स कमेटी फॉर द क्राइम एंड क्रिमिनल ट्रेकिंग नेटवर्क एंड सिस्टम्स (सीसीटीएनएस) की बैठक में दी गई। सीसीटीएनएस हरियाणा परियोजना का उद्देश्य सूचना एवं संचार प्रौद्योगिकी (आईसीटी) के प्रभावी उपयोग के माध्यम से नागरिक-मित्रता को बढ़ाना, पुलिस संचालन में पारदर्शिता को बढ़ावा देना और नागरिक केंद्रति सेवाओं के वितरण में सुधार करना है। संजीव कौशल ने कहा कि हरियाणा के कुल 277 पुलिस स्टेशनों में बैंडविड्थ को अपग्रेड किया गया है, जो हरियाणा पुलिस की लगातार कनेक्टिविटी में सुधार की प्रतिबद्धता को प्रदर्शित करता है। उन्होंने अधिकारियों से स्टेट वाइड एरिया नेटवर्क कनेक्टिविटी के कार्य में तेजी लाने का आग्रह किया, इससे राज्य भर में साइबर अपराध रोकथाम और सहायता योजना सहित नव स्थापित 47 पुलिस स्टेशनों को 10 एमबीपीएस बैंडविड्थ मिलेगी। बैठक में बताया गया कि हरियाणा में एंटी करप्शन ब्यूरो की विशिष्ट आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए सीसीटीएनएस प्रणाली में विभिन्न रिपोर्ट विकसित की गई हैं। इसके अलावा विशेष रूप से रक्का (मेडिको लीगल एग्जामिनेशन एंड पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट सिस्टम में डॉक्टर द्वारा उत्पन्न एक दस्तावेज) को संबंधित स्टेशन हाउस ऑफिसर (एसएचओ) को सीसीटीएनएस के माध्यम से भेजने के लिए एक नया प्रावधान किया गया है। एसएचओ और संबंधित पुलिस अधीक्षक (एसपी) को ईमेल के जरिए अलर्ट भी भेजा जाता है। इसके अलावा, मेडली एपीआर में संग्रहित मेडिकल लीगल रिपोर्ट (एमएलआर) और पोस्टमार्टम रिपोर्ट (पीएमआर) के लिए इसी प्रकार का प्रावधान किया गया है। बैठक में जानकारी दी गई कि सेंट्रल इक्विपमेंट आइडेंटिटी रजिस्टर (सीईआईआर) को सीसीटीएनएस के साथ जोड़ने का कार्य सफलतापूर्वक पूरा कर लिया गया है। इस एकीकरण से नागरिक ऑनलाइन उपकरणों को ब्लॉक करने या अनब्लॉक करने के लिए अनुरोध करने के लिए सक्षम हुए हैं।

# पुंछ में आतंकी ठिकाने से दस किलो आईईडी व हथियार बरामद

**पुंछ ( हिंस )।** पुंछ जिले के मेंढर इलाके में सुरक्षा बलों ने गुरुवार को आतंकी ठिकाने का भंडाफोड़ कर उसे ध्वस्त किया। यहां से सुरक्षाबलों को बड़ी मात्रा में आईईडी और हथियार बरामद हुए। बम निरोधक दस्ते ने विस्फोटक को समय रहते नष्ट कर दिया। सुरक्षाबलों ने आसपास के इलाकों में तलाशी अभियान चलाया है। एक पुलिस अधिकारी ने बताया कि मेंढर के लोअर कसबलरी इलाके में एक आतंकी ठिकाने की सूचना पर सेना की 39 राष्ट्रीय राइफल्स और पुलिस की संयुक्त टीम ने खोजी कुत्ते के साथ इलाके में तलाशी अभियान शुरू किया। इस दौरान दस किलो विस्फोटक आईईडी, एक चीनी पिस्तौल, ग्रेनेड, दो डेटोनेटर बरामद किए गए। विस्फोटक को बम निरोधक दस्ते ने सुरक्षित तरीके से नष्ट कर दिया। सुरक्षाबलों ने आसपास के इलाकों में तलाशी अभियान चलाया है। तलाशी अभियान के दौरान आने-जाने वाले सभी रास्तों को बंद कर दिया गया है। मेंढर के थाना प्रभारी सज्जाद अहमद ने बताया कि दस किलो विस्फोटक आईईडी बरामद किया गया। उन्होंने बताया कि गांव के सरपंच और क्षेत्र के अन्य प्रमुख व्यक्तियों की उपस्थिति में इसे नष्ट कर दिया गया।

# जालंधर एसटीएफ और बदमाशों के बीच मुठभेड़ एक घायल, दो गिरफ्तार

**अमृतसर ( पंजाब )।** पंजाब के अमृतसर में तरनतारन रोड पर स्थित भाई मंझ सिंह रोड इलाके में गुरुवार को जालंधर एसटीएफ और गैंगस्टरों के बीच मुठभेड़ हो गई। दोनों तरफ से हुई फायरिंग में एक गैंगस्टर जख्मी हो गया जबकि दो गैंगस्टरों को एसटीएफ ने काबू कर लिया। मुठभेड़ के दौरान जख्मी गैंगस्टर को पहले सिविल अस्पताल में दाखिल करवाया गया। जहां से उसे गुरु नानक देव अस्पताल रेफर कर दिया। जानकारी के मुताबिक जालंधर एसटीएफ की टीम को गैंगस्टरों की लोकेशन भाई मंझ सिंह रोड के पास मिली।

# पुलिसकर्मी के महिला किसान को थप्पड़ मारने पर बढ़ा विवाद

**चंडीगढ़।** पंजाब में किसान एक बार फिर रेल ट्रैक पर बैठ गए हैं। अमृतसर के गांव देवीदासपुरा में अमृतसर दिल्ली रेल ट्रैक पर किसान मजदूर संघर्ष कमेटी के कार्यकर्ताओं की ओर से प्रदर्शन व धरना दिया गया। वहीं जालंधर में किसानों ने लुधियाना से जालंधर और अमृतसर जालंधर-जम्मू के बीच रेलवे मेन लाइन जाम कर दी है। किसान दिल्ली-कटरा राष्ट्रीय राजमार्ग पर भूमि अधिग्रहण के विरोध के दौरान एक पुलिसकर्मी द्वारा गुरदासपुर में एक बुजुर्ग महिला प्रदर्शनकारी को थप्पड़ मारने के विरोध में प्रदर्शन कर रहे हैं। मोगा रेलवे ट्रैक पर भी किसान धरने पर बैठ गए हैं। किसानों की मांग है कि भारत माला प्रोजेक्ट के तहत बनने वाले एक्सप्रेस हाई वे के लिए एक्वायर की गई किसानो की जमीनों का उचित मुआवजा नहीं मिला। वहीं गुरदासपुर में



बुधवार को पुलिस द्वारा किसानों पर की गई कार्रवाई के चलते भी किसान गुस्से में हैं। जिसके चलते किसानों ने अनिश्चितकाल के लिए रेल ट्रैक जाम कर दिया है। उनका कहना है कि उनको उनकी जमीनों का उचित मुआवजा दिया जाए और दूसरी तरफ उन पुलिस कर्मियों पर कार्रवाई की जाए जिन्होंने महिला किसान को थप्पड़ मारा। किसानों का कहना है कि सरकार उनकी मांगें अभी मांग ले तो अभी धरना खत्म कर देंगे। उनका मन नहीं करता कि लोग परेशान हो लेकिन धरना उनकी भी मजबूरी है। वहीं बटाला में किसानों पर लाठीचार्ज के मामले में राजनीति भी शुरू हो गई है। शिरोमणि अकाली दल के प्रधान सुखबीर बादल ने ट्वीट किया- श्री हरगोबिंदपुर में किसानों, विशेषकर महिलाओं और बुजुर्गों पर दमन की बर्बरता ने पंजाबियों को झकझोर कर रख दिया है और किसान विरोधी आप सरकार को दिखाता है। शिरोमणि अकाली दल किसानों पर अत्याचार करने वाले सभी लोगों के खिलाफ कार्रवाई की मांग करता है।

# बिजली फ्यूल चार्ज बढ़ाने और पानी की समस्या को लेकर भाजपा ने किया प्रदर्शन

**अलवर ( हिंस )।** राजस्थान में कांग्रेस सरकार द्वारा बिजली का फ्यूल चार्ज बढ़ाने व पेयजल समस्या का निराकरण नहीं करने के विरोध में जिलेभर में भाजपा कार्यकर्ताओं ने प्रदर्शन कर राज्यपाल के नाम प्रशासनिक अधिकारियों को ज्ञापन सौंपा। अलवर शहर में मिनी सचिवालय गेट पर भाजपा कार्यकर्ताओं ने गुरुवार को विरोध प्रदर्शन जिला अध्यक्ष अशोक गुप्ता के नेतृत्व में किया। वहीं सचिवालय के गेट पर कार्यकर्ताओं को रोकने के लिए भरी संख्या में पुलिस जाप्ता तैनात रहा। गेट पर ही कार्यकर्ताओं को भाजपा नेताओं ने संबोधित किया। जिलाध्यक्ष ने बताया कि राज्य सरकार द्वारा बिजली का फ्यूल सरचार्ज बढ़ाने और बढ़ती पेयजल समस्या का निराकरण नहीं करने को



लेकर भाजपा पार्टी द्वारा उपखंड स्तर पर वह अलवर विधानसभा क्षेत्र में धरना प्रदर्शन किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि भाजपा के शासनकाल में बिजली का फ्यूल सरचार्ज 18 पैसे प्रति यूनिट हुआ करता था जिसे राज्य सरकार की गहलोत सरकार में बढ़ाकर 60 पैसे प्रति यूनिट कर दिया 2018 में बिजली की प्रति यूनिट 5.55 हुआ करती थी जो आज बढ़कर 11.90 कर दी गई है। घरेलू श्रेणी की बिजली दरों के मामले में राजस्थान देश में चौथे स्थान पर है। इसी प्रकार राज्य में पेयजल की स्थिति भी बदतर है। ग्रामीण इलाकों में भी पानी के लिए परेशान होना पड़ रहा है। शहर में भी पानी की समस्या बनी हुई है। आए दिन रोजाना आमजन को मजबूरी में जाम लगाने पद रहे हैं। केंद्र सरकार द्वारा पेयजल हेतु जल जीवन मिशन में घर-घर योजना चलाई जा रही है। कांग्रेस सरकार केंद्र की जल जीवन मिशन योजना को भी फेल करने का प्रयास कर रही है। इस दौरान दिनेश भार्गव, पूर्व विधायक बनवारी लाल सिंघल, पूर्व उप जिला प्रमुख रमन गुलाटी, गोवर्धन सिसोदिया, तरुण जैन, सोहनलाल सुलनिया, जितेंद्र राठौड़, पंडित जले सिंह, सुनील चौधरी, राहुल सहित अनेक भाजपा कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# सांसद कटारिया का निधन, मौत के 23 घंटे पहले केंद्र सरकार के कार्यों का किया गुणगान

**अंबाला ( हरियाणा )** सांसद रतन लाल कटारिया की तबियत पिछले कुछ दिनों से खराब थी। हाल ही में चार मई को उनकी शादी की 40वीं सालगिरह थी। इस दौरान बीमार होने के बाद वह अपनी पत्नी बंटो कटारिया के साथ सोशल मीडिया पर एक फोटो साझा करते हैं। जिसमें बताते हैं कि किस प्रकार से इन 40 वर्षों में तमाम संघर्षों को उन्होंने और उनकी पत्नी से एक साथ पार किया। इस दौरान फोटो में वह काफी बीमार दिखाई देते हैं। हाथों में कैनुला लगी हुई थी और चेहरा काफी मुर्झाया हुआ था। जिसमें उन्होंने लोगों से आशीर्वाद भी मांगा था। सांसद रतन लाल कटारिया की मौत के बाद पीएम नरेंद्र मोदी, केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह, सीएम मनोहर लाल, हिसार के सांसद बृजेंद्र सिंह, गृहमंत्री अनिल विज ने शोक जताया है। सीएम तो उन्हें श्रद्धांजलि देने भी आवास पर पहुंचे। सांसद रतन लाल कटारिया का भाजपा से अधिक लगाव था। इसका अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि वह मौत से महज 23 घंटे पहले तक केंद्र सरकार के कार्यों का सोशल मीडिया पर गुणगान कर रहे थे। इस दौरान उन्होंने ग्रामीण घरों में स्वच्छ पेयजल पहुंचाने की बात कही तो वंदे भारत ट्रेन के बारे में भी बताया। उन्होंने इस पर लिखा कि यह नया भारत है। इसके साथ ही कांग्रेस की परिवारवाद की राजनीति पर भी चोट की। सोशल मीडिया पर अक्सर उन्हें इसी प्रकार की पोस्ट शेयर करते देखा जा सकता था। पिछले दिनों केंद्र सरकार ने मोटे अनाज को बढ़ावा देने के लिए श्रीअन्न योजना शुरू की थी।

# विभिन्न मांगों को लेकर सड़कों पर उतरे सफाई कर्मचारी

**भिवानी ( हिंस )।** सफाई कर्मचारियों ने अपनी विभिन्न मांगें मनवाने के लिए हरियाणा भर में अनूठा प्रदर्शन किया। सफाई कर्मचारियों ने गुरुवार सुबह 5 बजे मंत्रियों, विधायकों व सांसदों के घर जाकर उन्हें थाली बजाकर जगाने का काम किया। साथ ही चेतावनी दी कि सरकार ने मांगें पूरी नहीं कीं तो इस बार 75 पार वालों को हरियाणा पार करेंगे। हरियाणा भर में सफाई कर्मचारी अपनी मांगों को लेकर आए दिन आंदोलन कर रहे हैं। इसी के चलते गुस्साए सफाई कर्मचारी गुरुवार अल सुबह सड़कों पर उतरे। जोरदार थालियां बजाते हुए मंत्रियों, सांसदों व विधायकों के आवास पर पहुंचे। वहां अपना मांग पत्र सौंपा। कर्मचारी नेता पुरुषोत्तम दानव व सुखदर्शन सरोहा ने बताया कि कई सालों से हमारी मांगें मानी जाती है, पर पूरी नहीं होती। उन्होंने कहा कि उनकी मांगें कौशल रोजगार निगम को भंग करवाना, पुरानी पेंशन बहाली, कच्चे कर्मचारियों को पक्का करवाना और ठेकेदारी प्रथा बंद करवाना है। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार कुंभकर्णी नींद सो रही है, जो किसी की आवाज नहीं सुनती। इसलिए उसे जगाने के लिए ताली और थालियां बजाई गई हैं।

# बारिश से मदरसे का लेंटर गिरा : पांच दबे, एक की मौत

**भरतपुर ( हिंस )।** जिले के झातली गांव में बुधवार देर शाम निर्माणाधीन मदरसे का लेंटर गिरने से एक मजदूर की मौत हो गई, जबकि चार अन्य मजदूर घायल हो गए। तेज बारिश के कारण हुए हादसे में घायलों को मदद मिलने में भी देरी हुई। सभी घायल करीब पांच घंटे तक कई क्विंटल वजन के लोहे के सरियों के नीचे दबे रहे। सीकरी पुलिस के अनुसार हादसा बुधवार शाम करीब साढ़े आठ बजे झातली गांव में हुआ। यहां एक मदरसा बनाया जा रहा है, जिसका लेंटर डालने का काम चल रहा था। शाम करीब साढ़े सात बजे अचानक हुई तेज बरसात के बाद काम रोक दिया गया,



लेकिन जब बारिश नहीं रुकी तो मजदूरों ने फिर से काम शुरू कर दिया और इसी दौरान ये हादसा हो गया। क्षेत्रवासियों ने बताया कि मिट्टी में धंसी बल्लियों के खिसकने के कारण लेंटर नीचे आ गिरा। इस दौरान लेंटर डालने का काम कर रहे पांच मजदूर उसके नीचे दब गए। हादसे में झंझार (भरतपुर) निवासी मजदूर वीर सिंह जाटव (20) की लेंटर के नीचे दबने से मौत हो गई। जबकि ताजपुर (भरतपुर) निवासी अजरू, कासम, सीकरी निवासी रीतू व गोपालगढ़ निवासी धर्म सिंह को गंभीर हालत में अलवर रेफर किया गया है, जहां उनका इलाज चल रहा है। अन्य घायलों को सीकरी अस्पताल में ही इलाज के बाद छुट्टी दे दी गई। रात 12 बजे तक बचाव और राहत कार्य जारी रहा। हादसे की जानकारी मिलते ही स्थानीय विधायक वाजिब अली और सीकरी थाना पुलिस और स्थानीय प्रशासन की टीम भी मौके पर पहुंच गई।


# फिरौती के लिए रची थी बच्चे के अपहरण की साजिश

**करनाल।** बुटाना थानाक्षेत्र में स्कूल से कक्षा-दो के छात्र के अपहरण का प्रयास करने के आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। आरोपी शिकायतकर्ता का ही परिचित निकला। जिसने फिरौती के लिए अपहरण की साजिश रची थी। पुलिस के अनुसार 16 मई को बुटाना निवासी आरोपी विशाल उर्फ साहिल गिरफ्तार किया गया है। आरोपी ने पूछताछ में बताया कि उसका काफी समय से पीड़ित के घर पर आना-जाना था। आरोपी ने पैसों के लिए स्कूल से कक्षा-दो के बच्चे के अपहरण करने की कोशिश की मगर वह अपने मकसद में कामयाब नहीं हो सका। आठ मई को रायपुर रोडान निवासी व्यक्ति का बेटा सरकारी स्कूल में गया था। आरोपी मुंह पर कपड़ा बांधकर बच्चे को स्कूल से लेने के लिए चला गया। अध्यापिका से कहा था कि वह उसका परिचित है और छात्र के परिजनों ने भेजा है। जब अध्यापिका ने छात्र के परिजनों से फोन कर संपर्क किया तो उन्होंने बच्चे को उसके साथ भेजने से मना कर दिया। जिसके बाद आरोपी भाग गया था।

# पुलिस ने कुछ अंतर्राष्ट्रीय मोबाइल नंबरों के खिलाफ लोगों को किया आगाह

**जम्मू ( हिंस )।** जम्मू-कश्मीर पुलिस ने एक एडवाइजरी में लोगों को कुछ अंतर्राष्ट्रीय मोबाइल फोन नंबरों के खिलाफ आगाह किया है, जिसका इस्तेमाल आने वाले जी20 कार्यक्रमों और राष्ट्र विरोधी संदेशों के बारे में अफवाहें फैलाने के लिए किया जा रहा है। एक बयान में पुलिस ने कहा कि जनता को सलाह दी जाती है कि कुछ संदिग्ध दूरसंचार के प्रति सतर्क रहें और 44 7520 693559, 44 7418343648 और 44 7520 693134 या किसी आईएसडी नंबर का जवाब न दें जो आगामी जी20 के आयोजन से संबंधित अफवाहें फैला रहे हैं। इसमें कहा गया है कि यह नंबर राष्ट्र विरोधी संदेश और प्रचार फैला रहे हैं और जनता को इन प्रयासों के प्रति पूरी तरह सतर्क रहना चाहिए और ऐसी किसी भी संदिग्ध कॉल का जवाब नहीं देना चाहिए।

# धौलपुर नगर परिषद में व्याप्त भ्रष्टाचार की जांच की मांग सीएम से



**धौलपुर ( हिंस )।** धौलपुर नगर परिषद कार्यालय के बाहर पार्षदों का क्रमिक अनशन एवं धरना गुरुवार को चौथे दिन भी जारी रहा। धौलपुर विधायक शोभारानी कुशवाह गुरुवार को धरना स्थल पंहुचीं तथा पार्षदों ने उनको मुख्यमंत्री के नाम एक ज्ञापन सौंपा। पार्षद एवं उनके समर्थक नगर परिषद में भ्रष्टाचार का आरोप लगाकर जांच की तथा सभी वार्डों में समान रूप से विकास कार्य कराने तथा विभिन्न समितियों के गठन की मांग कर रहे हैं। विधायक शोभारानी कुशवाह ने कहा कि वे स्वंय मुख्यमंत्री अशोक गहलोत से मिलकर धौलपुर नगर परिषद में भ्रष्टाचार को लेकर चल रहे पार्षदों के क्रमिक अनशन की जानकारी देकर कार्रवाई कराएंगीं। प्रदेश खादी ग्रामोद्योग बोर्ड के सदस्य दुर्गादत्त शास्त्री ने कहा कि यह दुख की बात है कि पार्षदों को इस हद तक आना पडा। विधायक जयपुर जा रहीं हैं। अब जयपुर में ही कोई तोड फैसला होगा। पूर्व सभापति कमल कंषाना ने कहा कि हम चार दिन से धरने पर बैठे हैं। हम चाहते हैं कि धौलपुर विधायक के माध्यम से नगर परिषद में भ्रष्टाचार एवं अनियमितताओं की जांच मांग सीएमओ तक पंहुचे। धौलपुर नगर परिषद की उप सभापति माया शर्मा ने कहा कि हमारी मांग है कि नगर परिषद से भ्रष्टाचार खत्म हो। भ्रष्टाचार खत्म होने तक हमारा क्रमिक अनशन जारी रहेगा। नगर परिषद में नेता प्रतिपक्ष कुक्कू शर्मा ने कहा कि नगर परिषद में व्याप्त भ्रष्टाचार के खिलाफ सभी पार्षद धरने पर बैठे हैं। हमें धौलपुर विधायक शोभारानी कुशवाह से उम्मीद है कि वे नगर परिषद के भ्रष्ट तंत्र को उखाडने में पार्षदों की मदद करेंगीं। धरना एवं क्रमिक अनशन में नगर परिषद में उप नेता प्रतिपक्ष भूपेंद्र घुरैया, पार्षद आशा जाट, रहीस सामी, अमीना खान, मुकेश निषाद, श्यामवीर कुशवाह, महेश शर्मा, बंटी कंचन एवं सोनू त्रिवेदी तथा मनोनीत पार्षद रमेश शाहू एवं हरविलास रजक समेत अन्य मौजूद रहे।

# हनी ट्रेप : मजदूर से ब्लैकमेलिंग कर पांच लाख मांगे, तीन गिरफ्तार

**जोधपुर ( हिंस )।** शहर के निकटवर्ती लुणावास बावड़ी करवड़ के एक कमठा मजदूर को हनी ट्रेप में फांस कर तीन युवकों ने उससे पांच लाख रुपयों की डिमांड की। आरोपियों की कारस्तानी के बारे में पीड़ित कमठा मजदूर पुलिस की शरण में पहुंचा। पुलिस ने त्वरित कार्रवाई कर तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। बनाड़ थानाधिकारी सीताराम खोजा ने बताया कि करवड़ स्थित लुणावास बावड़ी के एक कमठा मजदूर की तरफ से मामला दर्ज कराया गया। इसमें बताया कि उसकी पहचान वाले मनीष जाट ने उसे फोन कर सारण नगर स्थित एक दुकान के पास में अपने कमरे पर बुलाया। जहां पर उसे अकेला छोड़कर चला गया। बाद में एक युवती वहां पहुंची जिसके साथ में उसका अश्लील वीडियो बना दिया। घटना 16 मई की है। बाद में मनीष जाट ने उसे फोन कर कहा कि उसे व साथियों को पांच लाख रुपए लाकर दे नहीं तो झूठे केस में फंसा देंगे। थानाधिकारी सीताराम खोजा के अनुसार इस बारे में कमठा मजदूर ने बुधवार को केस दर्ज करवाया। पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए तीन आरोपियों गंगाणी करवड़ के मनीष पुत्र मानाराम जाट, लुणावास करवड़ हाल राजस्थान अस्पताल के पीछे सेठ सांवरिया कॉलोनी निवासी मनीष पुत्र जेताराम जाट एवं गंगाणी करवड़ निवासी महेंद्र पुत्र मुल्तानराम चौधरी को गिरफ्तार कर लिया गया। आरोपियों ने पुलिस पूछताछ में बताया कि उन्हें पता था कि कमठा मजदूर के पास में पैसे रहते है। इसके लिए तीनों ने मिलकर योजना बनाई और उसे झूठे केस में फंसाने के लिए एक कॉल गर्ल को हायर किया। कॉल गर्ल को दो हजार रुपयों में सेट किया गया। कॉल गर्ल को बुलाने से पहले मनीष और उसके साथियों ने कमरे में पहले से ही मोबाइल को कैमरा ऑन कर सेट कर दिया। बाद कॉल गर्ल और कमठा मजदूर के बीच में जो हुआ उसका शूट हो गया। फिर उससे रुपयों की डिमांड की गई। कॉल गर्ल बाहरी थी और उसको इस बारे में जानकारी भी नहीं थी। वह अपने पैसे लेकर चली गई। गंगाणी करवड़ के मनीष जाट ने सारण नगर में कमरा किराए पर लिया हुआ है। बाद में उसने अपने दो दोस्तों मनीष पुत्र जेताराम जाट एवं महेंद्र चौधरी के साथ मिलकर यह प्लान बनाया था।



# आईटी हार्डवेयर को 17000 करोड़ का प्रोत्साहन, मिलेंगे 75000 रोजगार, मोदी कैबिनेट ने दी मंजूरी

**नई दिल्ली ।**
सरकार ने आईटी हार्डवेयर क्षेत्र के लिए कुल 17,000 करोड़ रुपये की उत्पादन आधारित प्रोत्साहन योजना (पीएलआई) 2.0 को मंजूरी दे दी। इस प्रोत्साहन योजना से 3.35 लाख करोड़ रुपये का उत्पादन और 2,430 करोड़ रुपये का निवेश होने का अनुमान है। इससे 75,000 लोगों को प्रत्यक्ष रोजगार मिलने की उम्मीद है। पीएलआई 2.0 के तहत लैपटॉप, टैबलेट व सभी उपकरणों से लैस पर्सनल कंप्यूटर (ऑल इन वन पीसी) सर्वर आदि आएंगे। सूचना प्रौद्योगिकी एवं दूरसंचार मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में मंत्रिमंडल ने 17,000 करोड़ रुपये के बजटीय खर्च के साथ आईटी हार्डवेयर के लिए पीएलआई 2.0 को मंजूरी दे दी। इसकी अवधि छह साल होगी। इसके तहत कंपनियों के 5 फीसदी तक प्रोत्साहन मिलेगा देश में बने पुर्जों के साथ उत्पादन करने पर अलग से भी 4 फीसदी प्रोत्साहन दिया जाएगा। इससे पहले सरकार ने फरवरी, 2021 में 7,350 करोड़ के खर्च के साथ आईटी हार्डवेयर के लिए पहली पीएलआई योजना को मंजूरी दी थी। इस पर क्षेत्र से जुड़ी कंपनियों ने सरकार से बजटीय खर्च बढ़ाने की अपील की थी। इसके बाद ही सरकार ने पीएलआई 2.0 के तहत खर्च बढ़ाने की घोषणा की है।

**इलेक्ट्रॉनिक्स विनिर्माण देश के रूप में उभर रहा भारत** - भारत एक इलेक्ट्रॉनिक्स विनिर्माण देश के रूप में उभर रहा है। इस क्षेत्र से जुड़ीं दुनियाभर की कंपनियां भारत आ रही हैं। मोबाइल फोन के लिए पीएलआई योजना की सफलता को देखते हुए आईटी हार्डवेयर के लिए पीएलआई 2.0 को मंजूरी दी गई है। अश्विनी वैष्णव, सूचना प्रौद्योगिकी एवं दूरसंचार मंत्री भारत दूसरा सबसे बड़ा मोबाइल निर्माता देश में मोबाइल फोन उत्पादन बढ़ाने के लिए सरकार ने पहली बार अप्रैल, 2020 में पीएलआई योजना की शुरुआत की थी। इससे इलेक्ट्रॉनिक्स विनिर्माण क्षेत्र को बड़े पैमाने पर बढ़ावा मिला है। भारत आज दुनिया में दूसरा सबसे बड़ा मोबाइल फोन निर्माता है। इसमें पीएलआईयोजना का बड़ा योगदान है। विदेशी बाजारों में मांग के कारणमार्च, 2023 में मोबाइल फोन का निर्यात 11 अरब डॉलर (करीब 90,000 करोड़ रुपये) के स्तर पर पहुंच गया। 3.35 लाख करोड़ रुपये का होगा उत्पादन 2,430 करोड़ के निवेश का अनुमान देश के लिए इसलिए अहम है।

## न्यूज ब्रीफ

### सुप्रीम कोर्ट ने सत्येंद्र जैन की जमानत याचिका पर ईडी से जवाब मांगा, आप नेता को मिली ये राहत



नई दिल्ली । ईडी की ओर से पेश वकील ने सत्येंद्र जैन की जमानत याचिका का किया विरोध ईडी की ओर से पेश अतिरिक्त सॉलिसिटर जनरल एसवी राजू ने कहा कि वे कैविएट पर हैं और याचिका का विरोध कर रहे हैं। पीठ ने कोई निश्चित तारीख नहीं बताते हुए कहा कि जैन राहत के लिए शीर्ष अदालत की अवकाशकालीन पीठ से संपर्क कर सकते हैं। दिल्ली उच्च न्यायालय ने छह अप्रैल को धनशोधन के एक मामले में जैन की जमानत याचिका खारिज कर दी थी और गवाहों के इस दावे को रेखांकित किया था कि वह कथित अपराध की संकल्पना करने वाले, आरंभकर्ता और कोष प्रदाता थे। उच्च न्यायालय ने कहा था कि आप के वरिष्ठ नेता एक प्रभावशाली व्यक्ति हैं जिनमें सबूतों से छेड़छाड़ करने की क्षमता है। ईडी ने जैन के खिलाफ 2017 में भ्रष्टाचार निरोधक कानून के तहत दर्ज सीबीआई की प्राथमिकी के आधार पर धनशोधन मामले में उन्हें गिरफ्तार किया था। सीबीआई की ओर से दर्ज मामले में निचली अदालत ने छह सितंबर 2016 को उन्हें नियमित जमानत दी थी। ट्रायल कोर्ट ने 2022 में धनशोधन मामले में जैन, उनकी पत्नी और चार कंपनियों समेत आठ अन्य लोगों के खिलाफ ईडी की ओर से दायर अभियोजन शिकायत (आरोप पत्र) पर संज्ञान लिया था।

### एसबीआई का मुनाफा 83प्रतिशत उछलकर 16695 करोड़ रुपये हुआ, 11.30 रुपये प्रति शेयर डिविडेंड का एलान




नई दिल्ली । देश के सबसे बड़े बैंक एसबीआई ने वित्त वर्ष 2022-23 की चौथी तिमाही (जनवरी-मार्च) के नतीजे घोषित कर दिए हैं। सार्वजनिक क्षेत्र के बैंक ने बताया है कि मार्च तिमाही में बैंक का एकल शुद्ध लाभ सालाना आधार पर 83 फीसदी बढ़कर 16,695 करोड़ रुपये हो गया। बैंक को पिछले साल जनवरी से मार्च के दौरान 9,113 करोड़ रुपये का शुद्ध मुनाफा हुआ था। माना जा रहा है कि एसबीआई के मार्च तिमाही के आंकड़े बाजार के अनुमानों से भी बेहतर हैं। हालांकि बेहतर तिमाही आंकड़ों के बावजूद भारतीय स्टेट बैंक के शेयर लाल निशान पर कारोबार करते दिखे। फिलहाल एसबीआई के शेयर 14.55 रुपये (2.48प्रतिशत) की गिरावट के साथ 571.75 रुपये के भाव पर कारोबार कर रहा है। एसबीआई के बोर्ड ने मार्च 2023 में खत्म हुई तिमाही के लिए निवेशकों को 11.30 रुपये (1130प्रतिशत) प्रति शेयर का डिविडेंड देने की घोषणा की है। डिविडेंड के भुगतान के लिए 14 जून 2023 की तारीख तय की गई है। बैंक की ओर से जारी किए गए आंकड़ों के अनुसार उसकी सालाना आमदनी में 29 फीसदी की वृद्धि हुई है। बैंक के अनुसार जनवरी से मार्च तिमाही के दौरान उसे ब्याज के तौर पर 40,393 करोड़ रुपये की आमदनी हुई। एक साल पहले मार्च तिमाही के दौरान बैंक ने ब्याज के रूप में 31,198 करोड़ रुपये कमाए थे।

### टैक्स चोरों पर कसेगा शिकंजा; दो महीने का विशेष अभियान शुरू, केंद्र व राज्य के अधिकारी करेंगे ये काम




नई दिल्ली । केंद्र और राज्य कर अधिकारियों ने भारत में माल और सेवा कर (जीएसटी) चोरी के बढ़ते खतरे से निपटने के लिए दो महीने का विशेष अभियान शुरू किया है। वित्त वर्ष 2022-23 में जीएसटी चोरी एक लाख करोड़ रुपये से अधिक होने के बाद अधिकारियों ने फर्जी जीएसटी पंजीकरण की पहचान करने और दोषियों के खिलाफ कार्रवाई करने का फैसला किया है। जीएसटी पॉलिसी विंग ने हाल ही में केंद्रीय कर के प्रधान मुख्य आयुक्तों को वस्तुओं या सेवाओं की वास्तविक आपूर्ति के बिना चालान जारी करके इनपुट टैक्स क्रेडिट को धोखाधड़ी से पारित करने के लिए नकली या गैर-वास्तविक पंजीकरण के उपयोग के बारे में सतर्क किया था। माना जा रहा है कि इस तरह के क्रियाकलापों से सरकार के राजस्व को पर्याप्त नुकसान हो रहा है। केंद्रीय अप्रत्यक्ष कर बोर्ड (सीबीआईसी) ने समस्या की गंभीरता और इसमें शामिल धोखाधड़ी वाले लेनदेन की जटिल प्रकृति को देखते हुए विशेष अभियान शुरू किया है। इसके बाद अधिकारियों ने फर्जी पंजीकरण और फर्जी बिल जारी करने के खिलाफ व्यापक कार्रवाई शुरू कर दी है। डेटा एनालिटिक्स, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, नए पंजीकरण के लिए आधार-आधारित प्रमाणीकरण और चूक करने वाले व्यवसायों के केंद्रीकृत निलंबन के माध्यम से जीएसटी चोरी पर अंकुश लगाने के सरकार की कोशिशें के बावजूद, जीएसटी फर्जीवाड़े से जुड़े मामलों की संख्या बढ़ रही है।

श्रीचंद हिंदुजा ग्रुप को ईरान से ब्रिटेन ले गए थे

# लंदन में क्वीन के पड़ोसी, शाही दावत में अपना खाना साथ ले जाते थे

**नई दिल्ली ।**
हिंदुजा ग्रुप के चेयरमैन श्रीचंद परमानंद हिंदुजा का 87 साल की उम्र में निधन हो गया। उन्होंने लंदन में अंतिम सांस ली। वे कुछ समय से बीमार थे। कुछ मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक वे डिमेंशिया यानी भूलने की बीमारी से पीड़ित थे। उनकी पत्नी मधु का इसी साल 6 जनवरी को निधन हुआ था। एसपी चारों हिंदुजा भाइयों में सबसे बड़े थे। हिंदुजा ग्रुप ब्रिटेन के सबसे अमीर कारोबारी घरानों में से एक है। ग्रुप का 100 से ज्यादा देशों में ट्रक-बस, बैंकिंग, पावर से लेकर केबल टीवी का बिजनेस है। अशोक लेलैंड, गल्फ ऑयल, हिंदुजा बैंक स्विट्जरलैंड, इंडसइंड बैंक, हिंदुजा ग्लोबल सॉल्यूशंस, हिंदुजा टीएमटी, हिंदुजा वेंचर्स, इंडसइंड मीडिया एंड कम्युनिकेशंस लिमिटेड इसकी प्रमुख कंपनियां हैं।



**कराची में जन्मे, पिता के निधन के बाद संभाला कारोबार** - एसपी का जन्म 1935 में कराची में एक कारोबारी परिवार में हुआ था। 1971 में परमानंद हिंदुजा के निधन के बाद, उनके बेटों ने पारिवारिक विरासत संभाली। उन्होंने मुंबई में फिल्म डिस्ट्रीब्यूटर का कारोबार शुरू किया। पहली सफलता फिल्म 'संगम' के अंतरराष्ट्रीय वितरण से मिली। इसके बाद वे कामयाबी हासिल करते गए।

**इस्लामिक क्रांति के बाद ईरान से लंदन शिफ्ट किया ग्रुप हेडक्वार्टर** - हिंदुजा ग्रुप का हेडक्वार्टर करीब 60 साल तक ईरान में रहा। जब एसपी हिंदुजा ने 1952 में पुश्तैनी बिजनेस जॉइन किया, उस समय समूह ईरान से कालीन और सूखे मेवे एक्सपोर्ट करता था और भारत से कपड़ा और चाय इम्पोर्ट करता था। ईरान में 1979 में इस्लामिक क्रांति के बाद हिंदुजा ग्रुप ने अपना हेडक्वार्टर लंदन शिफ्ट कर दिया। इसके बाद ग्रुप ने स्विट्जरलैंड में एक फाइनेंस कंपनी हिंदुजा बैंक की स्थापना की। समूह ने गल्फ ऑयल इंटरनेशनल और लैंड रोवर लीलैंड इंटरनेशनल होल्डिंग्स का अधिग्रहण किया। 1993 में बैंकिंग सेक्टर में कदम रखा था और उन्होंने इंडसइंड बैंक की नींव रखी।

**100 देशों में बिजनेस, ब्रिटेन के सबसे अमीर परिवारों में शुमार** - हिंदुजा ग्रुप ने 100 देशों में ट्रक-बस, बैंकिंग, पावर से लेकर केबल टीवी के क्षेत्र में विस्तार किया। 1990 से हिंदुजा परिवार की गिनती ब्रिटेन के सबसे अमीर परिवारों में होती है। 2022 में हिंदुजा परिवार 2.9 लाख करोड़ रु. की संपत्ति के साथ वहां टॉप पर था। भारत में इसका ऑटोमोटिव और केमिकल्स का बिजनेस है। अशोक लेलैंड दुनिया की तीसरी बड़ी बस-ट्रक निर्माता कंपनी है।

**कोई काम कल पर टालने की जगह आज ही कर लो : श्रीचंद परमानंद हिंदुजा** एसपी हिंदुजा हमेशा कड़े अनुशासन का पालन करते थे। वे सोने-जागने से लेकर खाने-पीने तक में अपना नियम कभी नहीं तोड़ते थे। हिंदुजा परिवार लंदन में महारानी एलिजाबेथ के पड़ोसी था। उनके 67 हजार वर्गफीट में बने कार्लटन हाउस की कीमत 25 हजार करोड़ रुपए है। महारानी ने कई बार अपने पड़ोसी को शाही भोज पर बुलाया। ऐसे में मांस-शराब से दूर रहने वाले एसपी हिंदुजा अपना भोजन खुद लेकर पहुंचते थे। स्ट्रिक्ट वेजिटेरियन होने की वजह से विदेश यात्रा पर अपने शेफ को साथ ले जाते थे। एसपी हिंदुजा पर पिता का गहरा प्रभाव था। वो कहते थे कि पिता को देखकर सब कुछ सीखा। 'कोई काम कल पर टालने की जगह आज ही कर लो।' उनकी यह सलाह जिंदगी भर काम आई। बिजनेस में एक ही उसूल रहा, जो दूसरे करते हैं, वो हम नहीं करते। उनकी पहचान मैचिंग सूट और गोल चश्मा था। वे अपने अनुशासन और नियमों को लेकर बहुत सख्त थे। इसको लेकर उन्होंने कभी समझौता नहीं किया। रात में सिर्फ चार घंटे सोते थे और सुबह चार बजे उठ जाते थे। कभी भी लेट नाइट पार्टी में नहीं गए। एसपी हिंदुजा चार भाइयों में सबसे बड़े थे। जब परिवार का विस्तार हुआ और बिजनेस की कमान तीसरी पीढ़ी के पास पहुंची, तो ग्रुप में बंटवारे की बात भी उठी। हालांकि, एसपी के सामने जब भी 109 साल पुराने हिंदुजा समूह में हिस्सेदारी की बात आती थी तो वे कहते थे, 'यहां सब कुछ सबका है और कुछ भी किसी का नहीं।' 1964 में एसपी हिंदुजा को बॉलीवुड ब्लॉकबस्टर फिल्म संगम के इंटरनेशनल डिस्ट्रीब्यूशन राइट्स मिले थे। उन्हें इससे लाखों डॉलर की कमाई हुई। 1993 में ग्रुप ने बैंकिंग सेक्टर में कदम रखा और इंडसइंड बैंक की नींव रखी। 1994 में इंडसइंड मीडिया एंड कम्युनिकेशंस की शुरुआत की। 1994 में एसपी हिंदुजा ने बैंकी प्रिवी की स्थापना की थी। इसका मुख्यालय स्विट्जरलैंड के जिनेवा में है। यह भारतीय स्वामित्व वाला एकमात्र स्विस बैंक है। 2006 में हिंदुजा ब्रदर्स ने लंदन के कार्लटन हाउस टेरेस स्ट्रीट पर 25-बेडरूम वाले मेंशन पर 58 मिलियन डॉलर खर्च किए थे। ये बर्मिंघम पैलेस के पास है। श्रीचंद, गोपीचंद और प्रकाश हिंदुजा का नाम बोफोर्स घोटाले में भी सामने आया था, दिल्ली कोर्ट ने 2005 में सबूत के अभाव में सभी आरोप खारिज कर दिए।

# तरलता की कमी व ओवरनाइट दरों में वृद्धि से बैंकों को परेशानी, फेम सब्सिडी में कई कंपनियों को मिलेगा नोटिस




**नई दिल्ली ।**
**सिस्टम में तरलता की कमी और ओवरनाइट दरों में इजाफा से बैंकों की परेशानी बढ़ गई है। खासकर छोटे बैंकों की, जिनके पास तरलता बिलकुल नहीं है। बैंकों ने भारतीय रिजर्व बैंक से अपील की है कि वह बैंकिंग उद्योग की मदद करे।**

पिछले दिनों बैंकों ने मनी मार्केट एसोसिएशन के साथ एक बैठक में इस मुद्दे को उठाया था। दरअसल, बैंक जरूरत पड़ने पर एक रात के लिए कर्ज लेते हैं। इसे ओवरनाइट कॉल मनी रेट कहते हैं। यह दर पिछले चार सप्ताह से रेपो रेट और अब मार्जिनल स्टैंडिंग फैसिलिटी से भी ऊपर हो गई है, जो 6.75प्रतिशत पर है। रेपो रेट 6.50प्रतिशत है। बैंकों ने पिछले हफ्ते फिक्स्ड इनकम मनी मार्केट और डेरिवेटिव एसोसिएशन से इस मुद्दे पर चर्चा की है। ज्यादातर बैंक अप्रैल से उधारी ले रहे हैं। ज्यादा कर्ज की मांग के साथ ही अग्रिम कर के रूप में सिस्टम से पैसा ज्यादा निकला था।

### फेम सब्सिडी में कई और कंपनियों को मिलेगा नोटिस

फेम-2 योजना में स्थानीयकरण नियमों का उल्लंघन कर सब्सिडी लेने वाली कुछ और कंपनियों को सरकार नोटिस जारी करेगी। एक सरकारी अधिकारी ने कहा, वित्त वर्ष 2019-20 के बाद से इन कंपनियों ने सब्सिडी का दावा किया था। ऑडिट रिपोर्ट मिलने के बाद भारी उद्योग मंत्रालय शीघ्र ही योजना के तहत सब्सिडी का वितरण फिर से शुरू करेगा।

### क्रेडिट कार्ड से विदेश में भुगतान धन प्रेषण योजना के दायरे में

अंतरराष्ट्रीय क्रेडिट कार्ड से विदेशी मुद्रा में किया जाने वाला खर्च अब आरबीआई की उदारीकृत धन-प्रेषण योजना (एलआरएस) के दायरे में आ गया है। वित्त मंत्रालय ने विदेशी मुद्रा प्रबंधन (चालू खाता लेनदेन) संशोधन नियम, 2023 अधिसूचित करते हुए यह जानकारी दी।एलआरएस के तहत एक व्यक्ति आरबीआई की अनुमति के बिना भी एक वित्त वर्ष में अधिकतम 2.5 लाख डॉलर विदेश भेज सकता है।

# एलआईसी ने निवेशकों को दिया 1.94 लाख करोड़ घाटा, खुदरा निवेशकों की संख्या घटकर 33 लाख हुई

**नई दिल्ली ।**
भारतीय शेयर बाजार में अब तक का सबसे बड़ा प्रारंभिक सार्वजनिक निर्गम (आईपीओ) लाने वाली भारतीय जीवन बीमा निगम (एलआईसी) घाटा देने में भी अव्वल रही है। पिछले साल 17 मई को शेयर लिस्टिंग पर एलआईसी का बाजार पूंजीकरण 5.54 लाख करोड़ था जो अब 1.94 लाख करोड़ घटकर 3.60 लाख करोड़ रह गया। एलआईसी का शेयर लिस्टिंग के मूल्य से 40 फीसदी नीचे है। 949 रुपये के भाव पर आया आईपीओ अब 568 रुपये पर है। अभी भी सरकार की हिस्सेदारी 96.5प्रतिशत बनी हुई है। बाजार पूंजीकरण के लिहाज से एलआईसी 5वें से खिसककर 13वें स्थान पर है। लिस्टिंग के बाद से एलआईसी का शेयर कभी भी आईपीओ के भाव पर नहीं पहुंच पाया। एक साल में म्यूचुअल फंडों का हिस्सा 0.74प्रतिशत से घटकर 0.63प्रतिशत व विदेशी निवेशकों का हिस्सा 0.12 से घटकर 0.8प्रतिशत हो गया। हालांकि, खुदरा निवेशकों की हिस्सेदारी बढ़कर 1.88 से 2.04 फीसदी हो गई है। भले ही खुदरा निवेशकों की हिस्सेदारी बढ़ रही हो, पर इनकी संख्या घट रही है। आईपीओ के समय कुल खुदरा निवेशक 39.89 लाख थे जो अब 6.87 लाख घटकर 33 लाख पर आ गए हैं। एलआईसी पिछले साल आईपीओ से 21,000 करोड़ जुटाई थी। यह अब तक का सबसे बड़ा आईपीओ है। इससे पहले कोल इंडिया ने 2010 में 15,200 करोड़ का आईपीओ लाया था। जनरल इंश्योरेंस कॉरपोरेशन ने 2017 में 11,257 करोड़ और एसबीआई कार्ड्स ने 2020 में 10,341 करोड़ जुटाया था।




# पतंजलि प्रोडक्ट में नॉन-वेज मटेरियल का आरोप: वकील ने कहा- दंत मंजन में कटल फिश मिलाई, कंपनी स्पष्टीकरण दे

**नई दिल्ली ।**
मल्टीनेशनल कंपनी पतंजलि को अपने डेंटल केयर प्रोडक्ट में नॉन वेजिटेरियन पदार्थ का इस्तेमाल करने पर लीगल नोटिस भेजा गया है। इसमें आरोप लगाया गया है कि कंपनी अपने दिव्य दंत मंजन में समुद्र फेन (कटलफिश) नाम का मांसाहारी पदार्थ यूज करती है। नोटिस में यह भी बताया गया है कि नॉन वेजिटेरियन पदार्थ के इस्तेमाल के बावजूद उस प्रोडक्ट पर ग्रीन यानी वेजिटेरियन लेबल दिया गया है। पतंजलि को ये लीगल नोटिस एडवोकेट शाशा जैन ने भेजा है। इस नोटिस में कंपनी से 15 दिनों के अंदर स्पष्टीकरण देने को कहा गया है ।ट्विटर पर शेयर किए पोस्ट में शाशा ने दिव्य दंत मंजन और उसमें इस्तेमाल किए जाने वाले इंग्रीडिएंट्स की फोटो भी शेयर की है। शाशा ने कहा, यह हमारे समुदाय और अन्य शाकाहारी समुदायों की भावनाओं को आहत करने वाला है।

**कंज्यूमर राइट्स और लेबलिंग रेगुलेशंस का उल्लंघन** - शाशा जैन ने कहा कि दिव्य दन्त मंजन में नॉन वेजिटेरियन इंग्रीडिएंट समुद्र फेन का उपयोग और इसकी वेजिटेरियन प्रोडक्ट के रूप में मार्केटिंग और सेलिंग, कंज्यूमर राइट्स और लेबलिंग रेगुलेशंस का उल्लंघन है। शाशा ने कहा, मैं खुद आपकी कंपनी के कई प्रोडक्ट्स का इस्तेमाल करती हूं, लेकिन अब मैं पतंजलि प्रोडक्ट्स को यूज करने में असहज महसूस करती हूं।




**समुद्र फेन क्या है** - समुद्र फेन कटल फिश से प्राप्त एक एनिमल प्रोडक्ट है। मछली के मरने के बाद उसकी हड्डी समुद्र के पानी पर तैरने लगती है। जब समुद्र के पानी की सतह पर बड़ी संख्या में हड्डियां एक साथ तैरती हैं, तो दूर से यह समुद्र के पानी के झाग जैसा दिखता है। इसमें 80प्रतिशत कैल्शियम कार्बोनेट होता है। इसके अलावा इसमें फास्फेट, सिलिका और सल्फेट जैसे अन्य तत्व भी होते हैं।

**मसूड़े मजबूत होने का दावा** - पतंजलि कि वेबसाइट के अनुसार दिव्य दंत मंजन मसूड़ों के साथ-साथ दांतों के लिए भी सबसे शक्तिशाली औषधीय उत्पाद है। इस टूथ पाउडर के इस्तेमाल से मसूड़े मजबूत होते हैं। इस कारण पायरिया (मसूड़ों से रक्त और मवाद का बहना) जैसी दंत समस्याएं दूर हो जाती है। पतंजलि अपने प्रोडक्ट को लेकर पहले भी विवादों में रहा है। पिछले साल उत्तराखंड में आयुर्वेदिक और यूनानी सेवा के अधिकारियों ने पतंजलि को 5 दवाओं का उत्पादन रोकने को कहा था।

भारत में जल्द हो सकती है टेस्ला की एंट्री

# एलन मस्क की टीम ने सरकार के साथ की मीटिंग, मैन्युफैक्चरिंग यूनिट लगा सकते हैं

**नई दिल्ली ।**
एलन मस्क की इलेक्ट्रिक कार बनाने वाली कंपनी टेस्ला की जल्द भारत में एंट्री हो सकती है। मीडिया रिपोर्ट के अनुसार, टेस्ला के अधिकारियों ने भारत सरकार के अधिकारियों के साथ मीटिंग की। इस मीटिंग में कंपनी ने भारत में इलेक्ट्रिक कार बनाने के लिए एक मैन्युफैक्चरिंग यूनिट स्थापित करने की इच्छा जताई है। हालांकि, इसके बारे में अभी तक सरकार, टेस्ला या एलन मस्क की ओर से ऑफिशियल तौर पर कोई भी जानकारी नहीं दी गई है। इससे पहले पिछले साल भी टेस्ला ने भारत आने की इच्छा जताई थी, लेकिन तब कंपनी और सरकार के बीच बात नहीं बन पाई थी। भारत सरकार के साथ टेस्ला की फिर से मीटिंग ऐसे समय में शुरू हुई है, जब प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जून में अमेरिका की यात्रा पर जाने वाले हैं।

### टेस्ला और सरकार के बीच क्यों नहीं बनी थी बात

टेस्ला ने सरकार से पूरी तरह से असेंबल गाड़ियों पर लगने वाली इंपोर्ट ड्यूटी को 100प्रतिशत से घटाकर 40प्रतिशत करने की मांग की थी। कंपनी चाहती थी कि उसकी गाड़ियों को लग्जरी नहीं बल्कि इलेक्ट्रिक व्हीकल माना जाए, लेकिन सरकार ने कहा था कि दूसरे देशों से इंपोर्ट किए जाने वाले किसी भी इलेक्ट्रिक व्हीकल्स पर इंपोर्ट ड्यूटी माफ या कम करने का कोई भी इरादा नहीं है। सरकार ने कहा था कि अगर टेस्ला भारत में मैन्युफैक्चरिंग प्लांट लगाने का कमिटमेंट करती है तो इंपोर्ट पर रियायत देने पर विचार किया जाएगा। लेकिन एलन मस्क चाहते थे कि पहले भारत में कारों की बिक्री की जाए, इसके बाद मैन्युफैक्चरिंग प्लांट लगाने का विचार किया जाएगा। 27 मई 2022 को भी एक ट्वीट में रिप्लाई करते हुए एलन मस्क ने कहा था, टेस्ला ऐसे किसी लोकेशन पर मैन्युफैक्चरिंग प्लांट नहीं लगाएगी जहां उसे पहले से कारों को बेचने और सर्विस की परमीशन नहीं है। एलन मस्क का यह जवाब तब आया था जब ट्विटर यूजर मधु सुधन वी ने पूछा था- क्या टेस्ला फ्यूचर में भारत में एक प्लांट बना रही है



### तीन पॉइंट जो मस्क का इंडिया की तरफ झुकाव के संकेत देते हैं:

बीते दिनों मस्क ने कहा था कि उन्हें भारतीय खाना पसंद है, खासकर नान के साथ बटर चिकन।

पिछले महीने कुछ रिपोर्ट्स में दावा किया गया था कि मस्क ने ट्विटर पर पीएम मोदी को फॉलो किया है। भारत के सबसे ज्यादा आबादी वाला देश बनने पर मस्क ने कहा था- डेमोग्राफिक्स इज डेस्टिनी।

### चीन से मैन्युफैक्चरिंग भारत शिफ्ट कर रहीं कंपनियां

अमेरिका-चीन के बीच तनाव बढ़ने के कारण कंपनियां मैन्युफैक्चरिंग यूनिट चीन से भारत शिफ्ट कर रही है। जियो पॉलिटिकल टेंशन और कोरोना महामारी के बाद एपल समेत अन्य अमेरिकी टेक दिग्गज भी चीन के बाहर अपनी मैन्युफैक्चरिंग फैसिलिटी के विस्तार पर काम कर रहे हैं। अगर टेस्ला और सरकार के बीच बात बन जाती है तो इस लिस्ट में वह भी शामिल हो जाएगी।

### रामा राव तेलंगाना में फैक्ट्री लगाने का दे चुके हैं ऑफर

एलन मस्क के एक ट्वीट पर रिप्लाई करते हुए केटी रामा राव तेलंगाना में फैक्ट्री लगाने का दे चुके हैं। उन्होंने लिखा था,हाय एलन, मैं भारत में तेलंगाना राज्य का उद्योग और वाणिज्य मंत्री हूं। भारत/तेलंगाना में कारोबार स्थापित करने की चुनौतियों को लेकर काम करने के लिए टेस्ला के साथ साझेदारी करने पर खुशी होगी। हमारा स्टेट सस्टेनेबिलिटी इनिशिएटिव्स में एक चैंपियन है और भारत में शीर्ष पायदान का बिजनेस डेस्टिनेशन है।

### सिद्धू ने लुधियाना को ई-व्हीकल हब बनाने का दिया था ऑफर

कांग्रेस नेता नवजोत सिंह सिद्धू ने भी ट्वीट करते हुए लिखा था, मैं एलन मस्क को पंजाब में आमंत्रित करता हूं। पंजाब मॉडल लुधियाना को इलेक्ट्रिक व्हीकल और बैटरी इंडस्ट्री का हब बनाएगा। पंजाब मॉडल निवेश के लिए टाइम बाउंडेड सिंगल विंडो क्लीयरेंस देगा, जिससे पंजाब में नई टेक्नोलॉजी, ग्रीन जॉब्स और पर्यावरण संरक्षण के साथ ही सतत विकास का मार्ग प्रशस्त होगा।

## जन्मों-जन्मों तक कटरीना के साथ रहूंगा : विक्की कौशल



**मुंबई (ईएमएस)।** जरा हट के, जरा बच के फिल्म का ट्रेलर जारी होने के दौरान एक्टर विक्की कौशल ने कहा कि वे जन्मों-जन्मों तक कैटरीना के साथ रहेंगे। इस समारोह में फिल्म के सितारे विक्की कौशल और सारा अली खान मीडिया से रू-ब-रू हुए थे। इस दौरान एक पत्रकार ने पूछा कि कटरीना कैफ से भी ज्यादा अच्छी लडकी मिल जाए, तो क्या वो उन्हें डिवोर्स दे देंगे? यह प्रश्न सुनकर विक्की हैरान रह गए। फिर उन्होंने खुद को संभालते हुए इस सवाल का जवाब दिया और कहा- सर शाम को घर भी जाना है। आप ऐसे टेढ़े सवाल पूछ रहे हो, बच्चा हूं अभी मुझे बड़ा तो होने दो। कैसे जवाब दूं इसका मैं? इतना खतरनाक सवाल पूछा है आपने। विक्की कौशल ने हंसते हुए कहा, कुछ भी हो जाए मैं जन्मों-जन्मों तक कटरीना के साथ रहूँगा। गौरतलब है कि आगामी 2 जून को लक्ष्मण उतेकर निर्देशित फिल्म जरा हट के, जरा बच के का प्रदर्शन होने जा रहा है। इस फिल्म में विक्की कौशल और सारा अली खान नजर आएंगे। यह एक ऐसे युवा दम्पत्ति की कहानी है जो शादी के कुछ माह बाद ही अलग होना चाहता है। बातचीत के दौरान विक्की ने ये भी बताया कि कटरीना ने कई बार घर पर बार पीस सेटअप करने की डिमांड की है। विक्की ने कहा- घर के फर्नीचर को लेकर हमारी बातें होती रहती हैं। मैडम (कटरीना) घर पर ही बार पीस सेटअप करना चाहती हैं। मैंने देखा कि इसमें कितना खर्च आएगा और मैं प्राइस टैग देखकर हैरान रह गया। बार-सेटअप करना इतना महंगा है कि इससे अच्छा तो मैं खुद ट्रे लेकर खड़ा हो जाऊं, और ड्रिंक सर्व कर दूं। ये पूरा पीस खरीदने से तो कहीं सस्ता है। जब विक्की से ये पूछा गया कि उनकी फिल्मों में उनके कैरेक्टर की फीमेल कैरेक्टर से ज्यादा बनती क्यों नहीं है तो विक्की ने कहा- भगवान हमेशा जिंदगी में बैलेंस बनाकर रखते हैं। मेरी रियल लाइफ मेंकटरीना हैं और मैं बहुत खुश हूं तो वहीं रील लाइफ में मेरे कैरेक्टर परेशान रहते हैं। बता दें कि विक्की कौशल और सारा अली खान की अपकमिंग फिल्म जरा हटके जरा बचके के डायरेक्टर लक्ष्मण उतेकर हैं। फिल्म में राकेश बेदी, शरीब हाश्मी और नीरज सूद भी दिखेंगे। फिल्म 2 जून को बिग स्क्रीन पर रिलीज होगी। इससे जुड़ा वीडियो भी सोशल मीडिया पर सामने आया है। विक्की-कटरीना के फैंस उनके इस रिस्पॉन्स को काफी पसंद कर रहे हैं।

# दर्शकों को नब्बे के दौर में ले जाएगा शो, मेरी फैमिली सीजन-2 का ट्रेलर लांच




**मुंबई (ईएमएस)।** नब्बे के दशक की यादों को ताजा करने के लिए मेरी फैमिली का ट्रेलर लांच हो गया। नए सीजन 2 के ट्रेलर ने दर्शकों के बीच पुरानी यादों को एक बार फिर ताजा कर दिया है। ट्रेलर को देखने वालों ने बताया कि यह लखनऊ की सर्दियों के 90 के दशक में सेट किया गया नया सीजऩ यादों की गलियों में चलने जैसा है। कहानी अवस्थी परिवार के इर्द-गिर्द घूमती है और 15 वर्षीय ऋतिका (हेतल गाडा) द्वारा सुनाई जाती है और पूरे शो को उसके दृष्टिकोण से कैप्चर किया जाता है। टीवीएफ प्रोडक्शन ये मेरी फैमिली में जूही परमार हैं, जो इस शो के साथ ओटीटी पर डेब्यू करेंगी। उनका किरदार नीरजा, एक भारतीय माँ की याद दिलाता है, जो हमेशा देखभाल करती है लेकिन आवश्यकता पडऩे पर कठोर भी होती है। राजेश कुमार एक उदार पिता और परिवार के अच्छे पुलिस वाले की भूमिका निभाते नजर आएंगे और अंगद रितिका के शरारती छोटे भाई के रूप में हैं। ट्रेलर में रेडियो ट्रांजिस्टर, न्यूजपेपर मैन, टीवी केबल, दोपहिया वाहन, परिवार के साथ लूडो खेलने और छोटे-छोटे पलों को यादगार बनाने जैसे 90 के दशक के सार को दिखाया गया है। ट्रेलर में दिखाया गया है कि परिवार के मजबूत और भावनात्मक बंधन के साथ जीवन कैसे सरल लेकिन सुंदर था। शो पर अपने विचार साझा करते हुए, जूही परमार ने कहा, मेरा मानना है कि आजकल लोग संबंधित कहानियों और पात्रों की तलाश में हैं, और ये मेरी फैमिली एक ऐसा शो है जो भावनाओं के कई स्वाद लाता है। मैं नीरजा के चरित्र को चित्रित करते हुए एक भावनात्मक संबंध महसूस करता हूं, एक महिला जो इतनी भरोसेमंद है, एक शिक्षक, एक बहू, एक पत्नी, एक मां, आदि होने के बीच मल्टीटास्किंग करती है।

## मन्नत को डिजाइन करने गौरी ने दिए पैसे

**-किंग खान ने किया यह खुलासा, नहीं बचे थे पैसे**




**मुंबई (ईएमएस)।** अपने घर मन्नत के पीछे की दिलचस्प कहानी और कैसे गौरी खान ने डिजाइनिंग की दुनिया में प्रवेश किया, को साझा करते हुए शाहरुख खान ने कहाः जब हमने मन्नत खरीदा, तो यह हमारी हैसियत से बाहर था और घर खरीदने के बाद हमारे पास इसे सजाने के लिए पैसे नहीं थे। हमने एक डिजाइनर को हायर किया, लेकिन उसकी फीस को हम अफोर्ड नहीं कर सकते थे। तब, मैंने गौरी की ओर रुख किया और उन्हें मन्नत डिजाइन करने को कहा। इस तरह मन्नत की डिजाइनिंग शुरू हुई। हम जो भी पैसे कमाते वो मन्नत के लिए सामान खरीदने में लगा देते। गौरी खान की किताब एक डिजाइनर के रूप में उनके और उनके परिवार की विशेष तस्वीरों के साथ उनकी यात्रा को दशार्ती है। गौरी खान का सबसे चुनौतीपूर्ण प्रोजेक्ट रेड चिलीज एंटरटेनमेंट ऑफिस को डिजाइन करना है। उन्होंने कहाः हर एक प्रोजेक्ट एक डिजाइनर के लिए खास होता है, चाहे आप किसी बड़े या छोटे पर काम कर रहे हों, प्रत्येक प्रोजेक्ट में चुनौतियां होती हैं, और हमें इसमें अपना बेस्ट देना होता है। मैं इतने सालों से काम कर रही हूं, लेकिन मुझे लगता है कि शाहरुख का प्रोजेक्ट, रेड चिलीज ऑफिस क्रैक करना कठिन है। बता दें कि शाहरुख खान देश के सबसे अमीर सुपरस्टार्स में से एक हैं। उन्होंने एक बड़ा खुलासा किया है। एक्टर ने बताया कि जब उन्होंने अपना घर मन्नत खरीदा था, तब उनके पास पैसे नहीं बचे थे। इसके चलते मन्नत को डिजाइन करने के लिए गौरी खान ने पैसे दिए। किंग खान, जिन्होंने इस साल की शुरूआत में पठान के साथ शानदार वापसी की, गौरी खान की कॉफी-टेबल बुक माई लाइफ इन डिजाइन के लॉन्च के दौरान मीडिया से बातचीत कर रहे थे।

## सलमान खान की बहन अर्पिता के घर में चोरी करने वाला नौकर गिरफ्तार



सलमान खान की बहन अर्पिता खान-शर्मा के घर से हीरे के झुमके चोरी करने के आरोप में नौकर को गिरफ्तार किया गया है। अर्पिता ने मुंबई पुलिस में उनके खार स्थित घर से चोरी होने की शिकायत दर्ज कराई थी। विलेपार्ले ईस्ट में अम्बेवाड़ी स्लम निवासी 30 वर्षीय संदीप हेगड़े खार स्थित अर्पिता के घर में नौकर का काम करता था। अर्पिता ने अपनी पुलिस शिकायत में कहा है कि उन्होंने 5 लाख रुपये के हीरे के झुमके एक मेकअप बॉक्स में रखे हुए थे, 16 मई को चोरी हो गए हैं। पुलिस ने शिकायत दर्ज करके जांच शुरू की और नौकर को उसी रात गिरफ्तार कर लिया। एपीआई विनोद गावकर, पीएसआई लक्ष्मण काकड़े, पीएसआई गवली और खार पुलिस इंस्पेक्टर मोहन माने के नेतृत्व में जांच टीम ने आरोपी का पता लगाया। पुलिस के मुताबिक संदीप हेगड़े चोरी करने के बाद बिना किसी को बताए फरार हो गया था।

## कपिल के आगामी एपिसोड में मंदाकिनी और संगीता आएगी नजर

**-नया प्रोमो ऑनलाइन किया गया था साझा**



**मुंबई (ईएमएस)।** अस्सी के दशक के जश्न में द कपिल शर्मा शो के आगामी एपिसोड में मंदाकिनी, संगीता बिजलानी को दिखाया जाएगा। बीते दिनों एपिसोड के लिए एक नया प्रोमो ऑनलाइन साझा किया गया था। प्रोमो में अभिनेत्रियों को मेजबान कपिल शर्मा और उनके कलाकारों के साथ अच्छा समय बिताते हुए दिखाया गया है। प्रोमो में, कपिल ने मंदाकिनी की सबसे यादगार फिल्म, राज कपूर द्वारा निर्देशित और उनके बेटे राजीव कपूर अभिनीत, राम तेरी गंगा मैली के बारे में मजाक किया। फिल्म ने अपनी रिलीज के समय उन दृश्यों के लिए विवाद उत्पन्न किया जिन्हें बोल्ड के रूप में वर्गीकृत किया गया था। इस बात का जिक्र करते हुए कपिल ने कहा, मंदाकिनी को हर कोई जानता है, उनकी फिल्म राम तेरी गंगा मैली आने के बाद हर कोई उनसे प्यार करने लगा था। विवाहित पुरुष जो उसके पोस्टर को दीवार पर लगाने से डरते थे, अपनी पत्नी की तस्वीरों के पीछे उसकी तस्वीरें अपने बटुए में छिपा देते थे।

उनकी पत्नियां पूछतीं, एक नई हीरोइन आई है, मंदाकिनी, क्या तुमने उसे देखा? पुरुष झूठ बोलते और कहते कि उन्होंने नहीं देखा। पत्नियाँ तब कहती थीं कि उनके पास भी नहीं था, लेकिन उनके बटुए की जाँच करने के बाद अब उनके पास है। इस बात को सुनते ही मंदाकिनी लाल हो गईं और हंस पड़ीं, कपिल ने मजाक में कहा कि संगीता की कई फिल्मों में अपराध से संबंधित शीर्षक हैं जैसे कातिल, जुर्म, हथियार और पूछा कि क्या उन्हें यकीन है कि वे पटकथा लेखकों द्वारा लिखे गए थे न कि वास्तविक अपराधियों द्वारा। द कपिल शर्मा शो में हर हफ्ते नए सेलेब्रिटीज आते हैं।

# जरा हटके जरा बचके को लेकर सुर्खियों में विक्की-सारा

**- फिल्म का धमाकेदार ट्रेलर रिलीज**




**मुंबई (ईएमएस)।** एक्टर्स विक्की कौशल और सारा अली खान आजकल फिल्म जरा हटके जरा बचके फिल्म को लेकर सुर्खियों मे हैं। जरा हटके जरा बचके विक्की कौशल और सारा अली खान की साथ में पहली मूवी है, जो कि अगले ही महीने रिलीज होने के लिए तैयार है। हाल ही में इस फिल्म का धमाकेदार ट्रेलर रिलीज किया गया, जिसमें विक्की और सारा दोनों ही दमदार एक्टिंग करते नजर आ रहे हैं। पहले ऐसी चर्चा थी कि फिल्म जवान की वजह से फिल्म की रिलीज डेट फाइनलाइज नहीं हो पाई। मगर अब रिलीज डेट लॉक हो चुकी है। जरा हटके जरा बचके फिल्म 02 जून को सिनेमाघरों में दस्तक देगी। इसी दिन पहले शाह रुख खान की जवान भी रिलीज होने वाली थी। जरा हटके जरा बचके फिल्म को लक्ष्मण उतेकर ने डायरेक्ट किया है, जबकि दिनेश विजान और ज्योति देशपांडे ने फिल्म को प्रोड्यूस किया है। मूवी की स्टोरी इंदौर के दो प्रेमियों पर आधारित है। यह कहानी है कपिल और सौम्या की, जिन्हें कॉलेज के दिनों में एक दूसरे से प्यार हो गया।

परिवार की रजामंदी से इन्होंने शादी की। ट्रेलर में दिखाया गया है कि शादी के शुरूआती दिनों में इनके बीच बहुत प्यार होता है। मगर वक्त बीतने के साथ-साथ इनका रोमांस भी फीका होता चला जाता है। नौबत यहां तक आ जाती है कि कभी एक दूसरे के प्यार में पागल कपिल और सौम्या अब एक दूसरे की शक्ल तक देखना पसंद नहीं करते, और तलाक लेकर अलग-अलग जिंदगी बिताना चाहते हैं। फिल्म के ट्रेलर और विक्की कौशल-सारा अली खान की जोड़ी पर फैंस ने मिक्स रिएक्शन दिया है। इंस्टाग्राम पर एक यूजर ने लिखा, विक्की कौशल और सारा अली खान की फ्रेश पेयरिंग हमारे दिलों पर राज करने वाली है। इनकी रोमांटिक केमेस्ट्री देखने का इंतजार नहीं होता। इनकी फिल्म को देखने के लिए बहुत एक्साइटेड हूं। फिल्म का सबसे हाईलाइटिंग प्वाइंट यह है कि कपिल और सौम्या का तलाक सिर्फ इन दोनों में नहीं, बल्कि सहपरिवार होगा।

## भोजपुरी गीत 'बह जाता आंखी से कजरवा' हुआ रिलीज




**मुंबई, (हि.स.)।** अभिनेत्री नीतू यादव और सिंगर बबिता बंदना का नया भोजपुरी गाना बह जाता आंखी से कजरवा यू-ट्यूब पर रिलीज हुआ है। बबिता की सुरीली आवाज और अदाकारा नीतू का जादू दर्शकों को लुभा रहा है। इस गाने को बबिता बंदना ने अपनी खास शैली में गाया है। गाने में नीतू यादव ने अपनी गजब की परफॉर्म दी है, जिससे गाने में चार चांद लग गए हैं। गाने में नीतू के एक्सप्रेशन कमाल के नजर आ रहे हैं, जो दर्शकों को दीवाना बनाने के लिए काफी हैं। गांव के परिवेश वाली लोकेशन इस गाने की खूबसूरती को और बढ़ा रही है। गाने में बबिता बंदना की आवाज का जादू भी दर्शकों पर खूब चल रहा है। गाने को वर्ल्डवाइड रिकाड्र्स के ऑफिसियल यू-ट्यूब चैनल से जारी किया गया है। गाने के लिरिक्स पंडित दुर्गेश ने लिखे हैं और इसका संगीत आर्या शर्मा ने दिया है। इस गाने का निर्माण रत्नाकर कुमार ने किया है और इसका निर्देशन रवि पंडित ने किया है। इस गाने के कोरियोग्राफर विशाल गुप्ता हैं। कॉस्ट्यूम बादशाह खान की है, जबकि एडिट दीपक पंडित, डीआई रोहित सिंह ने किया है।

## "द केरल स्टोरी" की आलोचना करने वालो पर विपुल शाह का बड़ा बयान



सुदीप्तो सेन के निर्देशन में बनी फिल्म "द केरल स्टोरी" रिलीज से पहले ही विवादों में घिर गई है। फिल्म के रिलीज होते ही कुछ लोगों ने इसकी आलोचना करनी शुरू कर दी थी। राजनीतिक संगठन फिल्म के प्रदर्शन पर रोक लगाने की मांग कर रहे थे। फिल्म की कहानी धर्म परिवर्तन करने वाली चार महिलाओं के इर्द-गिर्द घूमती है, जिन्हें आतंकी संगठन आईएसआईएस में भर्ती किया जाता है। एक तरफ जहां कुछ लोग इस फिल्म का विरोध कर रहे हैं वहीं दूसरी तरफ इस फिल्म को अच्छा रिस्पॉन्स भी मिल रहा है। एक भी स्टार ना होने के बावजूद इस फिल्म ने 150 करोड़ की कमाई की है। इस फिल्म की रिलीज के समय 32 हजार लड़कियों के आंकड़े ने भारी हलचल मचा दी थी। फिल्म के टीजर और ट्रेलर में दावा किया गया है कि केरल की 32 हजार हिंदू महिलाओं को जबरन आईएसआईएस में भर्ती कराया गया था। इससे काफी विवाद हुआ और बाद में इसे 32 हजार के बजाय तीन लड़कियों की कहानी में बदल दिया गया। यह बदलाव सोशल मीडिया पर हर जगह किया गया। हाल ही में प्रोड्यूसर विपुल अमृतलाल शाह ने एक प्रेस कॉन्फ्रेंस कर इस पर कमेंट किया है। इस बारे में उन्होंने कहा, "हम बहुत सारी लड़कियों से मिल चुके हैं और बातचीत कर चुके हैं इसलिए 32 हजार बनाम 3 हमारे लिए कोई मुद्दा नहीं है। हमारी फिल्म की कहानी इन्हीं 3 लड़कियों की जिंदगी पर आधारित है। केरल में जो हो रहा है उसका इस आंकड़े से कोई लेना-देना नहीं है। इन तीन लड़कियों के जरिए हम आपके लिए हजारों लड़कियों की दर्दनाक कहानी लेकर आए हैं। मुझे खेद है कि जब हमारी फिल्म को गिराने की कोशिश की गई तो मीडिया के कुछ लोगों ने भी इसका समर्थन किया।" विपुल शाह ने आगे कहा, "कई लड़कियों की जिंदगी बर्बाद कर दी गई है, उनका साथ देने के बजाय कुछ लोग फिल्म को बदनाम करने की कोशिश कर रहे थे, इसे झूठा बनाने की कोशिश कर रहे थे। जल्द ही हम इस संबंध में जानकारी जुटाएंगे और सबूतों के साथ इनका का पदार्फाश करेंगे। मेरा एकमात्र अनुरोध है कि इन लड़कियों को न्याय दिलाने में मदद करें।" "द केरला स्टोरी" ने बॉक्स ऑफिस पर इतिहास रचा है, फिल्म जल्द ही 200 करोड़ रुपये का आंकड़ा पार कर लेगी।

### सूडोकु नवताल- 6435

★★★★★ कठिनतम

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | 4 | | 6 | | | |
| | | | | | 2 | 7 | | |
| | 6 | 8 | | | | 9 | | |
| 5 | 3 | | | | | | | 6 |
| | | | | 6 | | | | |
| 7 | | | | | | | 9 | 2 |
| | | 9 | | | | 8 | 5 | |
| | | 2 | 1 | | | | | |
| | | | 3 | | 4 | | | |

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते.
- पहेली का केवल एक ही हल है.

**सूडोकु नवताल -6434 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 2 | 9 | 7 | 1 | 3 | 6 | 4 | 8 | 5 |
| 3 | 1 | 6 | 5 | 8 | 4 | 2 | 9 | 7 |
| 5 | 4 | 8 | 7 | 9 | 2 | 6 | 3 | 1 |
| 9 | 2 | 1 | 4 | 7 | 3 | 8 | 5 | 6 |
| 7 | 8 | 3 | 6 | 1 | 5 | 9 | 2 | 4 |
| 4 | 6 | 5 | 9 | 2 | 8 | 1 | 7 | 3 |
| 1 | 7 | 4 | 2 | 5 | 9 | 3 | 6 | 8 |
| 6 | 3 | 2 | 8 | 4 | 7 | 5 | 1 | 9 |
| 8 | 5 | 9 | 3 | 6 | 1 | 7 | 4 | 2 |

Jagrutidaur.com, Bangalore

### शब्दजाल - 7182

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| दि | हु | मे | अ | मि | ता | भ | ब | च्च | न | वि |
| ली | ख | शा | ह | रु | ख | खा | न | या | ड़ | नो |
| प | पी | अ | हे | र | ग | बा | द | ह | प | द |
| कु | ग | ए | ज | जा | बा | बू | ल | ह | लि | ख |
| मा | र | रा | जा | य | ह | ला | कि | यो | रि | न्ना |
| र | इ | वि | मो | ग | दे | वा | शी | स | ति | श |
| न | रा | ल | रा | व | म | व | न | ल | क | त्ति |
| क | र | ज | र | य | र | ह | ग | मा | रो | रे |
| र | या | बा | कु | आ | मि | र | खा | न | श | ड्डी |
| र | ग | ल | न | मा | व | शि | का | री | न | ल |
| रा | जें | द्र | कु | मा | र | ले | स | सु | रा | ल |

*शब्दजाल में दस सफल अभिनेताओं के नाम ढूंढिए. नाम उपर से नीचे व तिरछे हैं.*

दिलीप कुमार, राजकुमार, राजेंद्र कुमार, विनोद खन्ना, अमिताभ बच्चन, शाहरुख खान,आमिर खान, सलमान, अजय देवगन, रितिक रोशन

**शब्दजाल - 7181 का हल**

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| गां | धी | न | ग | र | मा | ज | वा | ज | पे | यी |
| द | ह | ल | प्रे | व | जी | य | द | ह | कां | रा |
| वि | स | मा | म | को | ह | पु | म | ल | ख | म |
| मि | बैं | ग | लो | र | वा | र | ध | श्री | श | दु |
| श | आ | र | ग | बा | ज | ना | तू | न | झ | प |
| है | ल | ला | र | दि | द | मुं | ती | ग | घ | ट |
| द | व | भो | पा | ल | प | ब | ज | र | व | ना |
| रा | एं | वा | ई | द | ब | ई | डू | ए | श | न्हा |
| बा | ड | ल | को | ल | का | ता | आ | ग | शी | आ |
| द | गॉ | ल | प | लि | जी | शी | ला | कौ | ल | द |
| वि | ज | भु | व | ने | श्व | र | त | ब | प | म |

Jagrutidaur.com, Bangalore

### अष्टयोग - 6135

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 2 | | 4 | 5 | | | 1 |
| | 28 | 1 | 36 | | 30 | |
| 3 | | | 6 | 7 | | 2 |
| | 36 | 2 | 37 | | 25 | |
| 4 | 5 | | | | | 3 |
| | 33 | 7 | 37 | 4 | 33 | 5 |
| 1 | | 3 | 4 | | 6 | |

*प्रस्तुत खेल सुडोकू व जोड़ की पद्धति का मिश्रण है.खड़ी व आड़ी पंक्तियों में 1से 7 तक के अंक लिखने अनिवार्य हैं.गहरे काले वर्ग में लिखी संख्या चारों ओर के 8 वर्गों की संख्या का कुल योग होगी.सीधी अथवा आड़ी पंक्तियों में 1 से 7 तक के अंक होना अनिवार्य है.*

**अष्टयोग 6134 का हल**

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 4 | 3 | 7 | 5 | 6 | 1 | 2 |
| 5 | 38 | 3 | 32 | 1 | 27 | 7 |
| 7 | 4 | 5 | 2 | 3 | 6 | 1 |
| 3 | 32 | 2 | 32 | 7 | 33 | 6 |
| 6 | 1 | 4 | 7 | 2 | 5 | 3 |
| 2 | 24 | 1 | 36 | 4 | 30 | 5 |
| 1 | 3 | 6 | 7 | 5 | 2 | 4 |

Jagrutidaur.com, Bangalore





# ओलिंपियन सुशील कुमार केस में गवाहों को धमकियां : मारे गए सागर धनखड़ के घर पुलिस वर्दी में घुसे बदमाश, कत्ल का मुख्यारोपी है पहलवान

**सोनीपत।**
हरियाणा के सोनीपत में दिवंगत पहलवान सागर धनखड़ का पहलवान खौफ के साये में है। मां सविता और पिता अशोक धनखड़ को धमकियां मिल रही हैं कि वे सागर हत्याकांड में समझौता कर लें। नहीं तो उनको और गवाहों को फंसा दिया जाएगा। सागर की हत्या के आरोप में ओलंपियन सुशील पहलवान जमानत पर है। उसको बचाने के लिए परिवार पर दबाब डाला जा रहा है। परिजनों की मानें तो 3-4 दिन पहले एक ठेकेदार और बदमाशों के साथ घर में घुस गया और उनको धमकी दी। कुछ युवक पुलिस की ड्रेस में भी थे। सुशील पहलवान पर कोर्ट में आरोप तय हो चुके हैं।

बता दें कि 4-5 मई 2021 की रात दिल्ली के छत्रसाल स्टेडियम में ओलंपियन सुशील कुमार अपने कुछ साथियों के साथ पहुंचा था। उसने सागर को डंडे से बुरी तरह से पीटा। बाद में सागर की अस्पताल में मौत हो गई। सुशील कुमार द्वारा सागर से की जा रही मार पिटाई का वीडियो वायरल हुआ था। 17 दिन बाद 23 मई को सुशील कुमार को दिल्ली पुलिस की स्पेशल सेल ने गिरफ्तार किया था। ओलिंपिक पदक विजेता पहलवान सुशील कुमार, अंतरराष्ट्रीय पहलवान अनिरुद्ध दहिया और 16 अन्य के खिलाफ हत्या, हत्या की कोशिश और आपराधिक साजिश जैसे आरोप तय हो चुके हैं। सागर धनखड़ हरियाणा के सोनीपत का रहने वाला था। उसके पिता अशोक धनखड़ और मां सविता अभी भी सोनीपत में रहते हैं।

जिन दिनों उसकी हत्या हुई वह सुशील के फ्लैट में रहता था। छत्रसाल स्टेडियम में ही अन्य पहलवानों के साथ प्रैक्टिस करता था। आरोप लगा था कि सागर ने फ्लैट का 40 हजार रुपए किराया नहीं दिया था। इससे सुशील कुमार खफा हो गया था। वहीं यह भी कहा गया कि सागर को पहलवानी में आगे बढ़ता देख कर सुशील खुशी नहीं था। छत्रसाल स्टेडियम में उसकी सत्ता को चुनौती मिल रही थी।

**अब परिवार को मिल रही धमकियां** – दिवंगत पहलवान सागर धनखड़ के पिता अशोक धनखड़ का कहना है कि वे अपने हेल्थ चेकअप को लेकर दिल्ली बालाजी हॉस्पिटल में गए हुए थे। इसी दौरान कुछ पुलिसकर्मी और अमित रोलद उसके घर पहुंच कर उनकी पत्नी सविता को धमकी देकर गए हैं कि सुशील पहलवान को बाहर निकलवाने को लेकर राजीनामा कर लो नहीं तो गवाह को भी फंसा दिया जाएगा।

**केस के मेन गवाह सोनू पर केस दर्ज** – परिजनों ने कहा कि 6 बजे अमित रोलद और पुलिसकर्मी घर पर आए थे और रात 9 बजे अमित रोलद ने पहलवान सागर हत्याकांड के मुख्य गवाह सोनू माहल और जय भगवान के खिलाफ मोहाना थाना और सदर थाना नरवाना में शराब ठेकों पर कब्जे का केस दर्ज करा दिया।

## न्यूज ब्रीफ

### इटेलियन ओपनः स्वीयाटेक के चोटिल होने के बाद रिबाकिना सेमीफाइनल में

**रोम।** गत विंबलडन चैम्पियन एलेना रिबाकिना ने इटेलियन ओपन के सेमीफाइनल में प्रवेश किया, जब



वर्ल्ड नंबर-1 इगा स्वीयाटेक को दाहिनी जांघ में चोट के कारण तीसरे सेट में रिटायर होना पड़ा। स्वीयाटेक के 2-6, 7-6(3), 2-2 के स्कोर पर रिटायर होने के बाद रिबाकिना ने क्ले पर अपने पहले डब्ल्यूटीए 1000 सेमीफाइनल में प्रवेश किया। रिबाकिना का अगला मुकाबला सेमीफाइनल में येलेना ओस्तापेंको से होगा। पोलिश खिलाड़ी दूसरे सेट के टाईब्रेक में एक शॉट का पीछा करने के बाद दर्द में दिखी, जब कोर्ट के निचले हिस्से में स्लाइड करने का उसका प्रयास विफल हो गया और उन्हें तुरंत अपनी ऊपरी दाहिनी जांघ में कुछ महसूस हुआ। स्वीयाटेक कोर्ट से बाहर मेडिकल टाइम के लिए गई और एक बड़ी पट्टी के साथ निर्णायक सेट की शुरूआत के लिए लौटी, अपने मूवमेंट्स में बहुत सतर्क दिख रही थी लेकिन उन्होंने तीसरे सेट में जल्दी मैच से हटने का फैसला कर डाला। इस हार के साथ स्वीयाटेक का रोम में लगातार 14-मैच जीतने का क्रम समाप्त हो गया, ने सोशल मीडिया पर पुष्टि की कि उन्हें जांघ में चोट लगी है और कहा निदान प्रगति पर है। स्वीयाटेक ने ट्वीट किया, हाय दोस्तों। मुझे यकीन है कि आप सोच रहे हैं कि कल रात क्या हुआ था। हम इसकी जांच कर रहे हैं। दूसरे सेट के दौरान मुझे जांघ में चोट लग गई। डायग्नोस्टिक चल रहा है। इस साल की शुरूआत में ऑस्ट्रेलियन ओपन और इंडियन वेल्स में स्वीयाटेक पर जीत के साथ, रिबाकिना अब अपने करियर में वर्ल्ड नंबर 1 के खिलाफ 3-2 से आगे है। 23 वर्षीय सीजन के अपने तीसरे डब्ल्यूटीए 1000 सेमीफाइनल में हैं।

### तदर्थ समिति ने पहली बार कराए ट्रायल, पहले दिन 15 में से 12 भार वर्गों में हरियाणा के पहलवान चयनित

**नई दिल्ली ।** यौन उत्पीड़न के आरोपों में घिरे भारतीय कुश्ती संघ के अध्यक्ष और भाजपा सांसद बृजभूषण



शरण सिंह के बिना पहली बार हो रहे भारतीय कुश्ती टीम के ट्रायल के पहले दिन हरियाणा के पहलवानों का दबदबा रहा। एनआईएस पटियाला और साई सेंटर सोनीपत में हो रहे अंडर-17 और 23 एशियाई चैंपियनशिप के ट्रायल में पहले दिन 15 भार वर्गों में चयन हुआ, जिसमें 12 भार वर्गों में हरियाणा के पहलवानों ने बाजी मारी। पटियाला में तदर्थ समिति की सदस्य ओलंपियन निशानेबाज सुमा शिरूर की अगुवाई में और सोनीपत में आईओए कार्यकारिणी के सदस्य भूपेंदर सिंह बाजवा की अगुवाई में ट्रायल आयोजित हुए। पटियाला में 217 पहलवानों को भाग लेना था, लेकिन ग्रीको रोमन में 94 और लड़कियों में 89 पहलवान उतरीं। सोनीपत में 211 की जगह 170 पहलवानों ने शिरकत की। ट्रायल में उतरने के लिए पासपोर्ट होना अनिवार्य था, क्यों कि चयनित पहलवानों की 20 मई को ही एंट्री भेजनी है, जिसमें पासपोर्ट का होना जरूरी है। अंडर-17 फ्रीस्टाइल में चयनित होने वाले पहलवानों में रूपेश (हरियाणा, 48), तुषार (हरियाणा, 60), नरेंदर (हरियाणा, 71), अंडर-17 ग्रीको रोमन में चयनित होने वाले पहलवानों में सिद्धनाथ (महाराष्ट, 48), वरुण (हरियाणा, 60), सोहमराज (महाराष्ट, 71) शामिल हैं। अंडर-17 लड़कियों में परवीन (हरियाणा, 43), रजनीता (हरियाणा, 53), सविता (हरियाणा, 53) शामिल हैं। अंडर-23 फ्रीस्टाइल में साहिल (पंजाब, 97), आकाश अंतिल (हरियाणा, 125), महिलाओं में अंजलि (हरियाणा, 59), हर्षिता (हरियाणा, 76), ग्रीको रोमन में रोहित दहिया (हरियाणा, 82) और परवेश (हरियाणा, 130 भार वर्ग) का चयन हुआ।

### हैरी टेक्टर ने विराट कोहली और रोहित शर्मा को पछाड़ा, हासिल की करियर की बेस्ट रैंकिंग

**नई दिल्ली।** आईसीसी ने मेन्स बल्लेबाजों की नई रैंकिंग जारी की है। ताजा रैंकिंग में आयरलैंड के बल्लेबाज हैरी



टेक्टर ने दुनिया के टॉप बल्लेबाजों को पछाड़ते हुए अपनी सर्वश्रेष्ठ रैंकिंग हासिल की। हैरी टेक्टर 722 अंक के साथ सातवें स्थान पर पहुंच गए हैं। इतना ही नहीं हैरी टेक्टर ने भारतीय वनडे और टेस्ट कप्तान रोहित शर्मा, साउथ अफ्रीका के ओपनर बल्लेबाज क्विंटन कॉक, स्टीव स्मिथ, जॉस बटलर और विराट कोहली जैसे स्टार बल्लेबाजों को पीछे छोड़ते हुए टॉप-10 में अपनी जगह बनाई। गौरतलब हो कि हैरी टेक्टर ने बांग्लादेश के खिलाफ अपने करियर की बेस्ट पारी खेली। बांग्लादेश के खिलाफ वनडे सीरीज के दौरान दूसरे मैच में हैरी टेक्टर ने 140 रन बनाए। हैरी पूरी सीरीज के दौरान सबसे ज्यादा रन बनाने वाले बल्लेबाज रहे। उन्होंने 206 रन बनाए। हैरी टेक्टर को इस बेहतरीन प्रदर्शन का फायदा मिली। वह 72 रेटिंग अंकों के साथ टॉप-10 में पहुंच गए हैं। फिलहाल वह 722 अंक के साथ 7वें स्थान पर हैं।

# यूपी में खेलो इंडिया यूनिवर्सिटी गेम्स को भव्य बनाने की तैयारी

**लखनऊ।**
**उत्तर प्रदेश की मेजबानी में पहली बार होने जा रहे खेलो इंडिया यूनिवर्सिटी गेम्स के आयोजन को लेकर योगी सरकार ने जोरदार तैयारी की है। सीएम योगी के निर्देश पर इन गेम्स का आयोजन उसी तरह भव्य बनाने की तैयारी हो रही है, जैसा फरवरी में ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट का आयोजन हुआ था। उल्लेखनीय है कि 25 मई से यूपी के चार शहरों में होने जा रहे खेलो इंडिया यूनिवर्सिटी गेम्स की सभी तैयारियां अंतिम दौर में हैं। गेम्स के सफल आयोजन की मदद से सरकार का लक्ष्य और बड़े खेल आयोजनों की मेजबानी हासिल करने का है।**



उत्तर प्रदेश के खेल एवं युवा कल्याण राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) गिरीश चन्द्र यादव ने बीबीडी बैडमिंटन अकादमी में बने कंट्रोल रूम में खेलो इण्डिया यूनिवर्सिटी गेम्स की समीक्षा की। उन्होंने कहा कि प्रदेश में जहां-जहां प्रतियोगिताएं होंगी, वहां पर स्वास्थ्य सुविधाएं चाक-चौबंद रहनी चाहिए। खिलाड़ियों के लिए आने-जाने का बेहतर प्रबंध किया जाए। गर्मी के दृष्टिगत पेयजल की अधिक से अधिक व्यवस्था होनी चाहिए। प्रतियोगिता में हिस्सा लेने आ रहे, महिला एवं पुरुष खिलाड़ियों की सुरक्षा व्यवस्था बेहतर होनी चाहिए। खिलाड़ियों को पौष्टिक भोजन उपलब्ध कराया जाएगा। उन्होंने कहा कि खेलो इंडिया यूनिवर्सिटी गेम्स का सफल आयोजन कराना सभी की जिम्मेदारी है। इसलिए आयोजन से जुड़े सभी विभागों के अधिकारियों को एक टीम भावना से कार्य करना होगा और यूनिवर्सिटी गेम्स को ऐतिहासिक बनाना होगा।

अपर मुख्य सचिव, खेल एवं युवा कल्याण डॉ. नवनीत सहगल ने बताया कि खेलो इंडिया यूनिवर्सिटी गेम्स का आयोजन ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट (जीआईएस) की तरह किया जाएगा। पूरा शहर खेलो इंडिया यूनिवर्सिटी के रंग में नजर आएगा। खिलाड़ियों एवं अन्य आगंतुकों के लिए उच्चस्तरीय सुविधाओं की व्यवस्था की जा रही हैं। एअरपोर्ट पर खिलाड़ियों के स्वागत का अच्छा प्रबंध रहेगा। चारों शहरों में 25 स्क्रीन के माध्यम से खेल का प्रसारण कराया जाएगा। गेम्स के प्रति जनसहभागिता सुनिश्चित कराने के लिए मैराथन का आयोजन होगा।

अपर मुख्य सचिव ने बताया कि प्रतियोगिता के लिए जितने भी वेन्यू निर्धारित किए गए हैं, वहां पर एक छोटा हॉस्पिटल बनेगा। चिकित्सकों की ड्यूटी रहेगी। सामान्य दवाइयां उपलब्ध रहेंगी। खेल वेन्यू के आस-पास हास्पिटल भी चिन्हित किए गये हैं। आवश्यकता पड़ने पर इनका उपयोग किया जा सकेगा। साथ ही एम्बुलेंस की भी पर्याप्त व्यवस्था रहेगी। इसके लिए लखनऊ सहित नोएडा, वाराणसी एवं गोरखपुर के मुख्य चिकित्सा अधिकारियों को निर्देश भेज दिये गये हैं। डॉ. सहगल ने बताया कि खिलाड़ियों की सुविधा के लिए 200 एनसीसी कैडेट् सहित 1500 वालंटियर्स की सेवाएं ली जाएंगी। इनके अतिरिक्त विभिन्न यूनिवर्सिटीज के 42 लाइजनर ऑफिसर्स भी लगाए गए हैं। खिलाड़ियों के ठहरने के लिए एसी कमरों की व्यवस्था की गई है। उन्होंने बताया कि प्रतियोगिता के दौरान पुरस्कार वितरण के लिए प्रदेश समेत अन्य राज्यों के भी मंत्रीगणों को आमंत्रित किया जाएगा।

### निशानेबाज अंजुम को अर्जुन, हॉकी कोच सरपाल को मिला द्रोणाचार्य अवार्ड

**नई दिल्ली ।** खेल मंत्री अनुराग ठाकुर ने विश्व चैंपियनशिप में दो बार रजत पदक जीतने वाली अंजुम मौद्गिल को अर्जुन अवार्ड और हॉकी कोच सरपाल सिंह, टेनिस के दिग्गज दिवंगत नरेश कुमार की पोती शिवानी मीरचंदानी को द्रोणाचार्य अवार्ड दिया। खेल मंत्रालय की ओर से इन तीनों को पुरस्कार दिए जाने की घोषणा काफी पहले ही की जा चुकी थी, लेकिन निजी कारणों से तीनों राष्टपति के हाथों ये पुरस्कार ग्रहण नहीं किए। इस दौरान नरेश कुमार का निधन भी हो गया। अंजुम को 2019 में अर्जुन, नरेश कुमार को 2020 और सरपाल सिंह को 2021 में द्रोणाचार्य अवार्ड दिए जाने की घोषणा की गई थी। खेल मंत्री अनुराग ठाकुर ने एक सादे समारोह में अंजुम को अर्जुन और सरपाल सिंह को द्रोणाचार्य अवार्ड की ट्राफी दी। इस दौरान खेल सचिव सुजाता चतुर्वेदी भी मौजूद थीं। नरेश कुमार लंबे समय तक भारतीय डेविस कप टीम के कप्तान रहे। वह विंबलडन के प्री क्वार्टर फाइनल में भी पहुंचे।

**हार के बावजूद कंबोडियाई एथलीट ने जीता दिल**

# एनीमिया से पीड़ित बोउ समनांग ने बारिश में भीगते हुए पूरी की 5000 मीटर की रेस

**कंबोडिया।**
साउथ ईस्ट एशियन गेम्स में एनीमिया से पीड़ित कंबोडिया की महिला धावक बोउ समनांग ने बारिश में भीग कर 5000 मीटर दौड़ को पूरा किया। बारिश शुरू होने के बावजूद वह ट्रैक पर 90 सेकेंड तक अकेली दौड़ती रही और अपनी दौड़ को पूरा किया। जिसका वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। सभी लोग कंबोडिया की इस महिला धावक के जज्बे की तारीफ कर रहे हैं। इंटरनेशनल ओलिंपिक कमेटी की ऑफिशियल वेबसाइट पर समनांग को जारी होने के बाद उनका वीडियो वायरल हुआ। साउथ ईस्ट एशियन गेम्स 5 से 17 मई तक कंबोडिया में हुए। 8 मई को विमेंस के 5000 मीटर दौड़ का आखिरी इवेंट था। सभी एथलीटों के दौड़ पूरा करने से पहले ही बारिश शुरू हो गई। जब ट्रैक पर कंबोडिया की बोउ समनांग अकेली थीं और वे दौड़ अभी पूरा नहीं कर पाई थीं, तब भी बारिश हो रही थी। समनांग ने बारिश में भीगते हुए ही दौड़ को पूरा किया। इस दौरान लोग ताली बजाकर उनकी हौसला अफजाई करते रहे। पहले स्थान पर रहने वाली एथलीट ने 6 मिनट पहले ही दौड़ को पूरा कर लिया था। बोउ समनांग ने बात करते हुए बताया- मैं एनीमिया से पीड़ित हूं। इवेंट के दिन तबीयत भी खराब थी। ऐसे में मैं धीरे-धीरे दौड़ रही थी। मैं दौड़ को पूरा करना चाहती थी। इवेंट शुरू होने से पहले मुझे अंदाजा था कि शायद दौड़ पूरा करने से पहले बारिश शुरू हो जाएगी। पर मैंने तय कर रखा था कि दौड़ को पूरा करूंगी। मैं कंबोडिया का



प्रतिनिधित्व कर रही थी। स्टेडियम में लोगों का पूरा साथ मिल रहा था। इसलिए बारिश होने के बावजूद मैंने दौड़ पूरी की। मेरे पास दौड़ को बीच में छोड़ने की स्वतंत्रता थी। पर मैंने ऐसा नहीं किया। मैं नहीं चाहती थी कि जो लोग इसे देखने आए हैं उन्हें निराश करूं। जब उनका साथ मिला तो मैंने दौड़ को पूरा किया। सोशल मीडिया पर लोग सोमनांग को असली चैंपियन बता रहे हैं वीडियो वायरल होने के बाद लोग बोउ सोमनांग को सोशल मीडिया पर असली चैंपियन बता रहे हैं। एक यूजर ने लिखा कि सही मायने में इस इवेंट को आपने जीता। आप ही असली चैंपियन हो। एक अन्य यूजर ने लिखा- भले ही आप मेडल नहीं जीत सकीं, पर अपना सर्वश्रेष्ठ देने वाली एथलीट हैं। जिसे कोई कम नहीं कर सकता।

### कंबोडिया के प्रधानमंत्री ने दिया इनाम

कंबोडिया के प्रधानमंत्री हुन सेन ने बोउ सोमनांग के जज्बे को सलाम करते हुए 10 हजार डॉलर (8,25,887 रुपए) इनाम में दिए। उन्होंने कहा कि मेरी पत्नी बोउ सोमनांग से काफी प्रभावित हुईं। यह इनाम उनकी ओर से है।

# भारत की अंडर-17 पुरुष टीम को वीएफबी स्टटगार्ट जूनियर्स से हार का सामना करना पड़ा

**नई दिल्ली।**
**भारत की अंडर-17 पुरुष राष्ट्रीय टीम को स्टटगार्ट में मर्सिडीज बेंज एरिना में एक अभ्यास मैच में वीएफबी स्टटगार्ट की अंडर-16/19 मिश्रित टीम के खिलाफ 1-3 से हार का सामना करना पड़ा। हाफ टाइम तक विजेता टीम 2-0 से आगे थी। स्पेन में तैयारी मैचों की एक श्रृंखला खेलने के बाद, बिबियानो फर्नांडीस द्वारा प्रशिक्षित भारत अंडर -17 टीम, वर्तमान में कुछ अभ्यास मैच खेलने के लिए जर्मनी में है।**



ब्लू कोल्ट्स अगले महीने थाईलैंड में खेले जाने वाले एएफसी अंडर-17 एशियन कप फाइनल राउंड की तैयारी कर रहे हैं। ग्रुप डी में वे वियतनाम (17 जून), उज्बेकिस्तान (20 जून) और जापान (23 जून) से पाथुम थानी और बैंकॉक में खेलेंगे। घरेलू पक्ष ने 22वें मिनट में बढ़त बनाई । वीएफबी स्टटगार्ट टीम ने एक कार्नर अर्जित किया, पॉल कोएनिग ने हैडर से भारतीय गोलकीपर साहिल को निराश कर दिया। चार मिनट बाद, साहिल बार के नीचे सतर्क हो गया क्योंकि उसने लॉरिन उलरिच द्वारा ली गई सीधी फ्री किक को विफल कर दिया। हालांकि, 34वें मिनट में, साहिल कुछ खास नहीं कर सके, जब कार्लो कुरानी ने स्टटगार्ट लड़कों के लिए लीड को दोगुना करने के लिए स्पॉट किक को गोल में बदल दिया। फर्नांडिस ने दूसरे हाफ में कुछ बदलाव किए, लेकिन भाग्य ने भारत की राह नहीं बदली। साहिल 52वें मिनट में एक प्रयास को बचाने में कामयाब रहे, लेकिन दो मिनट बाद टॉम बार्थ द्वारा लिए गए शॉट का उनके पास कोई जवाब नहीं था।

हालाँकि, भारतीयों के पास 80 वें मिनट में मुस्कुराने के लिए कुछ था, जब पेनल्टी बॉक्स के अंदर गेंद को संभालने के लिए योहान टोरेस को खींच लिया गया और परिणामी पेनल्टी पर शाश्वत ने गोल दाग दिया। गोल से उत्साहित भारत ने आखिरी कुछ मिनटों में जोर लगाया और दो बार गोल करने के करीब पहुंच गया। लेकिन मौकों को भुना नहीं सके।

# रवि शास्त्री ने आईपीएल से अपने स्टैंडआउट खिलाड़ियों के रूप में यशस्वी जायसवाल, रिंकू सिंह को चुना

**नई दिल्ली ।**
भारत के पूर्व मुख्य कोच रवि शास्त्री ने यशस्वी जायसवाल और रिंकू सिंह को युवा बल्लेबाजों के रूप में चुना है, जिन्होंने उन्हें मौजूदा आईपीएल 2023 में प्रभावित किया है और उन्हें लगता है कि दो बाएं हाथ के बल्लेबाज टीम में शामिल होने के लिए देर से मामला पेश कर सकते हैं। इस साल के पुरुषों के एकदिवसीय विश्व कप के मामले में यदि राष्ट्रीय टीम और खिलाड़ियों की चोटों से प्रभावित होती है। एक है (यशस्वी) जायसवाल, जिस तरह से उन्होंने इस सीजन में खेला है और मेरे लिए यह एक उल्लेखनीय सुधार है जो मैंने पिछले साल उनमें देखा था। यह एक बहुत ही सकारात्मक संकेत है। शास्त्री ने आईसीसी समीक्षा शो के नवीनतम एपिसोड में कहा, यह दर्शाता है कि एक युवा अपने खेल पर काम करने के लिए तैयार है, चीजों को सुलझाता है, अपने खेल में आलराउंड गेम लाता है और उसने इस सीजन में ऐसा किया है। बस वह शक्ति जिसके साथ वह फिर से शॉट ले रहा है। पिछले साल की तुलना में मैदान के चारों ओर मारना बहुत अच्छा है।



जायसवाल 13 पारियों में 575 रन बनाकर राजस्थान रॉयल्स के लिए एक असाधारण बल्लेबाज रहे हैं, जबकि रिंकू ने लीग चरण के शुरूआती दौर में गुजरात टाइटन्स के खिलाफ कोलकाता नाइट राइडर्स के लिए अंतिम ओवर में पांच सीधे छक्कों के साथ टूर्नामेंट को रोशन किया। अभी तक रिंकू ने 13 पारियों में 407 रन बनाए हैं। दूसरा लड़का रिंकू सिंह है, जो एक महान कहानी है। जितना अधिक मैं उसे देखता हूं, उस लड़के का स्वभाव शानदार है। ये दोनों लोग बहुत कठिन पृष्ठभूमि से आए हैं। 1983 की वनडे विश्व कप विजेता टीम के सदस्य शास्त्री ने कहा, उन्होंने अपने जीवन में शुरूआत में बहुत मेहनत की है और उनके लिए कुछ भी आसान नहीं रहा है। तो आप उस भूख, उस जुनून और उस जज्बे को देख सकते हैं, जो शीर्ष पर पहुंचने के लिए बहुत जरूरी है। उन्होंने आगे कहा कि युवा बाएं हाथ के बल्लेबाज तिलक वर्मा, बी साई सुदर्शन और दाएं हाथ के फिनिशर जितेश शर्मा, जिन्होंने आईपीएल 2023 में उत्कृष्ट प्रदर्शन किया है, जायसवाल और रिंकू के साथ भी मिश्रण में हो सकते हैं। जहां तक बल्लेबाजी की बात है, तिलक वर्मा हैं, पंजाब (किंग्स) से जितेश शर्मा भी हैं, जो एक विकेटकीपर-बल्लेबाज हैं और काफी खतरनाक हैं और सबसे अलग हैं। यहां तक कि साई सुदर्शन,बाएं हाथ का बल्लेबाज (जिन्होंने आकर्षित किया है)। लेकिन मैं तिलक वर्मा को रखूंगा, मैं जायसवाल को रखूंगा, मैं रिंकू सिंह को रखूंगा। (वे) ऐसे उम्मीदवार हैं जो वास्तव में आगे बढ़ सकते हैं रुतुराज गायकवाड़ के साथ, जो कुछ समय से हैं। शास्त्री ने निष्कर्ष निकाला, ये वे लोग हैं जो विश्व कप के करीब अपने फॉर्म के आधार पर चयन के लिए दबाव डाल सकते हैं और यह चोटों पर निर्भर करता है। यदि किसी प्रमुख खिलाड़ी को चोट लगती है, तो ये लोग सीधे टीम में आ सकते हैं।

# मैनचेस्टर सिटी ने 14 बार की विजेता रियल मैड्रिड को किया बाहर, फाइनल में इंटर से होगा मुकाबला

**मैनचेस्टर ।**
इंग्लैंड के क्लब मैनचेस्टर सिटी ने यूईएफए चैंपियंस लीग के फाइनल में अपना स्थान पक्का कर लिया है। मैनचेस्टर सिटी ने सेमीफाइनल में स्पेन के क्लब रियल मैड्रिड को हराया। सिटी ने सेमीफाइनल के दूसरे लेग में 4-0 से हराया। इससे पहले दोनों टीमों के बीच पहले लेग का मुकाबला 1-1 की बराबरी पर रहा था। इस तरह सिटी ने सेमीफाइनल को कुल 5-1 के अंतर से अपने नाम कर लिया।

फाइनल में सिटी का मुकाबला इटली के क्लब इंटर मिलान से होगा। इंटर मिलान ने सेमीफाइनल में अपने ही देश के एसी मिलान को हराया था। सिटी और इंटर के बीच खिताबी मुकाबला 10 जून को खेला जाएगा। दोनों टीमें पहली आमने-सामने होंगी। 2005 (लिवरपूल बनाम एसी मिलान) के फाइनल के बाद यह पहला अवसर होगा जब दो टीमें पहली बार सीधे फाइनल में ही खेलेंगी।

### पहले हाफ में सिटी का धमाकेदार प्रदर्शन

रियल मैड्रिड के खिलाफ मैच की बात करें तो पहले हाफ में कोच पेप गॉर्डियोला की मैनचेस्टर



सिटी ने शानदार खेल दिखाया। पहले हाफ में तो रियल को सिटी ने पूरी तरह मैच से बाहर रखा। रियल के खिलाड़ियों को समझ ही नहीं आ रहा था कि वे क्या करें। सिटी के लिए बर्नाडो सिल्वा ने 23वें और 37वें मिनट में गोल कर टीम को हाफटाइम तक 2-0 की बढ़त दिला दी।

### दूसरे हाफ में भी सिटी ने दागे दो गोल

76वें मिनट मैनुअल अकांजी ने गोल कर सिटी को 30 की बढ़त दिला दी। ऐसा लग रहा था कि सिटी के खिलाफ थक गए हैं। ऐसे में कोच पेप गॉर्डियोला ने कुछ खिलाड़ियों को बदला। उन्होंने फिल फोडेन, रियाद महरेज और जूलियन अल्वारेज को उतारा। अल्वारेज ने मैच समाप्त होने से ठीक पहले इंजरी टाइम (90+1वें मिनट) में गोल कर दिया। सिटी ने इस तरह 4-0 से मैच को अपने नाम कर लिया।

### सिल्वा ने की लियोनल मेसी के रिकॉर्ड की बराबरी

मैनचेस्टर सिटी के लिए दो या उससे अधिक गोल करने वाले बर्नाडो सिल्वा ने एक बड़ी उपलब्धि अपने नाम कर ली। सिल्वा चैंपियंस लीग के सेमीफाइनल में दो गोल करने वाले तीसरे खिलाड़ी बन गए। उन्होंने इस मामले में अर्जेंटीना के लियोनल मेसी और पोलैंड के रॉबर्ट लेवानडॉस्की की बराबरी कर ली। मेसी ने 2011 और लेवानडॉस्की ने 2013 में ऐसा किया।

### गॉर्डियोला और एंजोलोटी ने हासिल की खास उपलब्धि

मैनचेस्टर सिटी के कोच पेप गॉर्डियोला और रियल मैड्रिड के कोच कार्लो एंजोलोटी ने एक खास उपलब्धि हासिल कर ली। वह चैंपियंस लीग में 100 मैच जीतने वाले तीसरे कोच बन गए। उनसे ज्यादा मैच जीतने का रिकॉर्ड कार्लो एंजोलोटी (107) और एलेक्स फर्ग्यूसन (102) के नाम दर्ज है। दूसरी ओर, एंजोलोटी ने एक बड़ा रिकॉर्ड अपने नाम किया। वह चैंपियंस लीग में सबसे ज्यादा मैचों में कोचिंग देने वाले शख्स बन गए। एंजोलोटी का बतौर कोच यह 191वां चैंपियंस लीग मैच था। उन्होंने इस मामले में एलेक्स फर्ग्यूसन (190) को पीछे छोड़ दिया।

### सविता की अगुवाई में ऑस्ट्रेलिया से भिड़ेगी महिला हॉकी टीम, एशियाई खेलों की तैयारी के लिए पांच मैच

**एडीलेड ।** महिला हॉकी टीम की कप्तान और गोलकीपर सविता की अगुवाई में भारतीय टीम बृहस्पतिवार को ऑस्ट्रेलिया से उसके ही देश में भिड़ेगी। भारतीय टीम एशियाई खेलों की तैयारियों के लिए पांच मैचों की सीरीज खेलने चार दिन पहले ही एडीलेड पहुंच चुकी है। इस वर्ष 23 सितंबर से होने वाले हांगझोऊ एशियाई खेल भारतीय टीम के लिए महत्वपूर्ण हैं। यहां स्वर्ण जीतने पर



पेरिस ओलंपिक का टिकट मिलेगा। भारतीय टीम की विश्व रैंकिंग आठ है और ऑस्ट्रेलिया इस समय विश्व नंबर तीन है। 18, 20 और 21 मई को भारतीय टीम ऑस्ट्रेलिया की मुख्य टीम से खेलेगी, जबकि 25 व 27 मई को उसका सामना ऑस्ट्रेलिया ए से होगा। भारत ने टोक्यो ओलंपिक के क्वार्टर फाइनल में ऑस्ट्रेलिया को 1-0 से हराया था। सविता का कहना है कि टीम यहां रोजाना दिन और दूधिया रोशनी में अभ्यास कर रही है, जिससे टर्फ और यहां के माहौल से अभ्यस्त होने का मौका मिलेगा।

## अंधाधुंध ऐप डाउनलोड के खतरे



**जब** भी कोई ऐप डाउनलोड किया जाता है तो आपके स्मार्टफोन से वह कई जानकारियों की तलाश में रहता है। इस जानकारी तक पहुंचने के लिए वह आपसे इजाजत मांगता है और आप उसकी इजाजत दे देते हैं। ऐसा शायद कभी नहीं हुआ होगा कि परमिशन लिस्ट देखकर आपने ऐप को डाउनलोड नहीं करने के बारे में सोचा होगा।

ऐप और मोबाइल कॉमर्स कंपनियों ने इस पूरी प्रक्रिया में अपने लिए बिजनेस का मौका ढूंढ निकाला है। एक बार जब आप खरीदारी करने की तैयारी करते हैं तो आपका ईमेल, मोबाइल ई-कॉमर्स कंपनी के पास होता है। जब आपकी खरीदारी पूरी हो जाती है तो क्रेडिट या डेबिट कार्ड के बारे में भी जानकारी ई-कॉमर्स कंपनी के पास होती है। इसीलिए उन्हें आप पर नजर रखने में और आपकी पसंद समझने में आसानी होती है। उसी तरह ऐप को भी जब आप डाउनलोड करते हैं तो आपका फोन नंबर, ईमेल और अक्सर आपके फोन में सभी नंबरों के बारे में उसके पास जानकारी होती है। अगर आपने किसी भी वेबसाइट के ऐप को डाउनलोड कर लिया है तो उस ऐप को स्मार्टफोन से जानकारी लेने की इजाजत जरूर दी होगी। जो भी एसएमएस आपके स्मार्टफोन पर आता है ऐप उसको पढ़ सकता है। तो अगर आपने फ्लिपकार्ट के ऐप को डाउनलोड किया है और कभी अमेजन से सामान खरीदा है तो फ्लिपकार्ट तक उसकी खबर जरूर पहुंच जाएगी। जब भी आप अपने स्मार्टफोन या टैबलेट पर कुछ खरीदने के लिए ढूंढ रहे होते हैं तो एक विशेष सॉफ्टवेयर आपकी पसंद पर पैनी नजर रखता है। आपकी डिवाइस के इंटरनेट प्रोटोकॉल एड्रेस से वेबसाइट को आपके पहले की पसंदों के बारे में भी पता होता है और उस जानकारी के हिसाब से वेबसाइट आपको वैसे ही सामान दिखाता है। अगर आपके बैंक से जुड़े एसएमएस भी उसी स्मार्टफोन पर आते हैं तो ऐप के पास ये भी जानकारी पहुंच सकती है कि आपके बैंक में कितने पैसे हैं। चूंकि ये सभी ऐप आपके बारे में जानकारी इकट्ठा करते रहते हैं इसलिए थोड़े दिन में उन्हें यह भी पता लग जाएगा कि बैंक में हर महीने आपके कितने पैसे आते हैं और, अक्सर, कितने पैसे आपके बैंक में रहते हैं।

# अपनाएं मलमल, सॉफ्ट कॉटन और जूट...

मौसम है गर्मी का तो कपड़े भी होने चाहिए उसके अनकूल। इस मौसम में भारी और सजावटी सिल्क व ब्रोकेड के परिधानों से दूरी बनाएं और अपनाएं मलमल, सॉफ्ट कॉटन और जूट के परिधान।

### नेचुरल फाइबर



गर्मी में नेचुरल फाइबर से बने कॉटन और जूट के परिधानों से बेहतर कुछ भी नहीं। ये त्वचा को सांस लेने में मदद करते हैं। साथ ही गर्मी के कारण त्वचा पर चकत्ते पड़ने और एलर्जी होने की समस्या से भी मुक्ति दिलाते हैं। गर्मी के मौसम में सिंथेटिक परिधानों से बचना चाहिए। चिकन के कपड़े भी गर्मी के लिहाज से अच्छे हैं। वहीं चिकनकारी के काम से सजे परिधान भव्य भी लगते हैं। गोसामर क्वालिटी चिकन आपको कई तरीके से कूल रखता है।

### स्लीवलेस स्टाइल

एथनिक व पांपरिक कढ़ाई से सजी स्लीवलेस चोली भी है गर्मी के फैशन का हिस्सा। उसके संग चुनें एथनिक लुक वाली साड़ी और आप लगेंगी बेहद सुंदर।



### इन कलर्स से बनेगी बात

यह माना जाता है कि गर्मी में हल्के और पेस्टल कलर अच्छे लगते हैं, पर ब्राइट कलर्स का चुनाव भी है एक अच्छा आइडिया। ब्राइट रेड, फ्यूशिया, लीफ ग्रीन, कनारी यलो, ऑरेन्ज और पिंक कलर से बनेगी बात।

### फ्लोरल प्रिंट

शार्ट स्कर्ट और शार्ट्स पहनने का यही है मौसम। उनके साथ मैच करें स्ट्रैपी ब्लाउज। इस तरह बन जाएगा आपका कूल फैशन स्टेटमेंट। फ्लोरल प्रिंट में डेलीकेट और फ्लोइंग ड्रेस भी गर्मी के इस मौसम में अच्छी लगेंगी। प्लेफुल वाटरकलर प्रिंट्स भी गर्मी में लगते हैं बेहतरीन।

### डेनिम के साथ मैच करें

डेनिम के साथ मैच करें फ्रूटी शेड्स में फिटिंग के टॉप। इसके अलावा खूबसूरत पारंपरिक रंगों में एथनिक कुर्ती भी डेनिम के साथ स्मार्ट लुक देगी। आप खूबसूरत लेस वाले टॉप भी चुन सकती हैं।

### ईवनिंग वेयर

पार्टी के लिए स्टाइल और खूबसूरत रंगों से करें अपने ड्रेसिंग सेंस को कंप्लीट। कूल टीशर्ट के साथ विंटेज जींस, लिनेन शॉर्ट्स के साथ फ्लोरल प्रिंट्स, मुसलिन की झीनी शर्ट्स के साथ जूट की पैंट्स आपको मौसम के अनुकूल कूल लुक देगी।



# अब सस्ते लैपटॉप का दौर...

**तकनीकी** विकास के साथ ही गैजेट्स की कीमत भी कम होती जा रही हैं। स्मार्टफोन हों या लैपटॉप कंपनियां, सभी अपने उत्पादों की कीमतें काफी कम कर ज्यादा से ज्यादा बाजार में कब्जा जमाना चाहती हैं। देश में स्मार्टफोन के बढ़ती डिमांड और लैपटॉप की ओर कम होते आकर्षण के बीच कंपनियां नए स्मार्ट प्रोडक्ट लेकर आ रही हैं। कंपनियों का फोकस अब ऐसी डिवाइसेज पर है, जिसमें स्टूडेंट, हाउसवाइफ या सीनियर सिटीजंस के लिए टैबलेट और स्मार्टफोन की तरह सोशल मीडिया या गेमिंग फीचर्स तो हों, साथ ही लैपटॉप की तरह हैवी सॉफ्टवेयर्स भी रन किए जा सकें।

### माइक्रोमैक्स लैपबुक

स्मार्टफोन निर्माता कंपनी माइक्रोमैक्स ने पिछले साल अपना लैपटॉप कैनवास लैपबुक लॉन्च किया था। इस लैपटॉप की कीमत 13,999 रुपए है। लैपबुक विंडोज 10 ऑपरेटिंग सिस्टम पर चलता है। अगर इस लैपटॉप के फीचर्स के बारे में बात करें तो इसमें 11.6-इंच की एचडी आईपीएस डिस्प्ले दी गई है। यह 1.83गीगाहर्ट्ज क्वाड-कोर इंटल एटम प्रोसेसर से लैस है। इसके साथ ही इसमें 32जीबी की इंटरनल स्टोरेज भी दी गई है जिसे माइक्रो-एसडी कार्ड के जरिए 64जीबी तक बढ़ाया जा सकता है। इस लैपटॉप में 5000एमएएच की बैटरी दी गई है।

### लावा हाइब्रिड ट्विनपैड



भारतीय मोबाइल कंपनी लावा ने हाइब्रिड ट्विनपैड टू-इन-वन लैपटॉप-टैबलेट लॉन्च किया है। सिंगल सिम सपोर्ट से लैस लावा की यह नई डिवाइस विंडोज 10 पर चलती है। इसकी कीमत कंपनी ने 15,999 रुपए रखी है। कंपनी के मुताबिक इस टैबलेट को खासकर छात्रों और पेशेवर लोगों को ध्यान में रखते हुए बनाया गया है। इसमें 10.1 इंच का डब्ल्यूएक्सजीए आईपीएस डिस्पले है। इस डिवाइस में बाइडायरेक्शनल (दोनों तरफ) स्क्रीन है जिसे जरूरत के हिसाब से आगे और पीछे किया जा सकता है। लावा के इस ट्विनपैड में 1.3 गीगाहर्ट्ज पर चलने वाल क्वॉड-कोर इंटेल प्रोसेसर है। इसमें 2 जीबी रैम है साथ ही 32 जीबी की इनबिल्ट स्टोरेज है जिसे माइक्रोएसडी कार्ड से 64 जीबी तक बढ़ाया जा सकता है।

### डेटाविंड ड्रॉयडसर्फर

मोबाइल निर्माता कंपनी डेटाविंड ने बाजार में अपने दो नए मिनी लैपटॉप ड्रॉयडसर्फर 10 और ड्रॉयडसर्फर 7 पेश किए हैं। कंपनी ने ड्रॉयडसर्फर 10 की कीमत 7,999 रुपए और ड्रॉयडसर्फर 7 की कीमत 5,999 रुपए रखी है। डेटाविंड ड्रॉयडसर्फर 10 लैपटॉप के फीचर्स के बारे में बात करें तो इसमें 10-इंच की डिस्प्ले मौजूद है। यह 1.2गीगाहर्ट्ज डुअल-कोर कॉर्टेक्स-9 प्रोसेसर और 1जीबी रैम से लैस है। इसमें 8जीबी की इंटरनल स्टोरेज दी गई है, जिसे माइक्रो-एसडी कार्ड के जरिए बढ़ाया जा सकता है। इसमें 0.3 मेगापिक्सल का फ्रंट फेसिंग कैमरा भी है और यह 6000एमएएच की बैटरी से लैस है।

### आसुस एक्स 205टीए



विंडोज 10 पर चलने वाला आसुस एक्स 205टीए भी सस्ते लैपटॉप का बेहतर विकल्प है। इस लैपटॉप में आपको 11.6 इंच की स्क्रीन दी गई है। इसमें बे ट्रेल जेड 3735 एफ प्रोसेसर दिया गया है। मैमोरी के लिए इसमें 2 जीबी की डीडीआर रैम दी गई है। इसकी इंटर्नल मैमोरी 32 जीबी की है। इसकी कीमत 15990 रुपए है।

### स्वाइप थ्रीजी टूइनवन



यह एक सस्ता लैपटॉप विकल्प है। इसमें कंपनी ने कीपैड से अलग होने वाली डिटैचेबल स्क्रीन दी है। यह लैपटॉप विंडोज 10 ऑपरेटिंग सिस्टम पर रन करता है। इसमें 2 जीबी की डीडीआर रैम दी गई है। वहीं 32 जीबी की इंटर्नल स्टोरेज दी गई है। इसमें इंटेल एटम बेट्रेल क्वाडकोर प्रोसेसर दिया गया है। इसकी कीमत 13990 रुपए है।

### आईबॉल के सस्ते लेपटॉप



आईबॉल कंपनी ने एक सस्ता लैपटॉप लॉन्च किया है जो स्मार्टफोन की कीमत से भी कम में मिल रहा है। आईबॉल कंपनी द्वारा इंटेल और माइक्रोसॉफ्ट के साथ जुड़कर कॉम्पबुक ब्रांड वाले सस्ते लैपटॉप को बाजार में उतारा गया है। इनकी कीमत 9,999 रुपए से शुरू होती है। कंपनी द्वारा की गई घोषणा के मुताबिक आईबॉल कॉम्पबुक के दो मॉडल हैं। पहला बेसिक मॉडल एक्सीलेंस है जिसमें 11.6 इंच की स्क्रीन दी गई है, जबकि दूसरे एग्जेंप्लेयर मॉडल में 14 इंच की स्क्रीन दी गई है। एक्सीलेंस की कीमत 9,999 रुपए और एग्जेंप्लेयर की 13,999 रुपए रखी गई है। इसका वजन 1.1 किलोग्राम है। दोनों ही मॉडल्स में माइक्रोसॉफ्ट विंडोज 10 ऑपरेटिंग सिस्टम दिया गया है, जबकि इनमें 1.83 गीगाहर्ट्ज का इंटेल क्वॉडकोर प्रोसेसर, 2 जीबी रैम और 32 जीबी इंटर्नल स्टोरेज दिया गया है। माइक्रो एसडी कार्ड के जरिए इसकी मेमोरी को 64 जीबी तक बढ़ाया जा सकता है। इस लैपटॉप की सबसे अच्छी बात इसकी 10,000 एमएएच क्षमता वाली बैटरी है जो करीब साढ़े आठ घंटों तक काम करने का मौका देती है। इसके अलावा सामान्य लैपटॉप की ही तरह इसमें वाईफाई, ब्लूटूथ, एचडीएमआई पोर्ट, दो यूएसबी पोर्ट, डबल स्पीकर, 3.5 एमएम जैक आदि दिया गया है।

# ये हैं महिलाओं के बॉडीगार्ड...

महिलाओं की सुरक्षा सबसे ऊपर है। इस प्राथमिकता को देखते हुए टेक्नोलॉजी की दुनिया ने भी प्ले स्टोर में महिलाओं की सुरक्षा के लिए कई बेहतर एप्स को डिजायन कर उतारा है और इनकी सुरक्षा सुनिश्चित की है। ये एप्स महिलाओं के साथ बॉडीगार्ड के भांति हैं जो इमरजेंसी में उनकी मदद को तैयार हैं। ये एप्स इमरजेंसी अलर्ट व जीपीएस से लैस हैं।

### सेफ्टीपिन



महिलाओं के लिए सेफ्टी एप्स में सेफ्टीपिन अच्छा ऑप्शन है। इस एप को महिलाओं की व्यक्तिगत सुरक्षा को ध्यान में रख डिजायन किया गया है। इसमें सभी जरूरी फीचर्स जैसे- जीपीएस ट्रैकिंग, इमरजेंसी कंटैक्ट नंबर्स, सुरक्षित स्थानों के लिए डायरेक्शंस आदि मौजूद हैं। इसमें सुरक्षित और असुरक्षित जगहें पिन (चिह्नित) की गई हैं। इसकी मदद से उन सुरक्षित जगहों को पिन किया जा सकता है जहां इमरजेंसी में जाया जा सके। साथ ही इसमें असुरक्षित जगहों को पिन किया जा सकता है ताकि अन्य लोगों को भी आगाह किया जा सके। यह एप हिंदी और अंग्रेजी के अलावा स्पैनिश जैसी भाषाओं में भी उपलब्ध है। इसे फ्री डाउनलोड किया जा सकता है।

### वुमन सेफ्टी

यदि आप किसी असुरक्षित जगह में हैं तो यह एप आपके परिजन को सूचना देकर अपडेट करेगा। मात्र एक बटन के टैप से यह आपके लोकेशन संबंधित विवरण को परिजनों तक भेज देगा। इस एप के जरिए प्रीकंफिगर किए गए नंबर पर गूगल मैप्स के लिंक और आपका लोकेशन एसएमएस के जरिए परिजन तक पहुंच जाएगा। यह एप रियर व फ्रंट कैमरे से दो तस्वीरें भी क्लिक कर भेजेगा जो सर्वर पर अपलोड हो जाएगा। इस एप में तीन रंगों के बटन लगे हैं जो परिस्थति की गंभीरता को बताते हैं। हालात की गंभीरता पर आधारित हैं। इससे आप परिस्थितियों के आधार पर बटन की मदद ले सकते हैं।

### स्मार्ट 24×7

महिलाओं व वरिष्ठ नागरिकों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए स्मार्ट 24×7 एप को विभिन्न राज्यों की पुलिस ने सपोर्ट किया है। यह एप इमरजेंसी कंटैक्टस को अलर्ट भेजता है। फोटो लेने के साथ इस एप के जरिए वॉयस भी रिकार्ड कर भेज सकते हैं। यह एप परिजनों के साथ पुलिस को भी सूचित करता है। इसके साथ कॉल सेंटर सपोर्ट भी है, जो यूजर की प्राइमरी मूवमेंट्स को ट्रैक करता है। यूजर को बस पैनिक बटन टैप कर वांछित सर्विस की जरूरत बतानी होगी।




### बीसेफ एप

बीसेफ एप से कॉन्टैक्ट्स जीपीएस के जरिए पता लगा सकते हैं कि आप कहां हैं। अगर आपने तय समय के अंदर अलार्म ऑफ नहीं किया तो वह बजने लगेगा। आप फेक कॉल के जरिए अपने फोन को रिंक करवा सकते हैं या फिर विडियो, सायरन और लोकेशन के जरिए अपने कॉन्टैक्ट्स को अलर्ट कर सकते हैं। इसके अलावा इसमें एक गार्डियन अलर्ट बटन भी है, जो मुश्किल हालात में फंसने पर तुरंत आपके परिजनों या दोस्तों को जीपीएस लोकेशन और वीडियो भेज देता है।

### शेक टू सेफ्टी

शेक टू सेफ्टी एप का उपयोग काफी आसान है। यूजर को बस अपने स्मार्टफोन को हिलाने या पावर बटन को चार बार प्रेस करना होगा और रजिस्टर्ड नंबर को स्हस टेक्सट या कॉल चला जाएगा। मजे की बात यह है कि बिना इंटरनेट कनेक्शन व लॉक्ड स्क्रीन पर भी यह काम करता है। आप अलर्ट भेजने के लिए शेक करने के ऑप्शन को एक्टिवेट और डिएक्टिवेट भी कर सकते हैं। इस एप का इस्तेमाल छेड़छाड़, लूट, आपदाओं और एक्सीडेंट के समय भी किया जा सकता है।

### रक्षा वुमन सेफ्टी




महिलाओं की सुरक्षा सुनिश्चित करते हुए इस एप को डिजायन किया गया है। इस एप में ऐसा बटन लगाया गया है जो बुरी परिस्थिति में फंसे होने पर आपके परिजन को अलर्ट भेजेगा। आप कंटैक्ट को सेलेक्ट कर सकते हैं जो आपके लोकेशन को देख सकते हैं। यदि यह एप स्विच ऑफ है और काम नहीं कर रहा तो तीन सेकेंड के लिए वॉल्यूम की को प्रेस कर अलर्ट भेज सकते हैं। इस एप की खास बात यह है कि इसमें एसओएस फंक्शन भी है, जिससे आप बिना इंटरनेट वाले एरिया में फंस जाने पर मैसेज भेज सकते हैं।

### विथ यू एप

बुरी परिस्थिति में नंबर डायल करने का किसी के पास समय नहीं होता। विथ यू एप के लिए पावर बटन को दो बार प्रेस करना होगा इससे कंटैक्ट्स को एसओएस अलर्ट मिलेंगे। अलर्ट मैसेजेस को प्रतयेक दो मिनट के अंतराल पर लिस्टेड कंटैक्ट्स् को भेजा जाएगा जिसमें आपके फिजिकल लोकेशन की जानकारी भी होगी।

# स्टाइलिश पेंटेड का क्रेज...



स्टाइलिश लुक के लिए हमेशा नए की तलाश में रहने वाली महिलाओं के बीच स्टाइलिश पेंडेट्स का खासा क्रेज है। गर्ल्स की यह चाहत पूरी हो रही है ज्वैलरी व गिफ्ट शॉप्स में, जहा मौजूद है पेंडेट्स की ढेरों नई वैरायटीज।

### व्हाइट मेटल पेंडेट

व्हाइट मेटल पेंडेट आपको हर डिजाइन व शेप में मिल जाएंगे, लेकिन आप पर कैसा फबेगा, यह ड्रेस पर भी निर्भर करेगा। व्हाइट पेंडेट आप थ्रेड चेन में पहन सकती है। सफेद चमकदार होने के कारण इसका अलग ही लुक आता है।

### जंक पेंडेट

इस समय जंक पेंडेट अपने डल और सोबर कलर से महिलाओं को खूब लुभा रहे है। कापर के ब्राउन, ब्लैक और यलो जैसे शेड्स के पेंडेट अट्रैक्टिव लुक देते है। इन पेंडेट को डिफरेंट लुक देने के लिए कॉपर चेन या मोती की माला का इस्तेमाल भी किया जा सकता है।

### ब्लैक मेटल पेंडेट

इन पेंडेट की विशेषता है कि यह हर तरह की चेन पर फिट हो जाते है। इन्हें स्टाइलिश लुक देने के लिए इनमें कई चेन डाल कर भी पहना जा सकता है। यह डिफरेट शेप व हर साइज में अच्छे लगते है।



### बीड एंड पर्ल पेंडेट

मॉर्केट में लार्ज सिंगल बीड और क्रिस्टल बॉल वाले पेंडेट भी यूनीक स्टाइल में उपलब्ध है। बीड एंड पर्ल पेंडेट जींस टॉप और सलवार सूट पर परफेक्ट लगते है। इनको डिफरेट लुक देती है अटैच मोती व क्रिस्टल की माला। भारी-भरकम ज्वैलरी को दरकिनार कर सिंपल व गार्जियस लुक चाहती है तो पेंडेट्स बेहतर विकल्प हो सकते है।

## खास लुक देते हैं एलीगेंट बैंड्स...



**स्लीक** प्लैटिनम बैंड आपके लुक को खास बना सकता है। मौका चाहे किसी की शादी का हो, पार्टी का हो या किसी पारंपरिक पर्व का इन अवसरों के लिए आप अपने परिधानों से मेल खाते बैंड का चयन कर सकती हैं। अपने लुक में ग्लैमर ऐड करना चाहती हैं, तो बैंड एक बेहतरीन विकल्प है। यह बेहद क्लासी लगता है और इसे कैरी करना भी आसान होता है।

### विभिन्न प्रकार

इन दिनों कई तरह के बैंड्स चलन में हैं, लेकिन सबसे ज्यादा पसंद किए जा रहे हैं लो हाइट वाले प्लैटिनम और गोल्ड बैंड्स। कॉलेज के युवा फंकी बैंड्स पहनना पसंद करते हैं। साथ ही कम हाइट वाले सिंपल गोल्ड बैंड्स भी उन्हें पसंद आते हैं।

### स्टडेड बैंड

जरूरी नहीं है कि आप बैंड पहनने के लिए अपनी एन्गेजमेंट का इंतजार करें। कॉकटेल पार्टी, मैरिज पार्टी जैसे अवसरों पर भी बैंड आपके लुक का आकर्षण कई गुना बढा सकता है। अगर आप प्रयोगधर्मी हैं तो स्टडेड बैंड भी पहन सकते हैं।

### सावधानी है जरूरी

अगर गोल्ड बैंड खरीद रहे हैं तो यह सुनिश्चित कर लें कि वह हॉलमार्क प्रमाणित है या नहीं। डायमंड स्टडेड बैंड खरीदने से पहले यह जांच लें कि वह ट्रिपल सी (कलर, कट, क्लैरिटी) मानकों पर खरा उतर रहा हो।

# सेहत के साथ किया खिलवाड़, तो हो सकती है बीमारी

बीमारियां आते-जाते मौसम के साथ लगी ही रहती हैं। जिसके पीछे कमजोर इम्युनिटी और पॉल्युशन जैसी कई समस्याएं हो सकती हैं। इन्हें मौसमी या छोटा समझकर अनदेखा करना बहुत भारी पड़ सकता है। किसी बड़ी बीमारी के होने के पीछे यही लापरवाही होती है। जानते हैं ऐसी ही कुछ बीमारियों के बारे में...

### वजन कम होना

एकदम से वजन कम होने पर भले किसी को अच्छा लगे कि बिना किसी मेहनत के वजन घटा लिया। लेकिन ये इशारा करता है कि बॉडी के साथ जरूर कुछ गलत हो रहा है। इसका कारण बहुत ज्यादा काम, खाने की बदलती आदतें हो सकती हैं जो लंबे समय में कई बीमारियों जैसे थॉयरॉइड आदि की वजह बनती हैं।

### गले में समस्या

वैसे तो ये समस्या दांतों या टॉन्सिल के कारण हो सकती है। लेकिन इनडाइजेशन के कारण कई बार ऐसे एसिड्स पैदा होते हैं जो गले वाले भाग में दर्द पैदा करते हैं। इसके अलावा हार्ट में ऑक्सीजन की कमी के कारण भी छाती, गले और जबड़ों में दर्द होता है, जिसे अनदेखा करना बड़ी बीमारियों को बुलावा देना हो सकता है। इसलिए मुंह में दर्द को लेकर हो रहे बदलाव को गंभीरता से लें।

### नाखूनों में बदलाव

नाखून भी आंखों जैसे होते हैं जो हमारी सेहत के बारे में बहुत कुछ बताते हैं। इनसे एनीमिया या किसी भी तरह की बीमारी का आसानी से पता चल सकता है। नाखूनों में खून के छोटे- छोटे क्लॉट ब्लड इन्फेक्शन की ओर इशारा करते हैं। इसी तरह काले या भूरे रंग के धब्बे स्किन कैंसर का भी कारण हो सकते हैं। इसलिए नाखूनों को सिर्फ मैल से पटे हैं, सोचकर अनदेखा न करें।

### झुनझुनी होना

ये बहुत ही सामान्य सी बात है और रूमेटॉयड आर्थराइटिस में ये आम समस्या होती है। इसमें अंगुलियों के पोरों या कई बार गर्दन व उससे नीचे के हिस्से में झुनझुनाहट महसूस होती है। इसके अलावा ये डायबिटीज, विटामिन बी 12 की कमी, थॉयरॉइड, कार्पल टन सिंड्रोम जैसी बीमारियों का संकेत होती है। कभी-कभी यह झुनझुनाहट बढ़कर शरीर को सुन्न भी कर देती है।

### थकान

थोड़े काम के बाद ही थकान महसूस हो तो ये इशारा है कि बॉडी में न्यूट्रिशन की कमी हो रही है। वहीं एनीमिया, विटामिन डी की कमी, थॉयरॉइड के कारण भी थकान जल्द महसूस होने लगती है। हार्ट व फेफड़ों की समस्या के कारण जब मांसपेशियों को ऑक्सीजन पूर्ण रूप से नहीं मिलता तो भी इसकी शिकायत होती है।

मुद्रक एवं प्रकाशक राकेश शर्मा द्वारा अजय त्यागी के लिए पी.जी. इंडिया लिमिटेड एमआईई, कालापहाड़, गुवाहाटी-16 से मुद्रित एवं **गुड लक पब्लिकेशंस, हाउस नं. 30, डी. नेउग पथ, डोना प्लैनेट के नजदीक, एबीसी, जीएस रोड गुवाहाटी-5 से प्रकाशित।**
**संपादक : राकेश शर्मा,** मोबाइल : 94350-14771, 97070-14771 ● **कार्यकारी संपादक : डॉ. आसमां बेगम ● फोन : 0361-2960054 ( संपादकीय )** e-mail : viksitbharatsamacharghy@gmail.com, **( सभी विवाद सिर्फ गुवाहाटी न्याय क्षेत्र के अधीन )**